खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

हल्द्वानी, शनिवार 10 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 136 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित: राहुल गांधी पेज 2



पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर खेल टाइम्स





वाई क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं सम्पादकीय



खामेनेई ने दी ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत पेज 12

# बांग्लादेश हिंसा पर भारत की दो टूक

## विदेश मंत्रालय ने कहा: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न निंदनीय, खतरे में सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर चिंता जताई।

जायसवाल ने कहा कि हम लगातार देख रहे हैं कि चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। यह चिंताजनक सिलसिला है। ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं से तत्काल और सख्ती से निपटना जरूरी है। ऐसी घटनाओं को व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता, राजनीतिक मतभेद या बाहरी कारणों से जोड़ने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। इस तरह की अनदेखी अपराधियों को और भी बेखौफ बनाती है और अल्पसंख्यकों के बीच खौफ और असुरक्षा की भावना को और गहरा करती है। अमेरिकी संसद में रूसी तेल की खरीद को लेकर 500 फीसदी टैरिफ का प्रावधान करने वाले विधेयक को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। हम प्रस्तावित विधेयक से अवगत हैं। हम घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों के व्यापक मुद्दे पर हमारा रुख सर्वविदित है। इस प्रयास में हम वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों दोनों से अवगत हैं कि इन्हें पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध हो। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की।



- अमेरिकी संसद में पेश बिल पर भी प्रतिक्रिया दी
- शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर जताया विरोध

# देश की आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-आईईडी और आंतरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी आपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं। एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में एनएसजी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है।



- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से संभव एक फरवरी को बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो सकता है। केंद्रीय बजट एक फरवरी, रविवार को पेश किया जा सकता है। संसद के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संभावित कार्यक्रम संसदीय मामलों की कैबिनेट कमिटी ने बनाया है। इसके अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है। दोनों सदन 29 जनवरी को नहीं मिलेंगे, क्योंकि उसी दिन बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित होगा। संसद में 30 जनवरी को बैठक करेगी। उस दिन इकानॉमिक सर्वे पेश किया जा सकता है।

### हिमाचल में बस दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 12 लोगों की मौत

**नाहन।** हिमाचल के सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 45 लोग सवार थे।

### लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** आगामी बिहार चुनाव के बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय हो गए। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, धारा 120 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय कर दिए हैं।

### गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में सात भूकंप आए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे, जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई शर्मिला टैगोर के वकील को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया। उनके वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते।

दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या उस कुत्ते को हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर भी ले जाया गया है? सड़कों पर रहने वाले कुत्तों में अक्सर कीड़े-मकोड़े होते हैं और हॉस्पिटल में ऐसे संक्रमित कुत्तों की मौजूदगी से भयावह स्थिति हो सकती है। क्या आपको इसकी समझ है? हम आपको इस बहस की वास्तविकता से अवगत कराएंगे। आप सच्चाई से बिल्कुल परे हैं और हॉस्पिटल में ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें। वहीं ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल (एसीजीएस) संस्था की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले से मौजूद हैं, इसलिए कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद ने दखल नहीं दिया है, तो अदालत भी इसमें न आए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं, लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए। सिंघवी ने अरावली केस का उदाहरण दिया, जहां पहले बनी समिति में ज्यादातर अफसर थे एक्सपर्ट नहीं। इसी वजह से उस फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर 2025 को अरावली पहाड़ियों को लेकर फैसला सुनाया था। उसके अनुसार 100 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही 'अरावली हिल्स' माना जाना था। 29 दिसम्बर 2025 को कोर्ट ने अपने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि पहले एक्सपर्ट राय -शेष पृष्ठ दो पर

याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का किया विरोध



कहा: सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते, दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से है, कभी किसी को नहीं काटा

# चर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण में होगी CBI जांच

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने की संस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की संस्तुति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी के साथ हुई इस अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और ट्रायल के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी। एसआईटी द्वारा गहन विवेचना के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई और निचली -शेष पृष्ठ दो पर



फाइल फोटो

- स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने लिया फैसला

# नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी: शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है।

थरूर ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता। थरूर केरल विधानसभा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।

- कहा: लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में जादवपुर से हाजरा क्रॉसिंग तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोंगे, तो छोड़ूंगी नहीं: ममता

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प. बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई हैं। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा कि कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है, तो मैं छोड़ती नहीं हूं। इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

- ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की
- कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ व हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाली

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई। ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोलकाता के पास साल्ट लेक इलाके से पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने धमकी क्यों दी और इसके पीछे क्या साजिश हो सकती है।

# सिर्फ एक कॉल की वजह से अटका व्यापार समझौता

वाशिंगटन, वार्ता

**डोनाल्ड ट्रम्प** ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभाला है, तब से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी है। इसी के साथ हालिया टिप्पणी में इस भार को और बढ़ाने की आशंका जताई है।

भारत के साथ चल रहे ट्रम्प के रिश्तों के बीच अब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत- अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप न दिए जाने के कारण पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात नहीं की। उन्होंने दावे के साथ कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से ट्रम्प को फोन न करने के कारण यह समझौता अटका हुआ है। हावर्ड लुटनिक ने साफ कहा कि ट्रेड डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं, बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। ऑल-इन पॉडकास्ट में बोलते हुए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने दावा किया कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी। बकौल लुटनिक भारत सरकार इसके लिए सहज नहीं थी और आखिरकार यह कॉल नहीं की गई, जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। इंटरव्यू में लुटनिक ने कहा कि चलिए साफ कर देता हूं, यह उनकी (ट्रम्प) डील थी, वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सब कुछ करते हैं। सब कुछ पहले से तय था, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज महसूस कर रहे थे। पीएम मोदी ने फोन नहीं किया, इसलिए सौदा नहीं हुआ।



- अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक विजय सिंह गौड़ पंचतत्व में विलीन हुए

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में विधान सभा क्षेत्र दुद्धी के दिवंगत विधायक विजय सिंह गोंड़ की अंत्येष्टि गमगीन माहौल के बीच शुक्रवार को गोंड़ीय आदिवासी परंपरा के अनुसार दी गई। उक्त परंपरा में शव को दफनाने का रिवाज है। लंबी बीमारी के बाद विधायक विजय सिंह गोंड़ ने एसजी पीजीआई लखनऊ में गुरुवार को अंतिम सांस ली थी। गोंड़ का पार्थिव शरीर गुरुवार को देर रात उनके दुद्धी स्थित आवास पर पहुंचा, जहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे। आदिवासी नेता का शव शुक्रवार को उनके आवास पर आमजनता के दर्शनार्थ रखा गया जहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा आमजनता के साथ ही जिलाधिकारी बीएन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कीया। दिवंगत नेता को प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी पेश किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### रात्रि गश्त के दौरान फिसल जाने से एक सैनिक की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तैनात हरियाणा के एक सैन्य कर्मी की रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान फिसलकर गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ शीरी कैंप में तैनात सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स का जवान घटना के बाद बेहोश हो गया और उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामूला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की चिकित्सा-विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सियासी दलों ने की बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज

## उप्र में मतदाता सूची से 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद राजनीतिक दलों ने सक्रियता बढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद राज्य में सियासी दलों ने बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज कर दी है।

मसौदा सूची में 2.89 करोड़ नाम हटाए जाने के बाद एक माह की दावे एवं आपत्तियां (क्लेम्स एंड ऑब्जेक्शंस) अवधि के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा है। यह अवधि छह फरवरी तक चलेगी। अधिकारियों की मानें, तो इस प्रक्रिया में विशेष रूप से उन नए युवा मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिन्होंने एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है। इसके अलावा वे मतदाता जिनके नाम दस्तावेजों की कमी, अनमैप्ड स्थिति या गणना के दौरान बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को अनुपस्थित या अप्राप्य पाए जाने के कारण हटाए गए थे, उन्हें भी दोबारा जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मतदाता नामांकन के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने अन्य दलों पर स्पष्ट बढ़त बना ली है। भाजपा ने अब तक 1121 आवे. दन जमा किए हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने 26 और बहुजन समाज पार्टी ने केवल 19 आवेदन दिए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों और घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी इस फॉर्म के जरिए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रतिदिन 10 फॉर्म तक जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी तक इन दावों और आपत्तियों की सुनवाई और सत्यापन किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने उन पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर पूरी मशीनरी सक्रिय कर दी है, जिनके नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हो पाए। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की प्रतियां दी गई हैं और सभी मोर्चो व प्रकोष्ठों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ के साथ समन्वय कर सूची की समीक्षा करें। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 मतदाताओं के नाम जुड़वाने का लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पिछले महीने पार्टी की एक बैठक में लापता मतदाताओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने 14 दिसम्बर को कहा था कि ये आपके विरोधियों के मतदाता नहीं हैं, इनमें से 85 से 90 प्रतिशत हमारे मतदाता हैं।

# नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा यमुना में पांच सीवरेज परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

जल शक्ति मंत्रालय ने नमामि गंगे मिशन चरण-दो के तहत गंगा और यमुना नदियों की सफाई के क्रम में पांच प्रमुख सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पांच सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संचालन को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे कई राज्यों में प्रदूषण उन्मूलन और नदी कायाकल्प प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

गंगा सफाई की योजनाओं के तहत शुरु की गई इन परियोजनाओं पर मंत्रालय का कहना है कि वित्त वर्ष के दौरान अब तक प्रमुख शहरी केंद्रों में सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाते हुए 9 परियोजनाएं चालू की गई हैं। दूसरी तमाही तक जिन परियोजनाओं का संचालन हुआ है, उनमें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के साथ ही पश्चिम बंगाल के महेशतला और जंगीपुर शामिल है। मंत्रालय का कहना है कि नमामी गंगे मिशन के तहत इन 5 परियोजनाओं के चालू होने के साथ ही शुरू की गई कुल एसटीपी क्षमता 3,976 एमएलडी तक पहुंच गई है और चालू सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कुल संख्या अब 173 हो गई है। ये उपलब्धियां अनुपचारित सीवेज को नदियों में डालने से रोकने और शहरी स्वच्छता बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मिशन के उद्देश्य का परिणाम है।

# विशाखा कमेटी की जांच में डा. रमीज दोषी, निष्कासन की सिफारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सामने आए लव जिहाद के मामले में विशाखा कमेटी ने रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक को दोषी पाया है। कमेटी की जांच में फिजिकल, इमोशनल और मेंटल हरासमेंट के आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है और उसके निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रेस कांफ्रेस में विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉक्टर रमीज उद्दीन अभी निलंबित चल रहे हैं। कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। सोनिया नित्यानंद ने कहा कि विवि में नीट के जरिए एमबीबीएस में प्रवेश होता है। यह प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसलिए रमीज के निष्कासन की संस्तुति उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से की है।

विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरएस कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान रमीज एक बार कमेटी के सामने उपस्थित हुआ, लेकिन इसके बाद उसका मोबा. इल फोन लगातार स्विच ऑफ जाने लगा। रमीज के पिता ने कमेटी के समक्ष दावा किया कि उनका बेटा शादीशुदा नहीं है। इस दावे की पुष्टि के लिए कमेटी ने हलफनामा मांगा, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं किया गया। चीफ प्रॉक्टर सुरेश कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता की सुरक्षा को देखते हुए 23 तारीख को उसे हॉस्टल में रहने का अनुरोध किया गया था। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त गार्ड भी तैनात किए गए थे। पहले तो दो दिन छात्रा के पिता ने भी शिकायत नहीं दर्ज कराई थी।

## भाजपा सरकार हर दिन कुचल रही आम लोगों की जिंदगी: राहुल गांधी

# देशभर में लोग भ्रष्टाचार वा अन्याय से पीड़ित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देशभर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह की

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की झांकी बनाने के नाम पर हुए भ्रष्टाचार पर माफी मांगे भाजपा: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए आरा. ेप लगाया है कि उसके शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की 'डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार' का प्रतीक बन गई है।

गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देश भर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरक. ारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिफ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है। उन्होंने देशभर की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है। यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। गांधी ने मध्य प्रदेश में देश की सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से लोगों की मृत्यु पर दुख जताया और कहा कि इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात, हरियाणा, दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें, हर तरफ बीमारियों का डर है। राजस्थान की अरावली हो या अन्य प्राकृतिक संसाधन, जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और जनता को बदले में मिल रहा है धूल, प्रदूषण और आपदा। उन्होंने खांसी के सिरप से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बच्चों की मौत को सरकार की लापरवाही बताया और कहा कि खांसी के सिरप से बच्चों की मौतें, सरकारी अस्पतालों में नवजातों पर चूहों का हमला और सरकारी स्कूलों की गिरती छतें, ये 'लापरवाही' नहीं, भ्रष्टाचार की सीधी मार है। पुल गिरते हैं, सड़कें धंसती हैं, ट्रेन हादसों में परिवार मिट जाते हैं और भाजपा सरकार हर बार वही करती है, फोटो-अप, ट्वीट और मुआवजे की औपचारिकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि मोदी जी का 'डबल इंजन' चल रहा है, लेकिन सिफ अरबपतियों के लिए। आम भारतीयों के लिए ये भ्रष्टाचार की डबल इंजन सरकार विकास नहीं, तबाही की रफ्तार है, जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रहा है।

### मोदी ने विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की गुटनिरपेक्षता और सामरिक स्वायत्तता की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि श्री मोदी का नारा था, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, लेकिन आज जो कुछ भी हो रहा है, वह इसके बिल्कुल उल्टा है। दो ताजा उदाहरणों में पहला है कि पांच साल से चीनी कंपनियों पर लगा प्रतिबंध हटाया जा रहा है। गलवान में भारतीय वीर सैनिकों ने जो आहुति दी, उनके बलिदान का अपमान तो मोदी जी ने पहले ही चीन को 'क्लीन चिट' थमाकर किया था।



**सेंसेक्स** 85683.30

**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 254620

प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन टूटे, सेंसेक्स 605 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 604.72 अंक (0.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 193.55 अंक यानी 0.75 फीसदी गिरकर 25,683.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का दो महीने का निचला स्तर है।

तेल एवं गैस, आईटी और सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर अन्य सभी समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा, निजी बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांकों पर अधिक दबाव देखा गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत की गिरावट में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सनफार्मा, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनी. लिवर, पावरग्रिड और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर एक फीसदी से अधिक चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल में भी तेजी रही।


# उप्र में आलू उत्पादन की स्थिति सुदृढ़, भण्डारण क्षमता पर्याप्त

**लखनऊ।** देश के प्रमुख आलू उत्पादक राज्यों में अग्रणी उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तरह इस बार भी आलू की अच्छी उपज होने की संभावना है, जिसको देखते हुए आलू के भंडारण के पर्याप्त उपाय कर लिए गए हैं। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में लगभग छह लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में आलू की खेती की जाती है।

उत्पादन की अधिकता के कारण उत्तर प्रदेश से देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी आलू की आपूर्ति की जाती है। नए आलू की आवक मंडियों में लगभग मध्य दिसम्बर से प्रारम्भ हो जाती है। नए आलू का छिलका पूर्ण रूप से परिपक्व न होने के कारण यह भण्डारण योग्य नहीं होता तथा मुख्यतः भोज्य आलू के रूप में उपभोग किया जाता है। मंडियों में नए आलू की अधिक आवक होने से मांग-आपूर्ति के सिद्धान्त के अनुसार बाजार भाव पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 2243 निजी शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 192 लाख मीट्रिक टन है। वर्ष 2025 में लगभग 159 लाख मीट्रिक टन आलू का भण्डारण किया गया था, जबकि लगभग 33 लाख मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता अवशेष रूप में उपलब्ध रही। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में आलू भण्डारण के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। शीतगृहों में आलू भण्डारण का कार्य सामान्यतः मध्य फरवरी से आरम्भ होता है। उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम ने आलू उत्पादक कृषकों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज की खुदाई, विपणन एवं भण्डारण की समुचित योजना बनाएं तथा बाजार भाव की अनुकूलता के अनुसार आलू का विक्रय अथवा भण्डारण कर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# चावल, चीनी नरमद्ध खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी भी सस्ती हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,856 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,852 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल औसतन 14 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा पांच रिंगिट गिरकर 4,038 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.53 प्रतिशत की बढ़त में 49.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 22 रुपये और सरसों तेल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत में टिकाव देखा गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785. 40 रुपये, मसूर काली 8130.13 रुपये, मूंग दाल 1092.84 रुपये, उड़द दाल 10416.68 रुपये, तुअर दाल 10612.4 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2851.51 रुपये और चावल 3851.94 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3303.39 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.24 रुपये और गुड़ 4978.33 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

जरूरी है। सीनियर एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी (एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट) ने कहा कि लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें करते हैं। कह रहे हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुत्तों के माइक्रो-चिप लगवाने की सलाह भी ठीक है। इसकी कीमत 100-200 रुपये है। एक बार जब यह लग जाएगी, तो अगर कोई आक्रामक कुत्ता लोगों के पीछे भागता है। तो उसे ट्रैक कर ऑरेंज कैटेगरी में डाला जा सकता है। अगर काटने की घटना होती है, तो रेड फ्लैग लगाया जा सकता है। दूसरे देशों में यह कारगर है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा कि उन देशों की आबादी कितनी है? जरा प्रैक्टिकल बातें करें। टैगोर के वकील ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया और एग्रेसिव और नॉर्मल कुत्तों का पता लगाने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने जैसे तर्क दिए। वकील ने कोर्ट में यह भी सुझाव दिया कि काटने वाले कुत्तों की पहचान के लिए कॉलर को रंग के आधार पर कोडित किया जाए, जैसे जॉर्जिया और अर्मेनिया जैसे देशों में होता है। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि इन देशों की आबादी कितनी है। वकील आप थोड़ा वास्तविक बातें करें।

**चर्चित अंकिता...**

अदालत द्वारा सुनवाई पूर्ण होने पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। साथ ही, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिन पर जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में उन्होंने स्वयं स्वर्गीय अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की, जिसमें बातचीत के दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अंकिता के माता-पिता के इस अनुरोध और उनकी भावनाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री धामी ने पुनः दोहराया कि राज्य सरकार पहले भी न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी पूरी दृढ़ता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगी।

# कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी के घर पुलिस का छापा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में गुरुवार को मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी मुख्य आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर कोतवाली, रामनगर और आदमपुर पुलिस ने घंटों छापेमारी की तथा जांच की। पुलिस को प्रशांत उपाध्याय घर पर नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जो शुभम जायसवाल से जुड़े नेटवर्क को पकड़ने में काफी मदद करेंगे। प्रशांत उपाध्याय की फर्म और शैली ट्रेडर्स के बीच किए गए लेन-देन की कड़ी को पुलिस तलाश रही है। राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय को भी प्रतिबंधित कफ सिरप मामले से जुड़े काले कारोबार का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। प्रशांत उपाध्याय के खिलाफ ड्रग विभाग द्वारा पहले ही कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रशांत उपाध्याय की कारोबारियों में अच्छी पैठ मानी जाती रही है।

# गो-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गो-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अधिकारियों की मानें तो प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गो-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्रवाई प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ए कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गोवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

# आपदा प्रबंधन सामूहिक जिम्मेदारी: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा प्रबंधन किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि समस्त प्रशासन, स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संगठनों और आम जनता की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को एक प्रमुख एजेंडा बनाया गया है। उत्तराखंड सरकार भी उन्हीं के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दे रही है।

शुक्रवार को सर्वे ऑफ इंडिया ऑडिटोरियम, हाथीबड़कला में 'शीतलहर पूर्व तैयारी' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शीतलहर, बाढ़, मॉक अभ्यास, हवाई यातायात सहायता की एस.ओ.पी., आपदा प्रबंधन विभाग के नववर्ष कैलेंडर 2026 एवं आपदा प्रबंधन हस्तपुस्तिका का




विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवा आपदा मित्रों एवं वर्ष 2025 में आपदा के दौरान राहत एवं बचाव में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। आपदा प्रबंधन के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए चार वाहनों का भी मुख्यमंत्री ने फ्लैग ऑफ किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में ड्रोन सर्विलांस, जीआईएस मैपिंग, सैटेलाइट मॉनिटरिंग एवं अर्ली वार्निंग सिस्टम को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेंसर लगाने, डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम एवं आधुनिक रैपिड रिस्पॉन्स टीमों के गठन जैसे कदमों से आपदा जोखिम को घटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य में हिमस्खलन (एवलांच) एक गंभीर प्राकृतिक जोखिम है।इस अवसर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य राजेन्द्र सिंह, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, आनंद स्वरूप, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

### मौसम विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन आपस में बेहतर तालमेल बनाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग और स्थानीय प्रशासन आपस में बेहतर तालमेल बनाए रखें और अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ करते हुए शीतलहर तथा हिमपात वाले क्षेत्रों में समय पर चेतावनी और आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें। शीतलहर के दौरान हाइपोथर्मिया, जुकाम, फ्लू, निमोनिया जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सभी जिला अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और मोबाइल मेडिकल टीमों को सक्रिय रखना होगा। विशेष रूप से सीमांत और ऊँचाई वाले क्षेत्रों में आवश्यक दवाइयों, हीटिंग उपकरणों एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी।

### आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सराहनीय पहल : सीएस

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि राज्य में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि शीतलहर धीरे-धीरे अपना प्रभाव दिखाती है, लेकिन इसका असर भयावह होता है। यह आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं और विशेष रूप से संवेदनशील लोगों के जनजीवन को प्रभावित करती है। शीतलहर प्रबंधन को हमें केवल मौसमी प्रबंधन की चुनौती के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रशासनिक और सामाजिक दायित्व के रूप में देखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में आपदा प्रबंधन को सशक्त, संगठित और नीति-आधारित स्वरूप देने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

# असम राइफल्स के जवानों का साहस पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत



■ सैनिक कल्याण मंत्री ने शिलांग में असम राइफल्स के जवानों से की मुलाकात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/मेघालय।** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने असम दौरे के दौरान मेघालय के शिलांग में असम राइफल्स के भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की।सैनिक कल्याण मंत्री ने जवानों से संवाद कर उनकी कार्य परिस्थितियों, सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात हमारे जवान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में सेवा दे रहे हैं और उनका समर्पण एवं साहस पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है।सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार पूर्व सैनिकों एवं सेवारत जवानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।इस अवसर पर असम राइफल्स के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य जवान उपस्थित रहे।

# स्वस्थ व पौष्टिक खाद्य प्रणाली के प्रति जागरूक होंगे युवा: डॉ. रावत

■ 12 जनवरी अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री करेंगे शुभारम्भ



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के युवाओं को स्वस्थ, सुरक्षित व पौष्टिक खाद्य प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिये सभी राजकीय व निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026 का आयोजन किया जायेगा। इसका शुभारम्भ आगामी 12 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत वेबिनार के माध्यम से करेंगे। ईट राइट यूथ हैकाथॉन में उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं स्वस्थ, सुरक्षित और सतत खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण को अपने अभिनव व व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत कर सकेंगे। हैकथॉन के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।सूबे के विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ व पौष्टिक खाद्य प्रणाली के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खाद्य सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय विकास संगठन, नूट्रिशन कनेक्ट, जीएआईएन इंडिया, एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से प्रदेशभर के सभी राजकीय व निजी उच्च शिक्षण संस्थानों विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों, उच्च तकनीकी संस्थानों, कृषि संस्थानों में ईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026 का आयोजन किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ आगामी 12 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वेबिनार के माध्यम से किया जायेगा। जिसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव, महाविद्यालयों के प्राचार्य सहित शिक्षण संस्थान द्वारा नामित नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि ईट राइट यूथ हैकाथॉन में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं के लिये पंजीकरण के लिए आनलाइन एप्लीकेशन विंडो भी 12 जनवरी से खोल दी जायेगी। ये है प्रतियोगिता की थीमईट राइट यूथ हैकाथॉन-2026 की थीम ईट सेफ, ईट हेल्दी और ईट सस्टेनेबल है। जो फूड इको सिस्टम को इंगित करती है।

# सूचना का अधिकार पारदर्शी शासन का मजबूत आधार: धामी

■ आरटीआई अधिनियम के तहत सराहनीय कार्य करने वाले लोक सूचना तथा अपीलीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में आरटीआई अधिनियम (सूचना का अधिकार कानून) के लागू होने के 20 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में आरटीआई अधिनियम के तहत सराहनीय कार्य करने वाले 5 लोक सूचना अधिकारियों तथा 5 अपीलीय अधिकारियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने जिन अधिकारियों को सम्मानित किया उनमें जिलाधिकारी बागेश्वर आकांक्षा कोंडे (तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार), अभिनव शाह मुख्य विकास अधिकारी देहरादून, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी आयुष अग्रवाल, लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड के उपसचिव डॉ. प्रशांत, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा एस.एस. चौहान, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अनु सचिव राजन नैथानी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, पिथौरागढ़ ललित मोहन जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामनगर वन प्रभाग श्रीमती कमला शर्मा, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा, से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी से लियाकत अली खान और जिला विकास अधिकारी हरिद्वार वेद प्रकाश शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है और पारदर्शी शासन व्यवस्था की आधारशिला है। इस अधिनियम ने शासन और नागरिकों के बीच विश्वास, पारदर्शिता और जवाबदेही का एक नया अध्याय खोला है। उन्होंने कहा कि इस कानून ने प्रत्येक नागरिक को शासन की नीतियों, निर्णयों और कार्यप्रणाली को समझने, प्रश्न पूछने और जवाबदेही सुनिश्चित करने का अधिकार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की शासन व्यवस्था में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस, ई-ऑफिस, ऑनलाइन पोर्टल, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और जन-सुनवाई जैसे माध्यमों ने शासन और जनता के बीच संबंध को और मजबूत बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार पारदर्शी, उत्तरदायी और जनोन्मुखी शासन व्यवस्था की दिशा में सतत कार्य कर रही है। राज्य में प्रशासनिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण किया गया है और अधिकांश सरकारी सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिससे नागरिकों को जानकारी और सेवाओं की उपलब्धता में सुगमता आई है। मुख्यमंत्री ने आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल और आयोग की हाइब्रिड सुनवाई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इससे न्याय प्रक्रिया और भी सुलभ हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य सूचना आयोग में 13 लाख से अधिक आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकांश का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। वर्तमान में केवल 700 प्रकरण लंबित हैं, जो आयोग की दक्षता का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने नागरिक अधिकारों की रक्षा में प्रशंसनीय भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना का अधिकार जितना महत्वपूर्ण है, उतनी ही इसके उपयोग में जिम्मेदारी भी आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग उन सूचनाओं को अपनी वेबसाइट पर नियमित रूप से प्रदर्शित करे जिनकी बार-बार मांग की जाती है, ताकि नागरिकों को स्वतः जानकारी मिल सके और पारदर्शिता बढ़े।

इस अवसर पर मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी, राज्य सूचना आयुक्त देवन्द्र कुमार आर्य, दलीप सिंह कुंवर, कुशलानन्द, उत्तराखण्ड अवस्थापन अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर मौजूद थे।

# सीबीआई जांच का निर्णय जन भावनाओं के अनुरूप: भट्ट

■ विपक्ष के झूठ और दुष्प्रचार का होगा अब पर्दाफाश



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच को लेकर लिए गए सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जन भावनाओं के अनुरूप बताया और कहा कि इससे विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंकिता के हत्यारों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा और मामले मे निष्पक्ष जांच की। हालांकि अंकिता के मा पिता की इच्छा का सम्मान करते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष इस पर शुरू से ही राजनीति करता रहा है। लेकिन इसमें लैस मात्र भी शक कि गुंजाइश न रहे इसके लिए सीबीआई जांच की संस्तुति की गयी है।

अंकिता के नाम पर नर्सिंग कालेज का नामकरण पर लगे कांग्रेसी आरोपों को विशुद्ध राजनैतिक झूठ करार दिया है। वहीं दिवंगत को इंसाफ दिलाने के नाम पर समाज को बांटने और माहौल खराब करने की कोशिशों की कड़ी आलोचना की है।

महेंद्र भट्ट ने सभी पक्षों से अंकिता प्रकरण पर राजनीति बंद करने का आग्रह किया है। नर्सिंग कॉलेज नाम परिवर्तन को उठाई शंका को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विश्वास नहीं होता, उन्हें नियमों को सही जानकारी नहीं है। जबकि मुख्यमंत्री द्वारा श्रीकोट राजकीय नर्सिंग कॉलेज पर अंकिता के नाम की घोषणा के साथ ही शासनादेश लागू कर दिया गया है। उन्होंने अफसोस जताया कि कांग्रेस नेताओं के लिए अंकिता बेटी की मौत सिर्फ एक राजनैतिक मुद्दा है। यही वजह है कि उनके लिए न पीड़ित परिवार की राय की अहमियत है और न ही नर्सिंग कॉलेज के नामांकरण की।

# लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना के कार्यों में न हो लापरवाही: सीएस

■ मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने की लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना की प्रगति की समीक्षा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून** ।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि यह भारत सरकार और उत्तराखण्ड सरकार की उच्च प्राथमिकता वाली परियोजना है, और इसे जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने का कार्य दिया गया है।

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही कोई ढिलाई न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी संस्थानों के साथ बैठक कर कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परियोजना के सम्बन्ध में विस्तार से सभी संस्थानों के स्तर से किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजना से सम्बन्धित सभी प्रकार की ड्रॉइंग्स और केन्द्रीय जल आयोग से उनका पुनरीक्षण कार्य ससमय करा लिए जाए। उन्होंने परियोजना को समय से पूर्ण किए जाने के लिए सभी स्तरों की पर्ट चार्ट के साथ टाईमलाईन तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दक्ष मैनपावर, मशीन और निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा हाईड्रॉ मैकेनिकल ड्रॉइंग्स शीघ्र उपलब्ध करायी जाए।

मुख्य सचिव ने परियोजना से सम्बन्धित सभी प्रकार के अध्ययन आवश्यक रूप से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यूजेवीएनएल और जिला प्रशासन को लगातार परियोजना से जुड़े सभी स्टेक हॉल्डर्स और प्रभावितों से लगातार संवाद किया जाने की बात कही।

मुख्य सचिव ने प्रमुख सचिव ऊर्जा को अपने स्तर पर पाक्षिक रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयं उनके स्तर से भी नियमित रूप से प्रगति पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने विभिन्न प्रकार की स्वीकृतियों के लिए सम्बन्धित मंत्रालयों से भी लगातार संवाद कर फाईल प्रोसेसिंग में तेजी लाए जाने की बात कही।

बैठक में बताया गया कि यमुना नदी पर स्थित लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना के अंतर्गत बनाया जाने वाला बांध 204 मीटर ऊंचा और इसकी लाइव स्टोरेज क्षमता 330.40 एमसीएम है। इसकी 300 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता है।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, एमडी यूजेवीएनएल डॉ. संदीप सिंघल, सीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधि एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम**

# दो लाख से अधिक लोगों ने की सहभागिता

■ 23 दिन में 16 हजार से अधिक शिकायतों का मौके पर निस्तारण, 1,11,326 नागरिकों ने उठाया विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ,सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा की सशक्त मिसाल बन रहा जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम राज्य में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा की सशक्त मिसाल बनकर उभरा है। 23 दिन पूर्व 17 दिसंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत अब तक उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों में कुल 300 से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनका उद्देश्य शासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है, जिससे वर्षों से लंबित मामलों के समाधान के साथ-साथ जनता का शासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। अब तक आयोजित शिविरों में 1,97,522 नागरिकों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं, सुझाव और आवश्यकताएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं।

कार्यक्रम के दौरान आमजन से 22,645 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16,000 से अधिक शिकायतों का निस्तारण मौके पर अथवा निर्धारित समयसीमा के भीतर कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर भी नियमानुसार कार्रवाई प्रगति पर है। यह आंकड़े राज्य सरकार की तत्परता, जवाबदेही और कार्यसंस्कृति में आए सकारात्मक परिवर्तन को दर्शाते हैं।

इसके अतिरिक्त, शिविरों में विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए 31,070 आवेदन प्राप्त किए गए, जिससे नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से राहत मिली है। वहीं, प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से 1,11,326 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया, जिससे सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता और आजीविका से जुड़े प्रयासों को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम केवल शिकायत निवारण तक सीमित न रहकर, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने और सुशासन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने का एक प्रभावी मंच बन रहा है।

राज्य सरकार का संकल्प है कि इस अभियान को निरंतर और व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित हो सके तथा उत्तराखंड में पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# प्रदेश कार्यशाला से भाजपा करेगी, वीबी-जी राम जी जनजागरण अभियान का आगाज

■ प्रदेश महामंत्री परिहार के नेतृत्व में जनजागरण अभियान के लिए समन्वय टोलियों का गठन, वीबी -जी राम जी से विकसित भारत निर्माण का संदेश घर घर पहुंचाएंगे : भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रव्यापी वीबी-जी राम जी जनजागरण अभियान की कल से प्रदेश में शुरुआत करने जा रही है। कल आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में ग्रामीण रोजगार की इस गेम चेंजर योजना की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। जिसे सम्मेलनों, घर घर संपर्क, किसान पदयात्रा, टैक्टर एवं बैलगाड़ी रैली आदि कार्यक्रमों से जन जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के लिए प्रदेश महामंत्री श्री कुंदन परिहार के नेतृत्व में समन्वय टोलियों का गठन भी किया गया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कल (आज) प्रातः 11 बजे होने वाली इस एक दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा के साथ प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी समेत कार्यक्रम से संबंधित टोली के सदस्य भी शिरकत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जनजागरण अभियान के समन्वय की जिम्मेदारी प्रदेश स्तर पर कुन्दन परिहार के नेतृत्व में महेन्द्र सिंह नेगी प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, भुवन विक्रम डबराल दायित्वधारी, देशराज कर्णवाल दायित्वधारी एवं उमेश त्रिपाठी प्रदेश सह-संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ को दी गई है।भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं अजीविका मिशन विधेयक 2025 संसद में पारित हुआ है। यह विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो मनरेगा की जगह लेगा और ग्रामीण विकास को गति देगा, भ्रष्टाचार पर रोक लगायेगा । साथ ही यह कानून आजीविका और परिसंपत्ति निर्माण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

# 288 कर्मचारियों को मिला तोहफा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** नए साल में एक बार फिर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट के 288 कर्मचारियों को भविष्य निधि का तोहफा मिला। डीएम अथक प्रयासों से कर्मचारियों के एक वर्ष से लंबित 4 करोड़ रुपये की राशि उनके खातों में डलवाई गई। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के प्रभावी हस्तक्षेप एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप कंपनी के लगभग 288 कर्मचारियों की भविष्य निधि मद की लगभग 4 करोड़ रुपये की लंबित धनराशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया है, जो एक वर्ष से लंबित थी।

कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने पूर्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। कंपनी के प्रबंध निदेशक को ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए थे। जिला प्रशासन के प्रयासों का परिणाम रहा कि न केवल वर्तमान कर्मचारियों, बल्कि पूर्व में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों की वैधानिक देय राशि भी उनके खातों में प्रेषित की गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी के साथ समन्वय कर सभी लंबित प्रकरणों का समाधान किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भुगतान प्रक्रिया में कंपनी छोड़ चुके एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी भी सम्मिलित रहे। बता दें कि इससे पूर्व भी जिला. धिकारी के प्रयासों से अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के 227 कर्मचारियों को 48 लाख रुपये के बोनस का भुगतान भी डीएम कोड़े के प्रयासों से सफल हो पाया था।

# अंगीठी की गैस से परिवार बेहोश

## सुबह पड़ोसी महिला दूध देने पहुंची तो देखा मंज़र, अस्पताल भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले के दाड़ीम ठोक क्षेत्र के तिवाड़ी गांव निवासी एक परिवार के सास ससुर, बहु व एक अबोध बच्ची कमरे में जली अंगीठी की गैस लगने से बेहोश हो गए। सुबह पड़ोसी महिला जब दूध लेने घर पहुंची तब घटना का पता चला। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तत्काल घर के दरवाजे खोल चारों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों द्वारा चारों का उपचार किया जा रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार तिवाड़ी गांव निवासी नवीन चंद्र तिवाड़ी पुत्र गंगा दत्त तिवाड़ी (62) वर्ष, विमला देवी पत्नी नवीन तिवाड़ी (57) वर्ष, बहु बबीता देवी पत्नी योगेश कुमार (25) वर्ष, बेटी काव्या डेढ़ वर्ष गुरुवार की शाम खाना खाकर कमरे में जलती अंगीठी रख के सो गए।



हालांकि अंगीठी रात में बुझ गई, सुबह तड़के चार बजे बहु बबीता तिवाड़ी ने बूढ़े सास ससुर के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर अंगीठी जला कर कमरे में रख दी। जिसके बाद वह खुद भी बच्ची के साथ सो गई। तभी कमरे में अंगीठी से गैस बन गई, जिससे चारों लोग बेहोश हो गए। शुक्रवार सुबह पौने नौ बजे पड़ोसी खष्टी देवी दूध लेने ले लिए पीड़ित परिवार के घर पहुंची। लेकिन घर के दरवाजे बंद देख उसने परिजनों को उठाने की कोशिश की। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने गांव में अन्य लोगों को सूचना दी। सूचना के बाद गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दरवाजे तोड़ अंदर गए, जहां चारों बेहद सोए हुए थे, साथ ही घर के दोनों कमरों में गैस भरी हुई थी। तत्काल ग्रामीणों ने चारों को उठाकर सड़क तक लाए, जिसके बाद एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां फिजिशियन डा. प्रीति यादव की देखरेख में चारों का उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोपहर तक बहु व छोटी बच्ची, व शाम को सास ससुर भी होश में आ गए थे। इधर चिकित्सकों ने बताया कि अभी चारों को 48 घंटे तक डाक्टरों की देखरेख में रखा जाना है, चारों का प्रोपर उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बुजुर्ग माता पिता का इकलौता बेटा दीपक तिवाड़ी भी जिला अस्पताल में पहुंच गए थे। जो कपकोट में एक निजी विद्यालय में कार्यरत है।

## एक नजर....

### अपना घर सोसाइटी में लाखों की चोरी

**काशीपुर।** दो बंद घरों का ताला तोड़कर चोर लाखों का समान लेकरफरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत 'अपना घर' में चोरों ने तौरन सिंह के घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ तोले सोने के जेवर व अन्य सामान सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा सुधीर कुमार के घर में किराएदार एक महिला के बंद कमरे को खंगाला गया, लेकिन चोरों को कोई कीमती सामान नहीं मिला। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि दो बंद घरों में चोरी की सूचना पर मौका मुआयना किया गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### धूमधाम से मनाया इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**बागेश्वर।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज बागेश्वर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शोभा आर्य ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, समूह गीत, नाटक एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनकी उपस्थित ने सराहना की। छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेशों के साथ-साथ पहाड़ी संस्कृति को भी मंच पर जीवंत कर दिया। मुख्य अतिथि खेतवाल ने कहा कि आज की बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। विद्यालय की मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार, डा. जितेंद्र तिवारी, किशन सिंह मलडा, रमेश पर्वतीय, पिंकी गोस्वामी, विद्या, मंजू होलरिया, नेहा जोशी, धर्मा कोटली, अंजू कालाकोटी, ममता वर्मा और सोनिया दानू आदि मौजूद रहे।

### नहर क्षतिग्रस्त होने पर किसान नाराज़

**बागेश्वर।** कपकोट ऐठाण नहर क्षतिग्रस्त होने किसानों ने रोष व्यक्त किया। उन्होंने विभाग से शीघ्र नहर की मरमत करने की अपील की। किसानों ने कहा कि नगर टूटने से खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससेफसल सूखने लगी है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में लोग शुक्रवार को सिंचाई विभाग कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी समस्याओं का ज्ञापन ईई को सौंपा। ज्ञापन में उनका कहना है कि ऐठाण नहर में पानी नहीं चलने से उनकी गेहूं की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। नहर कई जगह से टूटी हुई है। उसमें कई जगह मरम्मत कार्य होना है। विभाग ने यदि समय पर नहर की मरम्मत नहीं की तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में दीपक ऐठानी, दिनेश सिंह, रोहित ऐठानी, हरीश ऐठानी, सुंदर ऐठानी जगत सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। इधर विभाग का कहा कि पिछले बार पानी ऐठाण नहर में चला दिया था। इसबार लोनिवि ने अपनी रोड की खुदाई से हमारी नहर तोड़ दी है। पिछले छह महीने से चार बार लोकनिर्माण विभाग को पत्र दे दिया गया है। हालांकि विभाग ने नहर की मरमत करने का आश्वासन दिया है।

### बने गांव के लिए एसडीएम से मिले

**बागेश्वर।** कांडा तहसील बने गांव के लोग शुक्रवार को एसडीएम डा. ललित मोहन तिवारी से मिले। उन्होंने गांव के ही अमित कुमार के हत्या के मामले से पर्दाफाश करने तथा घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव निवासी अमित कुमार एक बारात में शामिल होने के लिए एक महीना पहले पांखू गया था, लेकिन वह बारात में नहीं पहुंचा। बाद में उसका शव पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिला। इसके बाद उन्होंने बेरीनाग कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने एसडीएम से अपने स्तर से प्रयास कर न्याय दिलाने की मांग की है। साथ ही हत्यारोपियों को सजा दिलाने की भी मांग की। इस मौके पर मृतक की मां बसंती देवी, बिशन राम, सूरज कुमार, केवलानंद पांडे, दरवान बिष्ट सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### नाले की निकासी न होन से राहगीर परेशान

**काशीपुर।** रामनगर से दिल्ली और देहरादून जाने के लिए श्मशान घाट के समीप बनाए गए गुरुद्वारा बाईपास पर गैबिया मोड़ से गुरूद्वारे की ओर जाने वाली सड़क पर बनाये गये नाले के पानी की आगे निकासी न होने के कारण नाले का पानी सड़क पर फैलने लगा है। सड़क पर बहते पानी के कारण जहां पैदल चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं दोपहिया वाहन चालक पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बता दें कि नगर निगम द्वारा श्मशान घाट से गुरुद्वारे की ओर जाने वाली सड़क पर गैबिया मोड़ से वाइन शॉप तक नाला निर्माण कराया गया था, लेकिन इस नाले से आगे पानी निकासी न होने से नाले का गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है। गंदगी भरे पानी में पैदल लोगों का चलना दूभर हो गया है। वहीं दोपहिया वाहन चालक सड़क पर फैले पानी में गिरकर चोटिल हो रहे है तो वहीं भारी वाहनों की आवाजाही से जगह जगह सड़क उखड़ना शुरू हो गई है। दिलचस्प ये है कि काशीपुर के विकास के दावे ठोकने वाले तमाम शिकायतों के बावजूद सड़क पर भरे पानी की निकासी की ओर ध्यान नहीं दे रहे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती आयोजन को लेकर बैठक

**काशीपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की योजना बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली स्वदेशी संकल्प दौड़ (मैराथन) के विषय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक काशीपुर के भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रशान्त पण्डित की अध्यक्षता में हुई, जिसमे प्रदेश सहसंयोजक सदस्यता आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में मैराथन की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर युवा मोर्चा आकाश कंबोज, अंकित शर्मा, राहुल कश्यप, राहुल खन्ना, प्रियांशु कथूरिया, पीयूष प्रधान, आशु सैनी, आक. ाश अरोड़ा, शिव पंडित, दिग्विजय सिंह, सचिन ठाकुर, संचित मिश्रा एवं सभी जेष्ठ, श्रेष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ब्लॉगर ज्योति पर अल्मोड़ा में मुकदमा दर्ज

**अल्मोड़ा।** हल्द्वानी निवासी ब्लॉगर ज्योति अधिकारी के खिलाफ अल्मोड़ा में केस दर्ज हुआ है। ब्लॉगर पर प्रदेश की महिलाओं और देवी देवताओं का आरोप लगा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नगर के पांडेखोला निवासी मीनाक्षी ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते दिनों सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहे विभिन्न वीडियो के माध्यम से जानकारी में आया है कि ब्लॉगर ज्योति अधिकारी पत्नी गोपाल सिंह अधिकारी निवासी हरिपुर लालमणि किशनपुर, घुड़दौडा हल्द्वानी, नैनीताल ने सार्वजनिक मंच पर दराती को लहराते हुए उत्तराखंड की महिलाओं, देवी देवताओं और संस्कृति पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इससे वह आहत हुई हैं। साथ उत्तराखंड की जनता में आक्रोश व्याप्त है। मीनाक्षी ने पुलिस से आरोपी ब्लॉगर ज्योति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 'आंचल' ने विपणन और कोल्ड चैन सुधार पर दिया जोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड में दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा की अध्यक्षता में पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों, मार्ग प्रभारियों और डिपो प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपनिदेशक संजय उपाध्याय की उपस्थिति में दुग्ध गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन व्यवस्था और कोल्ड चैन को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दुग्ध विक्रय और विपणन प्रणाली को अधिक गतिशील, पारदर्शी और प्रभावी बनाना था। इस दौरान, विक्रेताओं और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया ताकि दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और उपलब्धता दोनों सुनिश्चित की जा



सकें। इसके अतिरिक्त, लैक्टोमीटर और एडल्टरेशन किट वितरण करने तथा दुग्ध गुणवत्ता से संबंधित जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा आँचल दुग्ध संघ की प्राथमिकता विक्रेताओं और उपभोक्ताओं के हितों का संतुलन बनाए रखना है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा। उन्होंने फील्ड स्तर पर अनुशासन और आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। उपनिदेशक संजय उपाध्याय ने क्षेत्रीय पर्यवेक्षकों को नियमित निरीक्षण और परिवहन व्यवस्था की निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विक्रेताओं और उपभोक्ताओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर बल दिया। बैठक में दुग्ध गुणवत्ता जांच प्रणाली को मजबूत करने, संघ की सदस्यता बढ़ाने और दुग्ध आपूर्ति में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी। साथ ही, संगठनात्मक ढांचे को सुखढ़ करने और फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। इस बैठक में सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा, विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी, विपणन अधीक्षक विजय सिंह चौहान, विपिन तिवारी, हेमन्त पाल, जितेंद्र खोलिया, चन्द्र प्रकाश जोशी, महेश पांडे, कुलदीप रैकवाल, लोक. ेश शर्मा, मनोज कुमार, सुदर्शन, पारस, सुमित तिवारी और सुमित पांडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जुड़वा बच्चों का एक ही आधार डीएम ने लिया संज्ञान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जनपद के शामा क्षेत्र में जुड़वा भाई-बहन को एक ही आधार संख्या जारी होने का मामला संज्ञान में आया है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को आवश्यक एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित बहुगुणा ने बताया कि मामले के समाधान हेतु यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून (उत्तराखंड) के सहायक महाप्रबंधक नितेश सैनी से समन्वय स्थापित किया गया। यूआईडीएआई द्वारा अवगत कराया गया कि यह मामला मिक्स बायोमेट्रिक से संबंधित है। यूआईडीएआई के निर्देशानुसार संबंधित आधार संख्या को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके लिए यूआईडीएआई टेक सेंटर को आवश्यक सूचना प्रेषित कर दी गई है। यूआईडीएआई ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर उक्त आधार संख्या निरस्त कर दी जाएगी। इसके उपरांत दोनों बच्चे पुनः आधार नामांकन (एनरोलमेंट) कराकर अलग-अलग नया आधार कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि नागरिकों की पहचान से जुड़े मामलों में त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# पंतनगर विश्व विद्यालय ने मक्के की दो नई उन्नत संकर किस्में विकसित की

शाह टाइम्स संवाददाता

**पंतनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर ने मक्के की दो नई उन्नत संकर किस्में डीएच-344 (पंत संकर मक्का-7) और डीएच-346 (पंत संकर मक्का-8) विकसित की हैं। इन किस्मों को उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में खेती के लिए उपयुक्त पाया गया है और इन्हें 31 दिसंबर 2025 को खेती के लिए अधिसूचित किया गया है। ये दोनों किस्में एकल क्रॉस हाइब्रिड हैं, जो खासतौर पर खरीफ मौसम में उगाई जाती हैं। पंत संकर मक्का-7 की उपज क्षमता 48 से 63 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि पंत संकर मक्का-8 की उपज क्षमता 47 से 74 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पाई गई है। पंत संकर मक्का-7 के दाने नारंगी रंग के होते हैं, और पंत संकर मक्का-8 के दाने पीले रंग के होते हैं। इन किस्मों ने विभिन्न कृषि रोगों जैसे मेडिस लीफ ब्लाइट (एमएलबी), सरकुलेरिया लीफ स्पॉट (सीएलएस), और फ्यूजेरियम लीफ स्पाट (एफएसआर) के प्रति मध्यम प्रति. रोध प्रदर्शित किया है। वहीं, कुछ अन्य बीमारियों के प्रति ये किस्में प्रतिरोधी से लेकर मध्यम संवे. दनशील पाई गई हैं। पंत संकर मक्का-7 को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 जनवरी 2026 को विमोचित किया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने डा. नरेन्द्र कुमार सिंह को बधाई दी है।

# आईजीएल ने बांटे जरूरतमंद लोगों को कंबल

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड काशीपुर हमेशा से अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए सदैव कृतसंकल्पित रहा है। इसी क्रम में आईजीएल के अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल व हेड मानव संसाधन-प्रशासन-लाईजनिंग राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार सहायक



महाप्रबंधक (प्रशासन) विक्रांत चौधरी के नेतृत्व में काशीपुर के दूरस्थ क्षेत्र साड़खोड़ा, बंगाली काला. ेनी, हेमपुर इस्माइल, बरखोड़ी, जैतपुर घोसी, दोहरी परसा इत्यादि ग्रामों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ठंड के प्रकोप से राहत देने लिए 550 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर आईजीएल मैनेजमेंट सहित सभी विभागाध्यक्षों ने सफल वितरण कार्यक्रम में सहभागिता हेतु राकेश अरोरा, उमेश जोशी, निखिलेश श्रीवास्तव, वाई के सिंह, निरंजन सिंह, विवेक वर्मा, सचिन गुप्ता, आरसी उपाध्याय प्रबन्धक लाइजिनिंग आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में शिकायतों का निस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी स्थित किसान इंटर कॉलेज के प्रांगण में 'जन-जन की सरकार, जनता के द्वारा' थीम के तहत



एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। शिविर की अध्यक्षता कर रहे एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि शिविर में लगभग 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय कर मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल, पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग से जुड़ी समस्याएं अधिक सामने आईं, जिनमें से कई का तत्काल समाधान किया गया। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और जनता की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान करना है। इस दौरान श्रम विभाग द्वारा लाभार्थियों को टूल किट, गर्भवती महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गईं। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरण भी किया गया। शिविर में तहसीलदार पंकज चंदोला, यशपाल राजहंस, राजेश कुमार, धर्मपाल सिंह, सुशील कुमार शर्मा, प्रधान पायल चौधरी, यश चौधरी, अमरीक चौधरी सहित सिंचाई विभाग से एई गौरव पाठक, खाद्य पूर्ति विभाग से आशुतोष भट्ट, कृषि एवं मंडी से प्रकाश सिंह, चकबंदी से राहुल शर्मा, शिक्षा विभाग से अनिल चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में रियादी उपस्थित रहे।

# विवेचनाओं, शिकायतों का समय पर करें निराकरण: एसएसपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने नशा मुक्त अल्मोड़ा बनाने को लेकर अभियान और तेज करने समेत ड्रिंक एण्ड ड्राइव, रेट्रो साइलेन्सर और नाबालिगों से वाहन चलवाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुक. दमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिक.




ारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने, जनपद के प्रवेश मार्गों व संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने समेत साइबर शिकायतों को गंभीरता से लेकर साइबर सेल से आवश्यक सहयोग प्राप्त करते हुए अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। वहीं, थाना लमगड़ा क्षेत्र में ब्लाइंड मर्डर केस के सफल अनावरण में कुशल पर्यवेक्षण करने वाले अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह व सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी को एसएसपी अल्मोड़ा ने सराहना पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही थाना सल्ट में विभिन्न मामलों में कुल 85. 53 किलो अवैध गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने व थाना सल्ट क्षेत्र में संदिग्ध जैलेटिन रॉड मिलने पर घटनास्थल को सुरक्षित करने और अति संवेदनशील प्रकरण के अनावरण व संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सराहनीय योगदान देने वाले अपर उपनिरीक्षक लोमेश कुमार को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 41 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यों की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। बैठक में सीओ रानीखेत विमल प्रसाद, सीएफओ नरेन्द्र सिंह कुंवर, सीओ दूरसंचार राजीव कुमार टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक रमेश चन्द्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक रानीखेत अशोक धनकड़, निरीक्षक एलआईयू मनोज भारद्वाज, दरबान सिंह मेहता, उमाशंकर पाण्डे, मदन मोहन जोशी, अशोक कुमार, विनोद जोशी, निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी, सुनील सिंह बिष्ट, कश्मीर सिंह, अजेंद्र प्रसाद समेत कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनजातीय किसानों को मिलेगा बहुआयामी लाभ

## नाबार्ड की जनजातीय विकास परियोजना का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** नैनीताल जिले के रामनगर विकासखंड में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की जनजातीय विकास परियोजना का विधिवत शुभारंभ नाबार्ड देहरादून के मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नाबार्ड नैनीताल के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव ने कहा कि वाडी परियोजना जनजातीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना बागवानी आधारित आजीविका, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, कौशल विकास तथा कृषि संबंधी गति. विधियों के माध्यम से किसानों को



आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने कहा कि वाडी मॉडल समग्र ग्रामीण विकास की अवधारणा पर आधारित है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र से होने वाले पलायन में कमी आएगी। उन्होंने परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वयन संस्था की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर प्रगतिशील ग्रामीण युवा छात्र कल्याण समिति के संरक्षक शशि रावत ने नाबार्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना रामनगर ब्लॉक के जनजातीय क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और सामाजिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था परियोजना को पूर्ण पारदर्शिता एवं समुदाय की सहभागिता के साथ जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, संस्था के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। परियोजना जनजाति कमेटी के सदस्य मोनू सिंह, सोहन सिंह, मदन सिंह, मालती देवी, इमरती देवी, तारा रानी, ग्राम प्रधान ज्योति ने अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह रावत ने किया।

### कर्मचारी संघ की बैठक

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ व उत्तराखंड विश्व. विद्यालय कर्मचारी महासंघ की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान कर्मचारियों ने विनियमितीकरण की मांग उठाई। एसएसजे परिसर में आयोजित बैठक में परिसर में एसएसजे विवि में कार्यरत कार्मिकों को 85 पदों पर डीपीसी का लाभ करवाने की मांग की। साथ ही अल्मोड़ा परिसर में कार्यरत फार्मासिस्ट के पदनाम, कार्मिकों की समय पर डीपीसी व एपीसी संपादित किए जाने पर चर्चा की गई। यहां बैठक में महासचिव राजेंद्र सिंह राणा, कुलदीप उपाध्याय, प्रकाश चंद्र सती, देवेंद्र सिंह पोखरिया, त्रिलोक सिंह बिष्ट, जयवीर सिंह नेगी, केवलानंद पाठक, आनंद सिंह बिष्ट, अंशुमान पंत, हरीश सिंह बिष्ट, हेमलता अवस्थी, प्रशांत मेहता, खीमानंद भट्ट, अनिल नेगी, हेम चंद्र पांडे, गीता रावत, अनीता नयाल, पूजा कमल रहे।

# श्री आनंद आश्रम को मिलेगी जमीन

## संगीतमय सुंदरकांड में सांसद अजय भट्ट ने की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** श्री आनंद आश्रम द्वारा संच. ालित बाबा नीम करोली वृद्धाश्रम में एक भव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अयोध्या धाम से पधारे श्री सीता सदन श्रीधाम के पीठाधीश्वर परम पूज्य किशोरी शरण महाराज और शास्त्रीय आचार्य त्रिलोक चंद्र जोशी के द्वारा सुंदरकांड के पाठ से हुई।

इस आयोजन में श्रद्धालुओं की भक्ति भाव से भागीदारी रही। आरती पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों को प्रसाद एवं भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर महाराज किशोरी शरण ने संस्था की अध्यक्ष कनक चंद की प्रशंसा की और उन्हें बुजुर्गों की सेवा सच्चे मन से करने के लिए आशीर्वाद



प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कनक चंद और उनकी संस्था समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में संस्था के 9 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा की सराहना की और कहा कि संस्था ने उत्तराखंड में निःशुल्क बुजुर्गों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2 मई 2025 को उन्होंने श्री आनंद आश्रम को जमीन देने की पहल की थी, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया था। सांसद भट्ट ने पुनः वादा किया कि संस्था को शीघ्र ही भूमि मिल जाएगी, ताकि वह बुजुर्गों के लिए अपनी सेवाओं को और विस्तार दे सके। इसके साथ ही अजय भट्ट ने कनक चंद की मेहनत और लगन को सराहा। इस अवसर पर आनंद आश्रम की अध्यक्ष कनक चंद ने अपनी संस्था के उद्देश्य और कार्यों को साझा किया।

# महिपाल और रूचि के सुरों पर झूमे श्रोता

- बच्चों की दुल्हैणि सजाओं प्रतियोगिता, लोकगीत व लोक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में चल रहे उत्तरायणी मेले घुघुतिया त्यार के तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक महिपाल मेहता व रूचि आर्य के गीतों ने लोगों को पहाड़ी की संस्कृति से रूबरू कराया। वहीं सुबह बच्चों की दुल्हैणि सजाओं प्रतियोगिता, लोकगीत व लोक नृत्य व बॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। शुक्रवार को हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच प्रांगण में चल रहे उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न खेल. कूद प्रतियोगिताएं हुई। मेले में मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री एवं व्यापारी नेता नवीन वर्मा, जगमोहन रौतेला, जेएस बिष्ट, नीमा भट्ट, पार्षद मनोज जोशी और कर्नल (सेनि) आलोक पाण्डे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उत्तरायणी मेले में दिनभर काफी चहल पहल देखने को मिली। मेला परिसर में जहां व्यवसायियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं स्थानीय निवासियों में मेले को लेकर गजब का उत्साह बना हुआ है। स्थानीय स्वंय सहायता समूहों के स्टालों में लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मेला परिसर गुंजायमान है। परंपरागत वेशभूषा के साथ किए गए लोक नृत्यों ने हल्द्वानी में बस चुके लोगों की पहाड़ से जुड़ी यादों को ताजा कर दिया। शुक्रवार को जूनियर और सीनियर वर्ग की लो. कगीत प्रतियोगिता हुई। जिसमें जूनियर वर्ग की दिव्यांशी गुसांई प्रथम, हिमाद्री मिश्रा द्वितीय, और तेजस्विनी साह तीसरे स्थान प्राप्त किया। जबकि कार्तिक भट्ट को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं बालिकाओं की जूनियर और सीनियर वर्ग में दुल्हैणी सजाओ प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग की हिमानी सम्मल प्रथम, दिव्यांशी पाण्डे द्वितीय और वैष्णी बोरा तीसरे स्थान, सीनियर वर्ग में चंद्रा परगांई प्रथम, अस्मिता द्वितीय व कुसुम सम्मल ने तीसरे स्थान हासिल किया। वहीं देर शाम सांस्कृतिक संध्या का भी लोग जमकर आनंद उठाया। मेले में लोक गायक महिपाल मेहता ने उतरैणी का म्याल और हाय तेरो मिजाता व रूचि आर्य ने माया को होटल और कान में डबल झुमका..., गीत गाकर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। इस मौके पर संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाधयक्ष त्रिलोक बनोली, आय व्यय निरीक्षक कैलाश जोशी, पार्षद शैलेन्द्र दानू, भुवन चंद्र जोशी, चंद्रशेखर परगाई, शोभा बिष्ट, ललित बिष्ट, तरूण नेगी, संदीप भैसोड़ा, नीरज बगड़वाल, रितिक आर्य आदि मौजूद थे।

# लोक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी वीबी-जी राम जी

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी यह योजना: भट्ट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकसित भारत-जी राम जी 2025-अधिनियम योजना ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है, जो लोक कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिससे गरीब, किसान और मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। शुक्रवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहीं। सांसद अजय भट्ट ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और मजदूरों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि यह योजना पूर्ववर्ती मनरेगा योजना का स्थान लेगी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की वार्षिक आय में बढ़ोतरी होगी। इस योजना के तहत मजदूरी का भुगतान अब केवल 7 दिनों में अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि किसी कारणवश भुगतान में देरी होती है तो मजदूर को अतिरिक्त मुआवजा दिया जाएगा। इससे मजदूरों के आर्थिक अधिकारों की रक्षा होगी और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा इस योजना से फर्जी मस्टर रोल और अवैध मशीनों के उपयोग जैसी समस्याओं पर नियंत्रण लगेगा। यह योजना न केवल गाँवों से होने वाले पलायन को रोकेगी, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों को भी रोजगार के नए अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी। सासंद श्री भट्ट ने बताया कि विकसित भारत जी-राम जी अधिनियम के तहत चार प्रमुख क्षेत्रों पर कार्य किया जाएगा। जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, जलवायु सुरक्षा और कौशल विकास। इसके साथ ही प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के सिद्धांतों को भी शामिल किया गया है ताकि सड़क, पानी और अन्य बुनियादी ढांचागत कार्यों में बेहतर समन्वय हो सके और सरकारी संसाधनों की बर्बादी को रोका जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के प्रस्तावित आंदोलन पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस विकसित भारत- जी राम जी 2025 योजना के नाम पर जनता में भ्रम फैला रही है। इसके बजाय कांग्रेस को अपना ध्यान कांग्रेस बचाओ अभियान पर लगाना चाहिए। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद तिवारी, अमित चौधरी, रत्नेश साह मौजूद रहे।

# शादी का रिश्ता तोड़ा, परिवार को 6 लाख का बिल थमाया

- पीड़ित युवक ने भाई, भाई और बहन को लगाया पीटने का आरोप
- तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक अजीब घटना सामने आई है, जिसमें होने वाला ससुर अपने बेटों के साथ दामाद के घर पहुंचकर शादी का रिश्ता तोड़ देता है और परिवार को लाखों का बिल थमा देता है। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर दामाद के भाई और बहन के साथ मारपीट भी की। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार इंद्रानगर भूरी मस्जिद, बनभूलपुरा निवासी मो. जावेद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं और बीते वर्ष 13 नवंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय में अपने काम से गए थे।

इस दौरान उनकी भाभी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके होने वाले ससुर मो. सलीम, होने वाला साला मो. रिहान उर्फ शानू अंसारी और शाने आलम उर्फ बबुआ शादी को लेकर विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। भाभी ने आरोपियों से कहा कि शाम को जब जावेद घर लौट आएं, तब वह उनसे बातचीत कर लें। आरोप है कि आरो. पियों ने गुस्से में आकर भाभी, बहन और भाई को गालियाँ देना शुरू कर दिया। आरोपियों ने कहा कि उन्होंने अपनी बेटी के लिए दूसरा लड़का देख लिया है और वे अब यह रिश्ता खत्म करने आए हैं। इसके बाद आरो. पियों ने पीड़ित परिवार को 6 लाख रुपए का बिल थमा दिया और तत्काल पैसे की मांग की। जावेद और उनके परिवार ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष डीएस फर्त्याल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# यूओयू में कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला 6 से 9 जनवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का आयोजन विभाग के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल के निर्देशन में हुआ। कार्यशाला के पहले दिन, प्रो. राकेश चन्द्र रयाल ने संचार शोध का अर्थ, परिभाषा एवं विषय क्षेत्र पर चर्चा करते हुए संचार तकनीक के विकास की यात्रा को रेखांकित किया। इस सत्र में डा. घनश्याम जोशी ने शोध की अवधारणा, उसके प्रमुख तत्व और शोध के प्रकारों को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

वहीं दूसरे सत्र में प्रो. रयाल ने संचार शोध में विषय चयन पर विद्यार्थियों को उपयुक्त और प्रासंगिक शोध विषय चुनने की कला सिखाई, और लघु शोध का महत्व, उद्देश्य एवं लार्भी विषय पर व्याख्यान दिया। तीसरे दिन डा. कल्पना पथनी लखेड़ा ने शोध संदर्भ एवं शोध ग्रंथ सूची पर व्याख्यान दिया और शोध प्रबंधन तथा लेखन की प्रक्रिया को क्रमबद्ध रूप से समझाया।

इसके बाद, डा. दीपांकर जोशी ने शोध प्रबंध लेखन में संदर्भों का महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डा. नीरजा सिंह ने रिपोर्ट लेखन एवं लघु शोध निर्माण विषय पर व्याख्यान दिया। अंत में, प्रो. राकेश रयाल ने 'एक अच्छा लघु शोध प्रबंध कैसे तैयार करें' पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और कार्यशाला का समापन किया।

# विश्व हिन्दू सनातन बोर्ड के अनुज बने जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** विश्व हिन्दू सनातन बोर्ड (वीएचएसबी) द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अनुजकांत अग्रवाल को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि जनपद में संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में संस्कृति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न पांडे की भी सक्रिय भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों और जनजागरण अभियानों को लगातार मजबूती मिली है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है। संगठन का मानना है कि जिला महामंत्री के रूप में अनुज कांत अग्रवाल और संस्कृति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न पांडे के समन्वय से विश्व हिन्दू सनातन बोर्ड की गति. विधियां जनपद में और अधिक प्रभावी होंगी। साथ ही दोनों पदाधिकारी मिलकर संगठन के उद्देश्यों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अपनी नियुक्ति पर अनुजकांत अग्रवाल ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# विवादों में घिरी सोशल मीडिया की ब्लॉगर ज्योति

- जूही को धमकाने पर एक और मुकदमा
- थाने जाते वक्त ज्योति ने अपलोड किया था धमकी भरा वीडियो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर अक्सर विवादों में रहने वाली ब्लॉगर ज्योति अधिकारी इस समय सलाखों के पीछे हैं, अब एक और नए कानूनी मामले का सामना कर रही हैं। इस बार उनके खिलाफ मुकदमा मुखानी थाने के दरोगा विरेंद्र चंद्र ने दर्ज कराया है। यह मामला पहले मुकदमे से जुड़ा हुआ है, जिसमें ज्योति ने वादी जूही चुफाल को धमकाया था। पुलिस के अनुसार ज्योति अधिकारी ने हाल ही में एक सार्वजनिक स्थान पर दराती लहराकर जनमानस में भय का माहौल पैदा किया। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की हिंदू देवी-देवताओं को फर्जी देवता बताया और कुमाऊं की महिलाओं का अपमान करते हुए उन्हें कौथिक में नाचने वाली और फर्जी महिलाएं कहकर लोक संस्कृति का मजाक उड़ाया। इस पर जूही चुफाल ने ज्योति के खिलाफ मुखानी थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने ज्योति के खिलाफ धारा 192, 196, 299, 302 और 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने ज्योति को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। ज्योति ने नोटिस प्राप्त करने के बाद एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जिसमें उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने वाली जूही को चुनौती दी। वीडियो में ज्योति ने कहा जो भी केस कर रही है, वह महिला और बच्ची है, तो उसे मैं कहती हूं, सामने आकर दिखाओ। ज्योति ने यह भी कहा कि वह जूही को नेतानी बनने का शौक छुड़वाएंगी। पुलिस ने इस वीडियो को गंभीरता से लिया और कहा कि ज्योति ने जान बूझकर जूही को डरा-धमकाया और समाज में भय फैलाया है। पुलिस ने ज्योति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ज्योति की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने गुरुवार को ज्योति को पूछताछ के लिए बुलाया और करीब साढ़े पांच घंटे तक उसकी जांच की। पूछताछ के बाद पुलिस ने वह दराती भी बरामद की, जिसे ज्योति ने सार्वजनिक रूप से लहराया था। ज्योति को लगा कि पुलिस उसे छोड़ने जा रही है, लेकिन दराती बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार रात को ज्योति को 14 दिन की न्याय हिरासत में जेल भेज दिया। शुक्रवार सुबह ज्योति के वकील ने जमानत याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। ज्योति को अपनी जमानत याचिका की सुनवाई के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

# शिविर में आई 223 शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को कुंवरपुर में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। शि. विर का नेतृत्व एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह ने किया। कार्यक्रम में विधायक लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट एवं दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शिविर में कुल 223 शिकायतें एवं मांग-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से बड़ी संख्या में प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभागों को एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न विभागों ने आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रदान किया। श्रम विभाग ने श्रम कार्ड वितरित किए गए, जबकि सेवायोजन विभाग ने रोजगार पंजीकरण से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया तथा महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की बीपी एवं शुगर जांच, गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं पोषण संबंधी दवाइयाँ वितरित की गई। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने राशन कार्ड से संबंधित आवेदन लिए। पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर नागरिकों को लाभान्वित किया गया। वहीं सहकारिता विभाग ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार हल्द्वानी कुलदीप पाण्डेय, उपप्रभागीय वनाधिकारी एसडीओ वन हल्द्वानी गणेश जोशी, खंड विकास अधिकारी हल्द्वानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने बिंदुखत्ता स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) की निधि से एक्स-रे मशीन स्थापित करने से पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत ने शुक्रवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशीन लगाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और स्थान का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंत ने बताया कि यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एक्स-रे मशीन लगने से स्थानीय लोगों को रेडियोलॉजिकल जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंत ने निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शीघ्र मशीन स्थापना का आश्वा. सन दिया। निरीक्षण के दौरान खनन न्यास के महानिदेशक सांसद प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) बालम सिंह बोरा, भाजपा मंडल महामंत्री पूरन बोरा, बसंत पाण्डेय, एडवोकेट बलवंत सिंह बिष्ट, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश पंत, आयुष चिकित्सक डा. अल्का गुप्ता, आयुष फार्मेसी अधिकारी हेम चंद्र, फार्मासिस्ट राजेश जोशी तथा नर्सिंग स्टाफ आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मंडी के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**हल्द्वानी।** शुक्रवार सुबह बड़ी मंडी के पिछले गेट के पास स्थित नाले में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी वस्तु नहीं मिली, जिससे मृतक की पहचान की जा सके। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि शव की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। मृतक का शरीर किसी प्रकार की चोट के संकेत नहीं दे रहा है, हालांकि, शव का पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चलेगा। फिलहाल शव को मोर्चरी भेज दिया गया है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अभी तक मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है, और पुलिस शिनाख्त के लिए अन्य संभावनाओं पर भी विचार कर रही है।

### भाकपा माले ने किया बंद का समर्थन

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी ही हत्या का कारण है, इसलिए बिना वीआईपी की पहचान किये और उसे सजा दिलाए, अंकिता भंडारी प्रकरण में न्याय नहीं हो सकता है। प्रेस को जारी एक बयान में भाकपा माले के जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि अंकिता भंडारी के न्याय का सवाल सिर्फ एक लड़की के न्याय का सवाल नहीं है बल्कि ये उत्तराखंड में लड़कियों-महिलाओं की सुरक्षा का सवाल है। यह प्रदेश में पर्यटन का थाईलैंड मॉडल न पनपे, इस बात का भी संघर्ष है। भाकपा (माले) राज्य में अंकिता भंडारी के न्याय के लिए चल रहे आंदोलन के साथ पूर्ण एकजुटता जाहिर करती है और आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए 11 जनवरी के दिन प्रदेश भर में भाकपा माले और अन्य वामपंथी पार्टियां अं. कता भंडारी के न्याय और इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच के लिए मजबूती से सड़क पर उतरेंगी।

### होमगार्ड जवान के सरकारी आवास में आग, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** केमू बस स्टैंड के पास स्थित तहसील परिसर के सरकारी क्वार्टर में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस घटना में होमगार्ड जवान ललित मोहन नेगी के करीब 50 हजार रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के अनुसार तहसील क्वार्टर में डीएम कैंप कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान ललित मोहन नेगी अपने परिवार के साथ टिनशेड आवास में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उनके आवास के किचन में अचानक आग लग गई। घटना के समय होमगार्ड जवान अपनी पत्नी के साथ बाजार गए हुए थे। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तुरंत बाल्टियों और डिब्बों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल वाहन करीब साढ़े 11 बजे मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। होमगार्ड जवान ललित मोहन नेगी ने बताया कि आग में उनके किचन में रखा फ्रिज, कूलर, कुर्सियां, सूटकेस और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। इस आगजनी में उन्हें करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

# एचसीसी ने डीके को दो रनों से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग शुक्रवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स क्लब और एचसीसी के बीच खेला गया। डीके स्पोर्ट्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एचसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 261 रन बनाए। रणजी खिलाड़ी सौरव रावत ने 108, स्वेतांश सिंह ने 48, लक्ष्य नयाल ने 42 रनों की पारी खेली। जबकि डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज रक्षित डालाकोटी ने अपनी टीम के लिए 4 व आयुष तिलारा ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम 45 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 259 रन ही बना सकी और 2 रनों से मैच हार गई। टीम के लिए रक्षित डालाकोटी ने नाबाद 128, अटल पलरिया ने 56 रनों की पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार सौरव रावत को दिया गया। मैच में अंपायर की भूमिका में विजय आर्या और शिवम् पाण्डे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा के सचिव हर्ष गोयल, लीला कांडपाल, नरेंद्र अधिकारी, जगमोहन बगड़वाल, आंनद बिष्ट, अमित कांडपाल, संजय चौधरी, सुनील साह, त्रिलोक जीना, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

# हृदय को मजबूत बनाती है साइकिलिंग : सुरेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**लालकुआं।** फिट इंडिया मिशन के तहत स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) की 34वीं वाहिनी ने एक सराहनीय पहल की है। सेनानी अनिल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को हल्दूचौड़ स्थित वाहिनी मुख्यालय में साइकि. लिंग को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हल्द्वानी के बाइक्स स्टेशन की टीम, जिसमें सुरेश कुमार और संतोष कुमार आर्य शामिल थे, ने वाहिनी के पदाधिकारियों को साइकिलिंग के शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि साइकिलिंग हृदय को मजबूत बनाती है, वजन नियंत्रण में सहायक है तथा तनाव को काफी हद तक कम करती है। साथ ही, सुरक्षित साइकिलिंग के टिप्स भी साझा किए गए, जैसे नियमित रूप से साइकिल चलाना, अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार गति रखना, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना तथा साइकिलिंग से पहले और बाद में वार्म-अप एवं कूल-डाउन व्यायाम करना। इस मौके पर हेमंत कुमार, संजय तिवारी, शेखर चंद्र पुनेठा, कृष्ण सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर किसानों ने सभापति को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** किसानों की परेशानियों को लेकर शुक्रवार को किसान/कास्तकार एकता मंच के प्रतिनिधियों ने पार्षद मनोज जोशी के साथ ही मंडी सभापति को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। मंडी सभापति को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने कहा कि वे अपने माल को मंडी में लाने में काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं और सड़कों की खराब स्थिति के बारे में कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने बताया कि उनके मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और इस समस्या का समाधान शीघ्र होना चाहिए। इस दौरान मनोज जोशी ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि 16 जनवरी से मंडी बंद होने की घोषणा आढ़तियों और व्यापारियों द्वारा की जा रही है, यदि इस स्थिति में किसानों और कास्तकारों का कोई नुकसान होता है, जैसे कि कच्चा टमाटर आदि खराब हो जाता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मंडी समिति की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मंडी बंद होती है तो किसानों और कास्तकारों को आढ़तियों और व्यापारियों के समर्थन में धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में गुलाब नेगी, हरीश पांडे, चंद्र पाल, मोहन चंद्र, लीलाधर, मोहन चंद्र, गुड्डू गंगवार, दिनेश, रतन लाल, पवन बिष्ट, जगदीश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, ललित पुजारी, राहुल, हेम परगाई, रमेश, छेदा लाल सहित कई किसान मौजूद रहे।

# सीबीआई जांच का आदेश स्वागत योग्य कदम: सुमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने पहले दिन से ही सड़क से लेकर सदन तक निरंतर संघर्ष किया। यह लड़ाई केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि न्याय, संवेदना और मानवता की आवाज़ थी, जो धीरे-धीरे एक व्यापक जन आंदोलन में परिवर्तित हुई।

यह बात विधायक सुमित हृदयेश ने कही। उन्होंने कहा कि गाँव-गाँव, शहर-शहर और गली-गली तक फैले। इस आंदोलन ने प्रदेश की सरकार को यह संदेश देने का काम किया कि जनता की आवाज़ और अंकिता के माता-पिता की पीड़ा को अनसुना नहीं किया जा सकता। जनदबाव और सतत संघर्ष के परिणामस्वरूप सीबीआई जांच के आदेश दिया जाना स्वागत योग्य कदम है।

# श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** श्री गिरिजा देवी सनातन सेवा समिति हल्द्वानी द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास डा. नवीन चन्द्र जोशी ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं का दिव्य वर्णन किया। कथा के दौरान डा. जोशी ने कहा कि भगवान ने यदु कुल में अवतार लेकर विधर्मी राजाओं का संहार किया। उन्होंने भगवान की विभिन्न लीलाओं का उल्लेख करते हुए रासलीला का दिव्य वर्णन किया, जो भक्तों को मंत्रमुग्ध कर गया। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने कंस का संहार कर द्वारिकाधीस का रूप धारण किया। आज की कथा में रुक्मिणी विवाह की झांकी भी दिखाई गई, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े ध्यान से सुना और देखा। कथा यज्ञ में यजमान सोबन सिंह बिष्ट, लाखन सिंह बिष्ट, डा. एसडी तिवारी, दयाकिशन पाण्डेय, अरविन्द नेगी, राधिका जोशी, और कैलाश बिष्ट थे। कथा आयोजन में आचार्य प्रमोद जोशी, आचार्य प्रकाश चन्द्र जोशी, पं. हेम चन्द्र जोशी, आचार्य गोविन्द बल्लभ जोशी और प्रशान्त जोशी सहित अन्य विद्वान पुरोहितों ने वैदिक विधि से पूजन कराया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्राचीन उत्तरायणी कौतिक का पवित्र शारदा लाल कोठी में आगाज, तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा वन रेंज के जंगल में मनोहारी स्थल शारदा नहर के लाल कोठी में तीन दिवसीय प्राचीन उत्तरायणी कौतिक की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। लाल कोठी स्थित पवित्र शारदा तट पर उत्तरायणी पर्व मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले इस मेले में बच्चों के मुंडन एवं यज्ञो पवित के लिए शुभ मुहूर्त माना जाता है।

इस स्थान पर बड़ी संख्या में निशुल्क मुंडन एवं यज्ञो पवितत संस्कार किए जाते हैं। उत्तरायणी मेला लाल कोठी के मेला कमेटी अध्यक्ष व संस्थापक भूपेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि मेले को इस बार बेहद भव्य एवं आकर्षक मनाने के लिए कमेटी द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं।

खटीमा रेंज के घने जंगल एवं पवित्र शारदा के सुरंम्य वातावरण में मेलार्थी गंगा स्नान के साथ ही प्राचीन बालीचंद एवं शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। मेला स्थल पर क्षेत्र के कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलता है। इस स्थान पर 14, 15 व 16 जनवरी तक चलने वाले मेले में खटीमा सहित नेपाल के दूर दराज के ग्रामों से लोग यहां पहुंचते हैं और यहां लगने वाले बाजार से अपनी-अपनी जरूरतों का सामान मुनासिफ रेट पर खरीद करते हैं।

मेलार्थियों एवं बच्चों के मनो. रंजन हेतु झूले, चरखे, नाव आदि तमाम मनोरंजन सामग्री का आनंद लेते हैं। मेले में खिचड़ी, अचार, चटनी का भी आनंद लेते हैं । कमेटी अध्यक्ष खोलिया ने बताया कि इस मकर संक्रांति के अवसर पर प्राचीन बाली चंद मंदिर में अखंड रामायण पाठ वह भंडारे का आयोजन इस अवसर पर किया जाता है। मेले की तैयारी में बसंत जोशी, देवेंद्र कन्याल, रामू जेठी, नवीन बोरा, बालवीर खोलिया, पूरन जोशी, राम सिंह धामी आदि लगे हैं।

# टायरों के गोदाम में हुआ अग्निकांड

## कुर्सी बनाने की दूसरी फैक्ट्री को भी लिया चपेट में, लगभग बीस लाख की क्षति

- आग लगने से लगभग 60 से 70 लाख का नुकसान, हड़कंप मचा
- दमकल की आध दर्जन गाड़ियों ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज शुक्रवार प्रात: टायरों की एक फैक्ट्री और गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल की लगभग आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह आज पर काबू पाया। लेकिन तब तक फैक्ट्री और गोदाम में रखे सैकड़ों की संख्या में छोटे और बड़े टायर जल कर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम की बिल्डिंग भी ध्वस्त हो गई तथा एक बाइक भी आग की चपेट में आ गई। इस अग्निकांड में लगभग 60 से 70 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है । इस दौरान समीप की दूसरी



फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गई।

जानकारी के मुताबिक कनकपुर निवासी गुरप्रीत सिंह की बसंत विहार तीन पानी के पास भदईपुरा में गुरप्रीत इंटरप्राइजेज के नाम से टायरों की फैक्ट्री और गोदाम है । बीती रात वह अपने घर चले गए। आज शुक्रवार प्रात: लगभग 7:00 बजे आसपास के लोगों ने फैक्ट्री और गोदाम से धुआं निकलता हुआ देखा और इसकी सूचना गुरप्रीत सिंह को दी। जिस पर वह तत्काल गुरप्रीत सिंह मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने किसी तरह से गोदाम और फैक्ट्री के शटर खोले तो देखा अंदर भीषण आग लगी हुई थी।

दमकल की लगभग आधा दर्जन गाड़ियों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत की और किसी तरह से आग पर काबू पाया। तब तक वहां रखे वाहनों के सैकड़ों टायर जल कर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम की बिल्डिंग भी ध्वस्त हो गई और ऑफिस भी पूरी तरह से आग के हवाले हो गया। वहां रखी एक बाइक भी पूरी तरह से जल गई।

गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह पूरे कुमाऊं में टायरों की सप्लाई करते हैं। इस अग्निकांड में 60 से 70 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो गया है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। फिलहाल अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

इस दौरान समीप की कुर्सी बनाने की दूसरी फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गई, जिसमें सारा सामान मोटर, मशीनरी जल कर राख हो गई। जिसमें लगभग बीस लाख रुपये का नुकसान हो गया है। दमकल विभाग की टीम में महेश चंद्र, नवल प्रभात, प्रकाश पांडे, सुजीत काला, दीपक बिष्ट, गंगोत्री, सुरेश, सुंदर सिंह, गिरीश बिष्ट, नरेश, मदन सिंह ,गौरी मौजूद थे।

## एक नजर

# तीन दिवसीय हर्टफुलनेस सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विलेज कनेक्ट के अंतर्गत रुद्रपुर व गदरपुर की हार्टफुलनेस वॉलिंटियर्स की टीम के द्वारा केंद्र समन्वयक डॉक्टर सीमा अरोरा के कुशल नेतृत्व में सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडिटेशन को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम शिवपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन की जय मां काली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए तीन दिवसीय हार्टफुलनेस सत्रों का आयोजन किया गया।



क्लस्टर प्रमुख करुणा ने इन सत्रों को को-ऑर्डिनेट किया। प्रथम सत्र में ब्राइटर माइंड्स की दो क्रियाओं का अभ्यास कराने के बाद रिलैक्सेशन व ध्यान का अनुभव कराया गया। द्वितीय सत्र में योगा एवं सफाई की प्रक्रिया के साथ ध्यान का अनुभव कराया गया तथा तीसरे सत्र में कुछ मुद्राएं बताई गई । उसके बाद प्रार्थना एवं आंतरिक जुड़ाव के साथ ध्यान का अनुभव कराया गया। प्रथम दिन 62 महिलाओं, द्वितीय दिन 22 व तीसरे दिन 54 महिलाओं ने प्रतिभाग लिया, जिनमें मुख्यत: भवानी, सुप्रिया, प्रियंका, आशा, गुलाबी, प्रिया व विशाखा आदि उपस्थिति रही। हार्टफुलनेस वॉलिंटियर्स जीएस पाल, विशम्भर, शिव कुमार, अनंत, संदीप दत्ता, रजनी गुलाटी, अंजू पाल, रश्मि, राधा, प्रशस्ति, रीता ने पूर्ण सहयोग दिया।

# सड़क किनारे मिला मजदूर का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा मार्ग पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पाए जाने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। बाद में मृतक की शिनाख्त की गई।

बताया जाता है कि शुक्रवार प्रात: राह गुजरते लोगों ने किच्छा मार्ग पर राधा स्वामी सत्संग के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति को बेसुध अवस्था में पड़ा देखा, जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर उस व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। जिसके बाद मृतक की शिनाख्त मूल निवासी ग्राम समस्तपुर थाना मीरगंज बरेली हाल निवासी भदईपुरा 45 वर्षीय मुकेश पुत्र पंचम के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि मुकेश मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था और नशे का आदी था। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह मुकेश घर से मजदूरी करने के लिए गया था, लेकिन उसके बाद से घर वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा उसकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। आज उन्हें पता चला कि मुकेश का शव सड़क किनारे बरामद किया गया है। मुकेश की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक का एक पुत्र 14 वर्षीय सूरज और एक पुत्री 15 वर्षीय पूजा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# चिकित्सालयों में सुविधाओं व औषधियों पर रखें विशेष ध्यान: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनस्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए चिकित्सालयों में सभी सुविधाएं व औषधियां उपलब्ध हो साथ ही चिकित्सालयों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैम्प कार्यालय में एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय काशीपुर चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुए दिए।



चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुए श्री भदौरिया ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि चिकित्सालय गेट के पास जल भराव से निजाद हेतु सही तरीके से ड्रेनेज बनाया जाए व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उरेडा विभाग के माध्यम से चिकित्सालय में सौर उर्जा प्लांट लगाया जाए, ताकि विद्युत पर होने वाले व्यय की बचत हो सकें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वायो मेडिकल वेस्ट बाहर खुले में कही भी नजर नहीं आना चाहिए उसे निरंतर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में खराब सीसी टीवी कैमरों के स्थान पर नये सीसी टीवी कैमरा लगाया जाए। उन्होंने चिकित्सालय के खराब पुराने वाहनो की नीलामी कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए। प्रबंधन समिति द्वारा चिकित्सालय के प्रयोग हेतु 02 कम्प्यूटर, 02 प्रिंटर, 02 ऑलवेदर हॉट एवं कूल एसी लगाये जाने, लेबर रूम को सीलन से बचाने के लिये वॉटरप्रूफ बनाने की अनुमति दी गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप दीक्षित उपस्थित थे व वर्चुअल के माध्यम से उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह आदि जुड़े थे।

# शिविर में बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्य विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में शुक्रवार को नागरिक चिकित्सालय की परिसर में डॉ वीपी सिंह के नेतृत्व में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डा. देशदीपक द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं डा. शैलजा द्वारा कुपोषित बच्चों की वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को पोषण संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया तथा संतुलित आहार के महत्व



के बारे में जागरूक किया गया। वहीं काउंसलर विजेता पांडेय ने अभिभावक को प्रोटीन डाइट और पोषक आहार की जानकारी दी। डा. शैलजा ने बताया कि नार्मल हाइट, वजन और जन्म के समय बच्चों का वजन कितना होना चाहिये और कुपोषित अतिकुपोषित बच्चों के लक्षण के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर उपस्थित

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाया जा सके।

इस दौरान डा. वीपी सिंह, डा. अकलीम, डा. शैलजा, डा. देशद. ीपक, विजेता पांडेय, आगनवाड़ी सुपरवाइजर विनीता, मीरा, कृष्णा आर्य, रेखा राना, आगनवाड़ी कार्यकत्री मीनू जोशी, सुमन, सुमन राणा, ब्रिटानिया फाउंडेशन से मोि. हत एवं फार्मासिस्ट अनिता आदि उपस्थित रहे।

# महिला एकता मंच ने निकाला जुलूस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** महिला एकता मंच द्वारा अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर मालधन में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में महिलाओं ने अंकिता की हत्या में शामिल वीआईपी का पर्दाफाश किये जाने, वनंतरा रिजोर्ट में सबूत मिटाने के लिए बुलडोजर चलाने वाले अधिकारियों एवं भाजपा नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने,कार्य स्थल पर महिलाओं को सुरक्षा दिये जाने और सभी को नियमित एवं सम्मानजनक रोजगार की गारंटी दिए जाने की मांग की।

मालधन चौड़ पर आयोजित सभा का संचालन करते हुए सरस्वती जोशी ने कहा कि अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड में उर्मिला सनावर की जो वीडियो सामने आयी है। उसमें वीआईपी के रूप में पूर्व भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम उर्फ गट्टू का नाम उजागर किया गया है और कुछ वीडियो भी सबूत के तौर पर प्रशासन को दी गई है। उसके बाद भी भाजपा सरकार अंकिता की हत्या में संलिप्त वीआईपी को बचा रही है। महिलाओं के साथ हो रही हिंसा को नजर अंदाज कर अपराधियों को संरक्षण दे रही है। यहां ललिता रावत, भगवती आर्य, भावना आर्या, गिरिश आर्या, इन्द्रजीत, पुष्पा कोहली, सरला,ममता आदि सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकारी तंत्र का कारनामा: आम के आम और गुठलियों के दाम

## सरपुड़ा-बग्घा मार्ग निर्माण में जंगल की मिट्टी इस्तेमाल कर स्वीकृत 80 लाख बचाने की कवायद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** दो करोड़ 68 लाख की लागत से निर्माणाधीन यूपी सीमा से लगे सरपुरा- बग्घा जंगल मार्ग आज एक बार फिर सुर्खियों में है। मार्ग निरीक्षण करने गए खटीमा के विधायक उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने मौके की स्थिति का वीडियो वायरल करते हुए वन विभाग व निर्माण इकाई की पोल पट्टी खोली है।

वायरल वीडियो में कहा है कि मार्ग निर्माण हेतु 80 लाख रुपये की डीपीआर केवल मिट्टी कार्य के लिए निर्धारित है। मार्ग निर्माण में यदि रोड के दोनों ओर से जंगल की मिट्टी जेसीबी लगाकर खोदी जानी थी तो 80 लाख रुपये क्यों स्वीकृत हुए हैं। जबकि मार्ग के दोनों ओर जंगल में दो किलोमीटर से अधिक दूरी तक 10-10 फीट के गहरे गड्ढे बना दिए गए हैं।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी के अनुसार सरपुडा- बग्गा मार्ग की स्वीकृति सीएम घोषणा में शुमार है। वन भूमि के बीच मार्ग का निर्माण होने से इसका बजट भी वन विभाग को हस्तांतरित हुआ है, उन्हीं की देखरेख में निर्माण इकाई कार्य कर रही है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सरपुड़ा- बग्घा मार्ग में सरकारी बजट का खुलेआम दुरुपयोग बताया जा रहा है। मार्ग के दोनों ओर इस मार्गदर्शन के दौरान उप नेता प्रतिपक्ष से विधायक काफी ने पाया की स्वीकृति मिट्टी के लिए 80 लाख की मोटी रकम को बचाने के लिए वन विभाग एवं निर्माण इकाई द्वारा आपसी तालमेल कर जंगल की मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। मार्ग के किनारे साल के पेड़ एवं विद्युत पोल भी मिट्टी खोदे जाने से असुरक्षित स्थिति में खड़े हैं।

इस मामले की शिकायत उपनेता प्रतिपक्ष कापडी ने डीएफओ सहित एसडीओ से की थी। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने उचित कार्यालय का आश्वासन दिया था। लेकिन वर्तमान में तालमेल बैठाकर मार्ग के किनारे की मिट्टी खोदकर मार्ग में डाली जा रही है।

इधर प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बांगरी ने कहा कि सरपुड़ा- बग्घा मार्ग में हो रहे अपराध पहले ही पंजीकृत हैं। इस मामले में जांच कर वन विभाग वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगा।



# सड़क पर भिड़े मवेशी कार हुई क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बाजार चौकी के सामने हाईवे पर कई लावारिस मवेशी आपस में भिड़ गए। इसकी चपेट में एक बाइक सवार आकर सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रहे चोपहिया वाहन चालक ने समय पर ब्रेक लगा लिया नहीं तो दुर्घटना हो सकती थी। सड़क पर लावारिश पशु जमकर तांडव कर रहे हैं। पुलिस पानी डालकर उनको भगा रही है। बमुश्किल मवेशी वहां से हटकर पुरानी तहसील में चले गए। जहां मवेशियों की भीषण लड़ाई हो गई। इसकी चपेट में आकर एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने काफी देर तक इन्हें हटाने की कोशिश की। मवेशियों की लड़ाई से सुबह सुबह बाजार में अफरा-तफरी मची रही।

# बाघ को ट्रेंकुलाइज कर ढेला रेंज के रेस्क्यू सेंटर भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज में दो जनवरी को 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की जान लेने वाले संदिग्ध बाघ को पार्क प्रशासन ने शुक्रवार सुबह तड़के सफलतापूर्वक ट्रेंकुलाइज कर लिया। यह कार्रवाई सुबह करीब 2:30 बजे की गई। बाघ को बेहोश करने के बाद उसे कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। जहां विशेषज्ञ और कॉर्बेट पार्क के वरिष्ठ चिकित्सा धिकारी डा. दुष्यंत शर्मा व उनकी टीम द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिद. ेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि दो जनवरी को रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सांवल्दे गांव के जंगल में लकड़ी काटने गई महिला पर बाघ ने हमला किया था। बाघ महिला को घसीटते हुए जंगल के भीतर ले गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। मृतक महिला की पहचान 60 वर्षीय सखियां देवी पत्नी चंदू सिंह, निवासी सांवल्दे गांव के रूप में हुई थी। वह बक्सा समुदाय से ताल्लुक रखती थीं और रोजाना की तरह गांव की अन्य महिलाओं के साथ घर के पास जंगल में लकड़ी लेने गई थीं। घटना के बाद से ही क्षेत्र में दहशत का माहौल था।

पार्क प्रशासन द्वारा लगातार इलाके की निगरानी की जा रही थी। उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आसपास कैमरा ट्रैप लगाए गए थे, साथ ही पिंजरा भी रखा गया था। कैमरा ट्रैप में जिस बाघ की गतिविधियां लगातार रिकॉर्ड हो रही थीं, उसी के आधार पर आज तड़के उसे ट्रेंकुलाइज किया गया।

उन्होंने बताया कि ट्रेंकुलाइज किया गया बाघ नर मेल टाइगर है, जिसकी उम्र करीब 5 से 7 वर्ष के बीच आंकी गई है,फिलहाल बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि घटना वाले क्षेत्र में कई अन्य बाघों की भी मौजूदगी थी, लेकिन जिस बाघ को ट्रेंकुलाइज किया गया है, वह कैमरा ट्रैप में बार-बार उसी इलाके में दिखाई दिया था, जहां घटना हुई थी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल की ओर जाते समय सतर्क रहें और वन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# स्कूल के निर्धन छात्रों को बांटे स्वेटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रमुख राज्य आंदोलनकारी एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे स्वर्गीय गणेश मुंडेला की जयंती को युवाओं ने सेवा, परोपकार एवं सामाजिक दायित्व निर्वाहन के संकल्प के साथ मनाया। इस अवसर पर युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि स्वर्गीय गणेश मुंडेला के सुपुत्र दीपक मुंडेला ने अपने पिता की जयंती पर अपने पिता के द्वारा सिखाए सामाजिक सरो. कारों के कार्यों के पद चिन्हों पर चलते हुए में समाज के युवाओं एवं नौनिहालों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ सराहनीय कार्य किया।

दीपक मुंडेला एवं उनकी टीम ने बिगराबाग न्याय पंचायत के बुड़ाबाग सहित विभिन्न प्राथमिक विधालय के बच्चों को शीत ऋतु से बचाने हेतु लगभग 400 स्वेटरों का वितरण कर बच्चों के बीच इस खुशी को साझा किया। इस मौके पर नि:शुल्क स्वेटर पाकर नन्हें मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे। वहीं बच्चो ने दीपक भैया थैंक्यू बोल कर दीपक मुडेला पर अपना स्नेह वर्षाया। इसके साथ ही सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन कर रहे दीपक के कार्यों की उनके साथियों एवं स्कूल स्टाफ ने भी सराहना की। साथ ही समाज के अन्य युवाओं को भी दीपक की तरह आगे बढ़ कर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने की बात कही। वहीं अपने पिता स्वर्गीय गणेश मुंडेला की जयंती पर सामाजिक कार्यों की शुरुवात कर रहे दीपक ने कहा कि उनके पिता ने



अपने जीवन में सदैव युवाओं को आगे बढ़ाने, खेल के लिए प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा की ज्योति हर नौनिहाल तक पहुंचाने के लिए कार्य किया।

समाज के प्रति उनके समर्पण की सिख को आत्मसात कर आज उन्होंने भी उनकी जयंती पर नौनिहालों को इस भीषण ठंड के मौसम में सैकड़ों स्वेटर का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सेवा कार्य अनवरत आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर नीरज सिंह कन्याल, लक्ष्मण सिंह राणा, रोहित गंगवार, हिमांशु सिंह चौहान, प्रियांशु सोनकर, गुफरान रजा, युवराज प्रताप सिंह, आयुश ऐरी, मेघना गुप्ता, कोमल चंद, लक्ष्मी सामंत, मुस्कान मुंडेला, कोमल भंडारी, अरशद अंसारी तथा परवेज अख्तर आदि मौजूद रहे।

# पालतू कुत्ता ने बाघ से भिड कर युवक की बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम मदनपुर गैबुआ क्षेत्र में एक बाघ ने युवक पर हमले का प्रयास किया, लेकिन युवक के पालतू कुत्ता, बाघ से भिड़ गया और बाघ के हमले में अपनी जान गंवा बैठा।

ग्राम मदनपुर गैबुआ क्षेत्र में रक्षित पांडे अपने पालतू कुत्ते के साथ खेत पर गन्ना खाने के लिए चला गया।इसी दौरान घात लगाए बैठा बाघ ने रक्षित पर हमले का प्रयास किया, लेकिन बाघ से कुत्ता भिड़ गया। बाघ के हमले में कुत्ते की मौत हो गई। रक्षित ने इसकी सूचना परिजनों और ग्रामीणों को दी। भाजपा नेता विपिन कांडपाल ने बताया कि उन्होंने इसकी सूचना तराई पश्चिम वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कुत्ते का पोस्टमार्टम किया गया। विपिन कांडपाल ने बताया कि शाम होते ही ग्रामीणों को दहशत हो जाती है और ग्रामीणों ने दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द बाघ को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# महापौर ने इंदिरा कॉलोनी में किया गुरुद्वारा रोड का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वार्ड-34 इंदिरा कॉलोनी में गुरुद्वारा रोड के नवनिर्मित मार्ग का मेयर विकास शर्मा ने लोकार्पण किया। सड़क की बदहाल स्थिति से लंबे समय से परेशान वार्डवासियों ने निर्माण कार्य पूर्ण होने पर खुशी जताई और मेयर व क्षेत्रीय पार्षद इंद्रजीत सिंह का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। स्थानीय लोगों ने मेयर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके त्वरित विकास कार्यों की सराहना की। मेयर विकास शर्मा ने कहा कि बीते दस महीनों में नगर निगम ने विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विकास केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि आम नागरिक को धरातल पर उसका लाभ मिले।

यहां पार्षद इंद्रजीत सिंह ने मेयर द्वारा लिए जा रहे त्वरित निर्णयों और विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में पार्षद सुशील चौहान, गुरुद्वारा प्रधान चरणजीत सिंह, सरपरस्त जगीर सिंह, बलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, राजेंद्र सिंह, दीदार सिंह, पारस चुघ, राजकुमार, अरुण अरोरा, समरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, बिट्टू, शंकर गुप्ता, सुधीर, चंद्रपाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कॉर्बेट प्रशासन पर लगाया मनमानी करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति ने ग्राम सांवल्दे में चौकी में प्रस्तावित धरना टाइगर के पकड़े जाने पर स्थगित कर सांवल्दे बबलिया में बैठक की गई।

शुक्रवार को हुई बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि कॉर्बेट प्रशासन पारदर्शिता से काम करने की जगह मनमानी कर रहा है। उन्हें टाइगर के पकड़े जाने की सूचना समाचार पत्रों द्वारा प्राप्त हुई है। मीडियो रिपोर्ट के अनुसार उसे क्षेत्र में तीन टाइगर है और सुखिया को मारने वाला टाइगर इनमें कौन सा है इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं है। जिस कारण गांव वाले बेहद भयभीत है। बैठक में महेश जोशी ने कहा कि कॉर्बेट पार्क में 260 से अधिक टाइगर हैं, जबकि इसकी धारण क्षमता 60-70 टाइगर से ज्यादा नहीं है। इसलिए कार्बेट पार्क की धारण क्षमता से अधिक टाइगरों को तत्काल हटाया जाए। यहां संजय मेहता, कौशल्या, मुनीष कुमार, धर्म सिंह, तुलसी बेलवाल, नीरज सती, सुनीता, गीता, अनीता, विमला देवी, गंगा देवी, राशिद हुसैन, वीना, राजेश समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक:-749/सूचना/2025-26 दिनांक:-09-01-2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 11 क्रमांक 91 पर श्री मुन्ने पुत्र मासूक अली का नाम अंकित है, जो कि गलत अंकित है। इनके द्वारा अपने आवेदन प्रार्थना / शपथ पत्र के साथ संलग्न आधार कार्ड, पहचान पत्र व पासपोर्ट में अपना नाम मुन्ने उर्फ मेहमूद अली एक ही पुरूष के दो नाम है मेहमूद अली द्वारा पत्रावली प्रस्तुत कर नगर पालिका के गृहकर अभिलेखों में अपना नाम मेहमूद अली पुत्र मशुक अली दर्ज कराने के लिए अनुरोध किया गया है, कि भविष्य में मुझे मेहमूद अली के नाम से जाना जाये, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार इस सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# स्मैक तस्कर को पुलिस ने दबोचा

■ आरोपी के कब्जे से 20.60 ग्राम स्मैक की बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान नशा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं, जिसके कब्जे से पुलिस को भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ है।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 20.60 ग्राम स्मैक बरामद की है।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हरविंदर सिंह उर्फ हरजिंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी ग्राम गिधौर, नानकमत्ता बताया है। पूछताछ में आरोपी ने ग्राम गिधौर के अन्य नशा तस्करों के बारे में भी बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8/21 के तहत अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही दीपक कुमार, नीरज नेगी शामिल हैं।

## प्रतापपुर चौकी प्रभारी नशा तस्करों पर भारी

**नानकमत्ता।** जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में प्रतापपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत द्वारा स्मैक तस्करों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है, जिससे नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

**पुलिस की सख्ती से नशा तस्करों में मची हैं खलबली**

बता दें कि नानकमत्ता पुलिस की नशे की ओर की जाने वाली कार्रवाई में अब तक कई बड़े नशा तस्करों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 1.321 किलोग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर एसके सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर विभव सैनी एवं प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के निर्देशन में चेकिंग के दौरान कोतवाली बाजपुर पुलिस, एएनटीएफ टीम एवं डॉग स्क्वाड की संयुक्त टीम ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मामले का खुलासा शुक्रवार को सीओ विभव सैनी ने किया। पुलिस टीम ने संधू ढाबा नामधारी कट से लगभग 200 मीटर रुद्रपुर की ओर चेकिंग के दौरान दामोदर लाल शर्मा पुत्र दीपचंद शर्मा, निवासी वार्ड नंबर 9 शास्त्री नगर केलाखेड़ा को 1.18 किलोग्राम अफीम,तथा नवल किशोर पुत्र रामकुंवर, निवासी ग्राम जालफ नगला, थाना स्वार (रामपुर) को 303 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 1.321 किलोग्राम प्रतिबंधित अफीम, एक आसमानी रंग का सैमसंग मोबाइल फोन एवं 1800 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है।

इस संबंध में थाना बाजपुर में मुकदमा एफआईआर संख्या 08/2006, धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, एएनटीएफ के हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, विजय पाल सिंह, कैलाश पांडे एवं राकेश कुमार शामिल रहे। इस दौरान सीओ विभव सैनी ने बताया कि एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### एक नजर

# नेशनल हाईवे पर कार पलटी दो युवक गंभीर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** नेशनल हाईवे पर स्थित सेवन हेवन होटल के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस केलाखेड़ा की मदद से घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार की रात्रि तहसील फाजिल्का (पंजाब) निवासी 38 वर्षीय रूपेंद्र सिंह पुत्र अमरीत सिंह अपने साथी 34 वर्षीय राज कांबोज पुत्र महेंद्र, कार से दोराहा से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर सेवन हेवन होटल के पास कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला गया। शुक्रवार सुबह को उन्हें उप जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक नशे की हालत में बताए जा रहे हैं।घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को महिलाओं, युवाओं-बच्चों ने निकाला कैंडल मार्च




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में महिलाओं, युवाओं-बच्चों ने ग्राम हिम्मतपुर दोटीयाल से सेमलखलिया चौराहे तक केंडल मार्च निकाला गया। केंडल मार्च के दौरान लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अंकिता को न्याय दो" जैसे नारों के साथ अपना आक्रोश जाहिर किया।

कैंडल मार्च को संबोधित करते हुए संजय नेगी और मंजू नेगी ने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में लगातार बड़े और प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार उन्हें बचाने और संरक्षण देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की चुप्पी यह दर्शाती है कि वह सच्चाई सामने आने से डर रही है। यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए है।सवाल उठाया कि जब इस मामले में कई वीआईपी के नाम सामने आ चुके हैं, तो सरकार सीबीआई जांच से क्यों बच रही है। यदि सरकार और संबंधित लोग निर्दोष हैं, तो उन्हें सीबीआई जांच से डरने की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सिर्फ एक कैंडल मार्च नहीं, बल्कि सरकार को जगाने का प्रयास है।कैंडल मार्च में शामिल महिलाओं, बच्चों और युवतियों ने एक स्वर में कहा कि अंकिता भंडारी को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए और इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक ऐसे शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेंगे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम बिष्ट,क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र रावत,क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धीरेन्द चौहान, प्रधान रचना रावत,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कडाकोटी,छात्र संघ अध्यक्ष किशन कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष खुशी कश्यप,छात्रसंघ कोषाध्यक्ष संक्रांत सिंह, सांस्कृतिक सचिव कृतिका आदि सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल रहे।

# विशेष प्रशिक्षण शिविर में 84 खिलाड़ियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

शाह टाइम्स संवाददाता



**पिथौरागढ़।** खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के सौजन्य एवं जिला प्रशासनके मार्गदर्शन में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान एवं ट्राइबल सब प्लान के अन्तर्गत जोहार खेल मैदान मुनस्यारी में एथलेटिक्स, फुटबॉल व बॉक्सिंग तथा जवाहर सिंह नबियाल स्टेडियम धारचूला में ताइक्वांडो खेल में अनुसूचित जाति-जनजाति के बालक-बालि. काओं का 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर जारी है।

एथलेटिक्स खेल में 14 खिलाड़ियों को प्रशिक्षक भावेश भट्ट, फुटबॉल व बॉक्सिंग खेल में 18-18 खिलाड़ियों को प्रशिक्षक कैलाश लस्पाल व महिमा विश्वकर्मा तथा ताइक्वाडों खेल में 34 खिलाड़ियों को प्रशिक्षक धरम सिंह द्वारा खेलों की बारीकियां, मूल तकनीकियों, फिटनैश, अनुशासन एवं खेल प्रशिक्षण की जानकारी दी जा रही है। खिलाड़ियों के शारी. रिक, मानसिक एवं खेल कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन 12 जनवरी को किया जाएगा तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

आज 09 जनवरी, 2026 को जोहार खेल मैदान, मुनस्यारी में विशेष प्रशिक्षण शिविर का 'निरीक्षण विक्रम सिंह पांगती, सभासद, वार्ड बूॅगा, नगर पंचायत मुनस्यारी' द्वारा किया गया, उनके द्वारा खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हे दिये जा रहे प्रशिक्षण एवं भोजन व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा बालक-बालिका खिलाड़ियों से खेल के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, खेल कौशल एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आहवान किया। यहां कैलाश लस्पाल, भावेश भट्ट, महिमा विश्वकर्मा, गौरव राणा, भूपेन्द्र सिंह धामी, पवन कोरंगा, लवराज, नितीश एवं राहुल आदि मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने विधायक कापड़ी का फूंका पुतला



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी का पुतला दहन किया। भाजपाई विधायक कापड़ी पर विकास कार्यों योजनाओं का विरोध करने का आरोप लगा रहे थे। उन्होंने कापड़ी पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि खराब करने का भी आरोप लगाया।

नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्रित भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक कापड़ी के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की और उन पर झूठी राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय जनता विधायक की दोहरी नीति से भली-भांति परिचित हो चुकी है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने विधायक कापड़ी के पुतले को आग के हवाले किया।

इस दौरान वहां युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, हिमांशु बिष्ट, मनोज वाधवा, ललित बोरा, रामू भारती, नवल वाल्मीकि, विनीता सक्सेना, आशु भारती, रवि सक्सेना, संजय पिलख्वाल, प्रकाश आर्य, जितेंद्र विश्वकर्मा, शुभम वाल्मीकि, सशंक वर्मा आदि उपस्थित थे।

# पॉलीथिन का प्रयोग करने पर कार्रवाई होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** नगर पालिका ने पॉलीथिन का प्रयोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को नगर पालिका के ईई सौरभ नेगी के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों ने नगर में लोगों को जागरूक किया। कहा कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पालिका का कहना है कि नालियों से बाहर सामान लगाने से जल निकासी बाधित होती है। जबकि पॉलीथिन का प्रयोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है।

इस अभियान से नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम ने दिए निर्माणाधीन एटीएस भवन को मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन एटीएस (ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर) भवन की प्रगति को लेकर संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्था के साथ बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान एटीएस भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों तथा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि एटीएस भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए तथा सभी तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता मानदंडों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि एटीएस भवन के संचालन से क्षेत्र में वाहनों की फिटनेस जांच आधुनिक एवं स्वचालित मशीनों के माध्यम से, बिना मानवीय हस्तक्षेप के और कम समय में संभव हो सकेगी, जिससे पारदर्शिता और सुविधा में वृद्धि होगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को 04 किमी सड़क की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण करने के साथ ही मार्ग से संबंधित सभी अवशेष कार्यों को भी तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एटीएस के प्रभावी संचालन के दृष्टिगत मार्ग की बेहतर स्थिति अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्माण एवं सड़क कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में तजव प्रशासन अभिनव गहतोड़ी,सहायक अभियंता लोनिवि दिनेश जोशी,संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिविर 17 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत भुवनेश्वर, प्राथमिक पाठशाला भुवनेश्वर, विकास खण्ड बेरीनाग में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी आशीष जोशी द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 17 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, 10 खाता-खतौनी एवं 07 स्थायी/जाति प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 12 व्यक्तियों को विभागीय योजनाओं से संतृप्त करने की कार्यवाही की गई। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 41 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 10 बीपीएल क्रमांक, 05 सैक डेटा एवं 04 जॉब कार्ड प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, साथ ही 32 व्यक्तियों को सामग्री विक्रय (यूसीसी) किया गया तथा 35 परिवारों के 42 व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही की गई।

शिविर में हेमराज बिष्ट, फकीर राम टम्टा सहित 78 जनप्रतिनिधियों एवं 83 अधिकारी/कार्मिकों की उपस्थिति रही।

# होटल में रुके युवक की हृदय गति रुकने से मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** नैनीताल घूमने के बाद वापस लौटते समय झनकट एक होटल में रुके युवक की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। युवक नैनीताल परिवार सहित घूमकर वापस लौट रहा था। पीलीभीत के रास्ते लखनऊ जाने के लिए जाते समय रात होने के कारण झनकट के ही एक होटल में परिवार रुक गया। सुबह छह बजे युवक को दिल का दौरान पड़ गया।

लखनऊ के आलमबाग निवासी 46 वर्षीय शैलेंद्र यादव अपनी पत्नी राधिका यादव, पुत्र अभिमन्यु, पुत्री दृष्टि यादव व भांजा धनंजय यादव व उसके परिवार के साथ तीन दिन पूर्व नैनीताल घूमने आए थे। नैनीताल घूमने के बाद गुरुवार देर शाम खटीमा से पीलीभीत होते घर लौट रहे थे। कोहरे व कड़ाके की ठंड के चलते वह झनकट स्थित एक होटल में परिवार सहित ठहर गए। शुक्रवार सुबह छह बजे शैलेंद्र यादव की अचानक तबीयत खराब होने पर सीने में दर्द होने लगा। इस पर परिजन उन्हें उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने शैलेंद्र यादव को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार को परि. जनों ने एसडीएम को शव के पोस्टमार्टम न कराने का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर एसडीएम व सीओ ने सीएमएस को बिना पोस्टमार्टम के शव परि. जनों को सौंपने के निर्देश दिए। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि इस मामले में पुलिस की रिपोर्ट आई थी कि कोई अपराध नहीं हुआ है। युवक की मौत हृदयगति रुकने से ही स्वाभाविक मृत्यु हुई।

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को छात्र संघ ने निकाला कैंडिल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च कॉलेज से शुरू होकर रुद्रपुर के बाटा चौक तक पहुंचा, जहां छात्रों ने मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

कैंडल मार्च के दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है और जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलता, तब तक छात्र आंदोलनरत रहेंगे। उपाध्यक्ष चेतन भट्ट ने कहा कि यह मार्च केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि व्यवस्था के खिलाफ एक शांतिपूर्ण विरोध है। छात्रों ने हाथों में मोमबत्तियां और न्याय की मांग से जुड़े नारे लिखी तख्तियां लेकर सरकार से त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की अपील की। कैंडिल मार्च में सचिव जसवंत गंगवार, दक्ष कालरा, चेतन, पिंकी जोशी, आवेश पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रथम फेज में 90 लाख की लागत से बनेगा खटीमा में भव्य सिटी पार्क

■ डीएफओ बांगरी, एसडीओ तथा रेंजर ने किया स्थलीय निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर के पीलीभीत रोड स्थित वन विभाग के ऑक्सीजन पार्क की 17 हेक्टेयर वन भूमि में भव्य सिटी फारेस्ट पार्क बनाए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इस संबंध में शुक्रवार को तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु बांगरी ने एसडीओ और रेंजर के साथ ऑक्सीजन पार्क में हो रहे निर्माण कार्य सहित अन्य निर्माण संबंधित जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने पार्क को भव्य एवं खूबसूरत बनाने को लेकर स्थानीय वन अधिकारियों से चर्चा की।

डीएफओ हिमांशु बांगरी ने बताया कि खटीमा में दो हेक्टेयर भूमि पर 2021 से ऑक्सीजन पार्क संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन पार्क से लगी 15 हेक्टेयर वन भूमि सहित कुल 17 हेक्टेयर वन भूमि पर सिटी फारेस्ट विकसित किया जा रहा है। इसमें बच्चों के पार्क, व्यस्कों के लिए ओपन जिम, खेल के सामान सहित विभिन्न गति. विधियों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है। डीएफओ बांगरी ने कहा कि आज ऑक्सीजन पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर यह देखा गया कि निर्माण कार्य के अनुरूप कौन सी गतिविधि को किस जगह विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रथम फेज में लगभग 90 लाख की लागत से सिटी फारेस्ट पार्क का निर्माण होना है। टोयटा कंपनी से इस पार्क में सीएसआर फंड से दिए जाने वाले जिम एवं बच्चो के खेलने के झूले एवं अन्य सामान भी प्लांट किया जाना है।डीएफओ ने कहा की दूसरे फेज के लिए दो से तीन करोड़ का प्रोजेक्ट बनाकर विभाग को भेजा जा रहा है ताकि पूरे सत्रह हेक्टेयर वन भूमि पर भव्य सिटी फारेस्ट पार्क बन कर तैयार हो सके। डीएफओ के अनुसार मार्च 2026 तक सिटी फारेस्ट पार्क का कार्य पूर्ण किया जाना है। जिसको लेकर कार्य गतिमान है।

इस अवसर पर एसडीओ खटीमा संचिता वर्मा, रेंजर हरेंद्र सिंह बिष्ट, ट्रेनी वन क्षेत्राधिकारी डोली डोभाल तथा वन दरोगा अमर सिंह सहित अन्य वन कर्मी मौजूद रहे।

# सौ मीटर रेस में विजेता बने राकेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** चम्पावत में विधान सभा स्तरीय खेल महाकुंभ का समापन हुआ। समापन पर अंडर-19 बालक वर्ग की खेल प्रतियोगिता हुई। सौ मीटर रेस में राकेश सिंह विजेता बने। चम्पावत गोरलचौड़ मैदान में शुक्रवार को राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता संपन्न हुई।

डीओ जसवंत खड़ायत ने बताया कि सौ मीटर रेस में राकेश सिंह, शोभित तिवारी और पीयूष सिंह विजेता बने। 200 मीटर में आयुष तड़ागी, प्रदीप जोशी, हरीश सामंत अव्वल रहे।

# कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे लोग कड़ाके की ठंड से परेशान रहे। हालांकि, दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली। वहीं दिन के अधिकतम तापमान में वृद्धि और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। साथ ही न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है।

शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे लोग ठंड से परेशान रहे। वहीं दिन में धूप निकलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली। जहां गुरुवार का अधिकतम तापमान 11.2 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि रही। साथ ही न्यूनतम तापमान में 2.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही।

जीबी पंत विवि के निदेशक शोध ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18.2 और न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि सुबह की आर्द्रता 100 प्रतिशत और दोपहर की आर्द्रता 58 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि 4.2 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तरी पूर्वी दिशा से हवा चली। उन्होंने बताया कि अभी कोहरे और कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि न्यूनतम तापमान में गिरावट रहने की संभावना है।

# उप-महानिरीक्षक एसएसबी ने 57 वाहिनी सीमा चौकियों का किया निरीक्षण

■ स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिध्यिों से क्षेत्रीय मुद्दों पर किया संवाद



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उप महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय पीलीभीत ने अपने भ्रमण के दौरान 57 वाहिनी, सितारगंज की सीमा चौकी मेलाघाट, सिसैया तथा सुन्दर नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 57 वाहिनी के कमांडेंट मनोहर लाल, उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव, सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह तथा निरीक्षक सुशील कुमार सहित संबंधित समवाय एवं सीमा चौकियों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। इस दौरान उप-महानिरीक्षक ने सीमा रेखा, समवाय के कार्यक्षेत्र में स्थित सीमा स्तंभों का निरीक्षण किया। वहीं उनको सीमा चौकियों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं एवं संच. ालन के संबंध में विस्तार से जानक. ारी दी गई। उन्होंने जवानों को सजगता एवं तत्परता के साथ कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए तथा भविष्य में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। जवानों से संवाद करते हुए उन्होंने उत्साह एवं समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी तथा साइबर अपराध से सतर्क रहने संबंधी आवश्यक सुझाव प्रदान किए। वहीं उन्होंने वर्तमान शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जवानों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, ठंड से बचाव के उपाय अपनाने एवं आहार में मोटे अनाज के प्रयोग को बढ़ाने की सलाह दी। निरीक्षण उपरांत उप-महानिरीक्षक ने समवाय मेलाघाट में स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की तथा सीमा सुरक्षा में सहयोग के लिए स्थानीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वाइब्रेंट ग्राम सिसैया सहित अन्य स्थानीय ग्रामीणों को अपने कृषि उत्पाद एसएसबी को उपलब्ध कराने हेतु प्रोत्साहित किया तथा एसएसबी द्वारा समय-समय पर संचालित नागरिक कल्याण कार्यक्रमों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अनेक अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# घटते कारोबार से पर्यटन कारोबारी परेशान

## होटल एसोसिएशन नैनीताल ने जताई चिंता, सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में क्रिसमस और नए साल के मौके पर पर्यटकों के नैनीताल न आने से अब होटल कारोबारी आंदोलन के मूड में नजर आ रहे हैं। लंबे समय से नैनीताल में पर्यटन कारोबार कम होने से कारोबा. री अब निराश हैं। पर्यटन कारोबारियों ने आरोप लगाया है कि पुलिस की अव्यवस्थाओं और शहर में तेजी से बढ़ रहे अवैध होम स्टे और होटल के चलते बीते 5 साल में नैनीताल का पर्यटन कारोबार गिरा है। मामले को लेकर शुक्रवार को बोट हाउस कलब में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस की अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था तथा गैर पंजीकृत होटल व होमस्टे और फर्जी ट्रैवल एजेंसियों के कारण पर्यटन कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि पर्यटन उत्तराखंड की रीढ़ है इससे न




केवल होटल व्यवसाय बल्कि टैक्सी, रेस्टोरेंट तथा दुकानदार व गाइड और अन्य पर्यटन से जुड़े हजारों लोगों की रोजी-रोटी चलती है बावजूद इसके वर्तमान हालात में पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन कारोबार महज 50 प्रतिशत तक सिमट गया है।उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर मसूरी तथा देहरादून और गढ़वाल के होटल एसोसिएशनों से भी संवाद किया गया है और यह समस्या केवल नैनीताल तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटन में गिरावट दर्ज की जा रही है। बिष्ट ने कहा कि एक ओर सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर पुलिस की ओर से जारी ट्रैफिक प्लान और सोशल मीडिया पर डाली जा रही पोस्ट जिनमें एडवांस बुकिंग के बाद ही नैनीताल आएं जैसे संदेश दिए जा रहे हैं। पर्यटकों को आने से रोक रही हैं इससे शहर में होटल खाली पड़े हैं और कारोबार ठप होता जा रहा है। उन्होंने मांग की कि किसी भी प्रकार का ट्रैफिक प्लान लागू करने से पहले सरकार और पुलिस को सभी स्टेक होल्डर्स से वार्ता करनी चाहिएए ताकि पर्यटन कारोबार पर इसका नकारात्मक असर न पड़े।

वार्ता में होटल एसोसिएशन ने सोशल मीडिया पर फैल रही फर्जी रीलों पर भी नाराजगी जताई जिनमें नैनीताल को पैक दिखाया जाता है जबकि हकीकत इसके विपरीत है, इससे पर्यटक भ्रमित होकर अन्य स्थानों का रुख कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि शहर में लगभग 400 पंजीकृत होटल और होमस्टे हैं जबकि उतनी ही संखया में गैर पंजीकृत होटल होमस्टे संचालित हो रहे हैं, इनमें से अधिक. ांश का संचालन बाहरी लोगों द्वारा किया जा रहा है जो न तो किसी प्रकार का टैकस देते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। ऐसे में सरकार को इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। एसोसिएशन के पदाधिका. रियों ने उत्तराखंड की सड़कों की बदहाल स्थिति को भी पर्यटन गिरावट का बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों की हालत बेहद खराब है। गड्ढों के कारण पर्यटक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। करीब सात वर्षों बाद नैनीताल की लाइफ लाइन मानी जाने वाली माल रोड की मरममत शुरू हुई है यदि यह सड़क धंस जाती तो नैनीताल में पर्यटन पूरी तरह ठप हो जाता। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा टोल टैक्स और पार्किंग शुल्क बढ़ाए जाने से स्थानीय पर्यटन भी प्रभावित हुआ है जिससे छोटे कारोबा. रियों के लिए बैंक लोन की किश्तें चुकाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि टोल और पार्किंग शुल्क कम किए जाने की मांग को लेकर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल को पत्र सौंपा गया है जिस पर शीघ्र राहत का आश्वासन मिला है। होटल एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि नैनीताल में पर्यटकों के निजी वाहनों को प्रवेश न देने से प्राइवेट ट्रैवल एजेंसियों को सीधा लाभ मिल रहा है। ये एजेंसियां पर्यटकों को जिस होटल में ठहराती हैं उससे करीब 30 प्रतिशत कमीशन लेती हैं जबकि वे किसी प्रकार का टैक्स भी अदा नहीं करतीं।

एसोसिएशन ने कहा कि हर वर्ष नैनीताल में विंटर कार्निवाल के आयोजन से पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और आने वाले वर्षों में इसका सकारात्मक असर दिखाई देगा, हालांकि कार्यक्रमों के दौरान पुलिस व्यवस्था में कमी के चलते कई बार नकारात्मक संदेश जाता है। होटल एसोसिएशन ने मुखयमंत्री से अपील की कि वे सभी स्टेकहोल्डर्स से संवाद कर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीति तैयार करें और गैर पंजीकृत होटल तथा होमस्टे तथा फर्जी ट्रैवल एजेंसियों, फर्जी गाइड और सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। पत्रकार वार्ता में होटल एसोसिएशन के महासचिव वेद साह, कोषाध्यक्ष सीपी भट्ट, आलोक साह, रमनजीत सिंह, रुचिर साह, स्नेह छाबड़ा तथा जितेंद्र जेठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट व सीसीटीवी फुटेज में रिपोर्ट अलग-अलग होने से संदेह

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीझील में डूबने से युवक की मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के डूबकर मरने की पुष्टि हुई है लेकिन सीसीटीवी फुटेज में यह भी सामने आया है कि यदि आधी रात को दोस्त रोहन को अकेला छोड़कर नहीं जाते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। बता दें कि मल्लीताल क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय रोहन शर्मा 24 दिसंबर की रात घर से मल्लीताल फ्लैट्स मैदान में आयोजित विंटर कार्निवाल में बी प्राक का शो देखने निकला था। बाजार पहुं. चने के बाद वह अपने दोस्तों की टोली में शामिल हो गया। कार्निवाल में जाने से पहले वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए ठंडी सड़क चला गया। जहां देर रात सभी दोस्तों ने मिलकर पार्टी की। पार्टी के बाद सभी दोस्त कार्यक्रम स्थल को जाने लगे लेकिन रोहन नशे में होने के कारण झील किनारे बने ग्लास हाउस में नशे में ही सो गया। सीसीटीवी फुटेज में बाद में वह उठता हुआ और संतुलन खोकर नैनी झील में गिरता दिखाई दिया। रोहन के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की और 30 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच 3 जनवरी को ठंडी सड़क क्षेत्र में नैनी झील से उसका शव बरामद हुआ। परिजनों ने मामले में हत्या संभावना जताते हुए जांच की मांग की। जिसके बाद पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया गया लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना पाया गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवक के साथियों से पूछताछ की जा चुकी है और फिलहाल किसी तरह की आपराधिक साजिश के प्रमाण नहीं मिले हैं।

# आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से भेजा यूपी के सीएम को ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने यूपी की आशा कर्मियों की हड़ताल को समर्थन दिया है। उन्होंने नैनीताल के एसडीएम नवाजिश खलिक के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा है। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश की आशा कर्मी बहुत मेहनत लगन और कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। उनके परिश्रम के दम पर ही प्रदेश की जन स्वास्थ्य प्रणाली व जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में सुधार आया है। लिखा है कि लगातार कड़ी मेहनत से अपना काम करने के बावजूद न तो उनके परिश्रम का नियमित भुगतान किया जाता है न ही उनके मानदेय में कोई बढ़ोतरी हुई है। ना ही उनकी अन्य मांगों को पूरा किया गया है जिससे विवश होकर आशा कर्मियों की हड़ताल पर जाना पड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आशाओं को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी का दर्जा देने तथा आशा व आशा संगिनी को सरकार कर्मचारी के अनुरूप मानदेय देने, ईपीएफ व यात्रा भत्ता की सुविधा देने, सेवानिवृति के बाद ग्रेच्युटी व 10 लाख का गुगतान करने, 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा, काम का समय व स्वरुप तय करने समेत निजी व सरकारी अस्पतालों में आशा कर्मियों के साथ होने वाले दुर्ययवहार पर रोक लगाने व जिला एवं राज्य स्तर पर सभी संबंधित कार्यालयों में लैंगिक शोषण के खिलाफ जेडर सेल का निर्माण करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल समेत नीरु पुजारी, भावना आर्य, चंद्रा सती, निर्मला चंद्रा, कुसुम सनवाल, प्रभा बिष्ट, ममता आर्या, प्रेमा अधिकारी, नीलम बिष्ट तथा सरिता कुरिया व शांति आर्या मौजूद थी।

# शिविर में राशनकार्ड सही करवाए



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को नैनीताल जिले के विकास खण्ड रामगढ़ में पहुंचकर राशन कार्ड ऑनलाइन शिविर लगाया। इस मौके पर विकास खंड रामगढ़ के विभिन्न ग्राम पंचायतों से ग्रामीणों द्वारा शिविर में पहुंचकर राशन कार्ड से संबंधित कार्य करवाए। इस दौरान अधि. कतर राशन कार्ड में विवाह होने पर महिलाओं के नाम दर्ज करने और बच्चों के जन्म होने पर नाम दर्ज करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर बिष्ट द्वारा शिविर में उपस्थित जनप्रति. निधियों और क्षेत्रीय जनता से अपील की कि सभी राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड में दर्ज परिवार के सभी सदस्यों की अनिवार्य रूप से संबंधित उचित दर विक्रेता की दुकान में राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जाकर 30 जनवरी 2026 शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवा लें।

# वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार, 2 लैपर्ड की खाल और गुलदार की हड्डियां बरामद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के किल. बरी-पंगूट मोटर मार्ग पर शुक्रवार को वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के पास से दो लैपर्ड की खाल और गुलदार की हड्डियाँ बरामद की गई, जिनकी उम्र लगभग छह महीने पुरानी बताई जा रही है।

यह कार्रवाई नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार और उप प्रभागीय वनाधिकारी ममता चंद के निर्देशों पर वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की, आनंद लाल आर्या और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा की गई।



गिरफ्तार किए गए तस्कर का नाम महेश सिंह कपकोटी (29) है, जो बागेश्वर जिले के कपकोट का निवासी है। वह लंबे समय से वन्यजीव अंगों की तस्करी में संलिप्त था। जानकारी के मुताबिक, तस्कर नैनीताल में इन अंगों को बेचने के लिए पहुंचा था, तभी उसे गिरफ्तार किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तस्कर से विस्तृत पूछताछ की जा रही है, और इस बात की संभावना जताई जा रही है कि इसके नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। वन्यजीवों का शिकार करना और उनके अंगों का व्यापार करना भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत गंभीर अपराध है। तस्कर के खिलाफ नैनीताल की नगरपालिका वन रेंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस विशेष अभियान में एसटीएफ और वन विभाग की टीमों ने मिलकर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।

## एक नजर...

### महिला का मोबाइल नंबर हैक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र की एक महिला का मोबाइल नंबर हैक कर साइबर अपराधियों ने बड़ी संखया में लोगों को मैसेज कर पैसों की मांग की। गनीमत रही कि लोगों की सतर्कता के चलते किसी ने भुगतान नहीं किया। जानकारी के अनुसार वीरवार देर रात एक महिला का मोबाइल नंबर अचानक हैक कर लिया गया। इसके बाद हैकरों ने महिला के मोबाइल पर मौजूद मोबाइल नंबरों पर मैसेज भेजकर 52 हजार रूपयों की मांग की, जब लोगों ने महिला को संर्पक करने की कोशिश की तो नंबर नहीं लगा जिससे उन्हें ठगी की आशंका हुई। किसी ने भी पैसे ट्रांसफर नहीं किए। घटना की जानकारी मिलते ही महिला ने तत्काल साइबर सेल को शिकायत दर्ज की। साथ ही परिचितों को स्वयं सूचित किया। एहतियात के तौर पर महिला नेफोन से सिम कार्ड भी तुरंत निकाल दिया। जिसके बाद ठगी के संदेश भेजे जाने बंद हो गए। एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि पुलिस और साइबर सेल की ओर से मामले की जांच की जा रही है। बताया कि बढ़ते ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों के कारण लोग अब पहले से ज्यादा जागरूक हो गए हैं। उन्होंने अपील की है कि लोग इस तरह के मैसेजों की पुष्टि कर लें। संदेह होने पर नंबर ब्लॉक कर दें।

### नशे में युवक न्यू पालिका बाजार में गिरा, घायल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित राजभवन रोड से एक युवक शराब के नशे में गिरकर न्यू पालिका बाजार जा पहुंचा। घायल को अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को एक युवक राजभवन रोड पर नशे की हालत में संभलने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान वह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। सड़क से गिरकर लुड़कते हुए वह लगभग 30 फिट नीचे पालिका बाजार पहुंच गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान वहां मौजूद दुकानदार मुनीब रहमान ने अन्य लोगों की मदद से उसको बाइक से अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि शेरवानी क्षेत्र निवासी अनूपराज को उपचार दिया जा रहा है साथ ही पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है।

### तीन दिन से बह रही सीवर लाईन

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के तल्लीताल हरिनगर वार्ड की पालिका सभासद शीतल कटियार ने जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर गहरा रोष जताया है। सभासद शीतल के मुताबिक तल्लीताल हरिनगर वार्ड नंबर चार में बीते तीन दिन से सीवर लाईन क्षतिग्रस्त होने से सीवर खुले में बह रहा है जिससे तल्लीताल मस्जिद में आने-जाने वाले लोगों तथा अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। कहा कि सीवर बहने से राह चलती एक महिला भी चोटिल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कई मर्तबा मामले को लेकर जल संस्थान के अधिकारियों से वार्ता की जा चुकी है लेकिन अभी तक सीवर लाईन को ठीक नहीं कराया गया है, सभासद शीतल कटियार ने चेता. वनी दी है कि अगर जल्द ही जल संस्थान ने सीवर लाईन को ठीक नहीं किया तो वह वार्डवासियों को लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगी।

### बहुउद्देशीय शिविर का सीधा लाभ उठाया

**नैनीताल।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंच. ाने के उद्देश्य से नैनीताल जिले के विकासखंड ओखलकाण्डा की पैटना की न्याय पंचायत तुषराड में जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। बता दें शिविर की अध्यक्षता विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में लगभग 1269 नागरिकों द्वारा सीधा लाभ उठाया गया। कार्यक्रम में दर्जा मंत्री शान्ति मेहरा, प्रमुख क्षेत्र पंचायत ओलकाण्डा केडी रूवाली, मण्डल अध्यक्ष मनोज सुयाल, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कोटिला, सांसद प्रति. निधि प्रदीप बिष्ट, उपजिलाधिकारी अंशुल भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी देशराज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शीलू कुमार का जनसंपर्क अभियान जोरों पर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल विधानसभा क्षेत्र से युवा चर्चित चेहरा और 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारी में लगे शीलू कुमार ने बेतालघाट बाजार सहित कई गांवों में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया। गुरुवार को चलाए गए इस अभियान के दौरान उनके साथ करीब 40 युवाओं की टीम नजर आईए जिनके साथ उन्होंने जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीण बाजारों और गांवों में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।शीलू कुमार ने कहा इस बार क्षेत्र की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। हमें लगातार समर्थन मिल रहा है। हम युवाओं की ताकत से नैनीताल को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। युवाओं के इस अभियान ने क्षेत्र में राजनीतिक माहौल को गरमा दिया हैए जहां युवा शक्ति परिवर्तन की लहर ला रही है। स्थानीय लोग शीलू कुमार की सक्रियता से प्रभावित नजर आ रहे हैं। अभियान के दौरान उनके साथ पवन रावत, दिनेश चंद्रा, हिमांशु आर्या, विनय गोस्वामी,यश आर्यन, अभिषेक जोशी, रोहित पांडे, अरमान कुरैशी, सूरज, फरदीन, दक्ष तथा अमन समेत कई युवा मौजूद रहे।

# कोटद्वार का सुमित पटवाल हत्याकांड

## उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी करने के आदेश दिए

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कोटद्वार के चर्चित सुमित पटवाल हत्याकांड में निचली अदालत के फैसले को पलटते हुए तीन आरोपियों विशाल उर्फ जॉली/जोनी शर्मा और दीपक सिंह रावत को बरी करने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट की खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी और न्यायमूर्ति आलोक महरा शामिल थे, ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ दोष साबित करने के लिए पर्याप्त और पुख्ता सबूत पेश करने में नाकाम रहा। अदालत ने इस मामले में कई महत्वपूर्ण सबूतों को खारिज किया और अभियोजन की कहानी को कमजोर पाया। यह मामला 22 मार्च 2015 का है, जब कोटद्वार के बेलाघाट क्रॉसिंग पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने प्रॉपर्टी डीलर सुमित पटवाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

निचली अदालत ने विशाल और जोनी को हत्या का दोषी मानते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जबकि दीपक रावत को भी हत्या में संलिप्त मानते हुए सजा दी गई थी। चौथा आरोपी, सुरेंद्र सिंह, अपील लंबित रहने के दौरान मृत हो गया था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में विशेष रूप से सीसीटीवी फुटेज की साख पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को प्रमाणित किए बिना, साक्ष्य अधिनियम की धारा 65 बी के तहत ऐसे साक्ष्यों को अदालत में पेश नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त आरोपी दीपक रावत की पहचान के लिए गवाहों के बयान में विरोधाभास पाए गए।

अदालत ने यह भी नोट किया कि इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह अभियोजन पक्ष के पक्ष में नहीं खड़ा हुआ। कई महत्वपूर्ण गवाहों ने आरा. ेप लगाया कि पुलिस ने उनसे जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए थे। चश्मदीद साक्ष्यों की कमी के कारण अभियोजन की कहानी कमजोर हो गई। हथियारों की बरामदगी पर भी अदालत ने टिप्पणी की, यह कहते हुए कि विशाल और जोनी के पास से पिस्तौल की बरामदगी सार्वजनिक स्थानों से हुई थी, जिसे निर्णायक सबूत के तौर पर नहीं माना जा सकता। फॉरेंसिक रिपोर्ट को लेकर भी अदालत ने गंभीर सवाल उठाए। रिपोर्ट में शव से निकाली गई गोलियों की सुरक्षित अभिरक्षा में अंतराल पाया गया, और पुलिस यह साबित नहीं कर सकी कि गोलियां पूरी तरह से सुरक्षित और सीलबंद थीं। इसके अलावा, मृतक सुमित पटवाल द्वारा पूर्व में लिखी गई एक चिठ्ठी को अदालत ने दुश्मनी का आधार मानने से इनकार किया, यह कहते हुए कि केवल हस्ताक्षर से दस्तावेज की सत्यता प्रमाणित नहीं हो सकती, खासकर जब वह फोटोकॉपी हो।

# कांस्टेबल की हत्या के आरोपी की सजा में बदलाव

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान कांस्टेबल की हत्या करने वाले आरोपी राजेंद्र कुमार आर्य की सजा में बड़ा बदलाव किया है। उच्च न्यायालय की खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी और न्यायमूर्ति आलोक महरा शामिल थे, ने राजेंद्र की सजा को धारा 302 (हत्या) से बदलकर धारा 304 (भाग-1) (गैर इरादतन हत्या) के तहत कर दिया। घटना 28 मई 2014 की है, जब हल्द्वानी के मुखानी पुलिस चौकी पर चोरी के आरोप में हिरासत में लिए गए राजेंद्र ने भागने की कोशिश की थी। ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तभी राजेंद्र ने जमीन पर पड़े लोहे के सरिये से कांस्टेबल को सीने में वार कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। निचली अदालत ने राजेंद्र को उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिस पर उसने उच्च न्यायालय में अपील की थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि यह हत्या का मामला नहीं था, क्योंकि आरोपी का उद्देश्य कांस्टेबल को मारना नहीं बल्कि भागना था। अभियोजन पक्ष ने हालांकि आरोप लगाया कि आरोपी ने पुलिस हिरासत में रहते हुए गंभीर अपराध किया। अदालत ने पाया कि राजेंद्र के पास कोई हथियार नहीं था और उसने मौके पर पड़े सरिये का इस्तेमाल किया, जो यह संकेत देता है कि यह घटना पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि अचानक हुए संघर्ष का परिणाम थी। अदालत ने अभियोजन द्वारा पेश की गई हथकड़ी की कहानी पर भी संदेह व्यक्त किया, क्योंकि जनरल डायरी में इसका कोई उल्लेख नहीं था। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 300 के अपवाद 4 का हवाला देते हुए कहा कि अगर हत्या अचानक हुई हो, तो उसे गैर इरादतन हत्या माना जाएगा। अंत में, चूंकि राजेंद्र कुमार आर्य पिछले 11 सालों से जेल में बंद था, अदालत ने उसकी अब तक की सजा को पर्याप्त मानते हुए उसे तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि, आरोपी पर लगाए गए जुर्माने को यथावत रखा गया।

# दीपाली शर्मा की बर्खास्तगी आदेश रद्द कर बहाली का दिया आदेश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हरिद्वार की सिविल जज (सीनियर) दीपाली शर्मा की बर्खास्तगी आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें पुन: बहाल करने के साथ-साथ सभी सेवा लाभ देने का निर्देश जारी किया है। दीपाली शर्मा को वर्ष 2008 में सिविल जज द्धजूनियर डिवीजनत्र्न के पद पर नियुक्त किया गया था। 14 अक्टूबर 2020 को उच्च न्यायालय की फुल कोर्ट ने एक प्रस्ताव पास कर उन्हें पद से हटा दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने 20 अक्टूबर 2020 को उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया। दीपाली शर्मा ने इस बर्खास्तगी को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद 6 जनवरी 2026 को उन्हें बहाल करने के आदेश दिए। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दीपाली शर्मा को उनकी बर्खास्तगी की तिथि से निरंतर सेवा में माना जाए और उन्हें वरिष्ठता सहित सभी देयकों का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही उनके 50 प्रतिशत वेतन और अन्य सेवा लाभ भी दिए जाएंगे। यह मामला वर्ष 2018 में एक गुमनाम शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें दीपाली शर्मा पर आरोप था कि उन्होंने एक नाबालिग लड़की को घर के कामों के लिए रखा था और उसके साथ मारपीट की। हालांकि, जांच रिपोर्ट में दीपाली शर्मा को दोषी नहीं पाया गया। अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि खंडपीठ ने कहा कि आरोप पूरी तरह से गलत थे और रिकॉर्ड के खिलाफ थे। नाबालिग लड़की और उसके पिता ने सभी आरोपों से इनकार किया था। इसके अलावा, जांच में बाल श्रम के कोई आरोप नहीं पाए गए थे।

# मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र की सेवानिवृति पर फुल कोर्ट रिफरेंस

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र की सेवानिवृति पर शुक्रवार को मुखय न्यायधीश कोर्ट में फुल कोर्ट रिफरेंस का आयोजन हुआ जिसमें न्यायमूर्ति जी नरेंद्र को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह के बाद पुलिस की एक टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी। विदाई समारोह में हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश तथा वरिष्ठ अधिवक्ता तथा बार एसोसिएशन के सदस्य तथा न्यायिक व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र के कानूनी क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान और उनके शानदार न्यायिक करियर को याद किया गया। इस मौके पर मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में मुख्य न्यायधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला, यह उनका सौभाग्य था। उन्होंने अपने एक साल के कार्यकाल के दौरान सहयोगी न्यायधीशों, अधिवक्ताओं तथा न्यायिक स्टाफ द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति आभार जताया। समारोह में एडवोकेट जनरल एस एन बाबुलकर ने मुख्य न्यायाधीश के निर्णयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कानून की जटिलताओं को सुलझाने में अदालतों को नई दिशा मिली। उन्होंने न्यायमूर्ति नरेंद्र को एक ऐसा न्यायाधीश बताया जो निष्पक्षता और संवे. दनशीलता के लिए जाने जाते हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी सी एस रावत ने अपने संबोधन में न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और बार के बीच के मधुर संबंधों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति नरेंद्र ने हमेशा युवा वकीलों को प्रोत्साहित किया और न्यायालय की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। बार की ओर से उन्हें उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी गई। वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति नरेंद्र का मार्गदर्शन पूरे बेंच के लिए प्रेरणादायक रहा है। उनके काम करने की शैली और न्यायिक सूझबूझ ने राज्य की न्याय प्रणाली को और अधिक सुख्रढ़ बनाया है।समारोह का संचालन रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता ने किया।

# लोक निर्माण विभाग ने अतिक्रमण पर की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**शांतिपुरी।** शुक्रवार को नगला किच्छा स्टेट हाईवे के फोर लेन निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग की टीम ने एक बार फिर अतिक्रमण चिन्हीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान वर्तमान सड़क के मध्य भाग से दोनों ओर 50-50 फीट की दूरी पर पक्के निशान लगाकर अतिक्रमण चिह्नित किया गया। चिन्हीकरण में करीब 30 प्रतिशत क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण की जद में पाया गया, जबकि शेष 70 प्रतिशत क्षेत्र में 50 फीट के दायरे में आंशिक अतिक्रमण पाया गया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा गठित मंत्रिमंडलीय समिति की संस्तुति पर



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में बनी उप-समिति के निर्णय के आधार पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगला के अधिकांश लोग अपने अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए सहमत हैं। उन्होंने बताया कि किच्छा बाइपास से शांतिपुरी स्टोन तक फोर लेन सड़क निर्माण के लिए सरकार द्वारा 80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं, लेकिन शांतिपुरी स्टोन से नगला बाईपास तक भूमि चिन्हीकरण न होने के कारण यह हिस्सा छूट गया था। अब भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर पुन: फोर लेन के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, सभासद बीवी मिश्रा, अधिशासी अधिकारी विजय बिष्ट, धन सिंह कोरंगा, पप्पी बिष्ट सहित बड़ी संख्या में आदि लोग उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट बार एसोसियशन ने किया नए न्यायधीश सिद्धार्थ साह का स्वागत

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसियशन ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के नए न्यायधीश सिद्धार्थ साह से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया और उनके हाईकोर्ट का जज बनने पर बधाई दी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह से मिले बार एसोसियशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरव अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील वशिष्ठ, महिला उपाध्यक्ष मीना बिष्ट, उपाध्यक्ष गौरव कांडपाल, प्रश्ननना कर्नाटक, विश्वस्त कांडपाल, भुवनेश जोशी, शुभ्र रस्तोगी, गौरव पंवार, अविदित नौलियाल, देवेंद्र सिंह दसौनी तथा पंकज सेमवाल सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अय्यर को मंजूरी



● भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को पसली में चोट लगी थी अपनी फिटनेस साबित करने के बाद वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम टीम का हिस्सा बनने की मंजूरी मिल गई है।

वहीं सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। श्रेयस को 15 सदस्ईय दल में शामिल तो किया गया था लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर तय था। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित करने के बाद शुक्रवार को वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। वड़ोदरा में में होने वाले पहले एकदिवसीय से केवल दो दिन पहले वह टीम के साथ जुड़ेंगे। भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में पसली में चोट लगी थी और इसके बाद वह पहली बार भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाए हैं। सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि गुरुवार की सुबह तिलक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई और शुक्रवार को वह हैदराबाद वापस जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वह फिजिकल और स्किल ट्रेनिंग वापस शुरू करेंगे। ट्रेनिग पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए आखिरी दो टी-20 में उनके खेलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मुंबई के लिए 82 और 45 रनों की पारियां खेलकर अय्यर ने वापसी के लिए मजबूत इरादे दिखाए हैं। चोट के कारण शार्दुल की अनुपस्थिति में उन्होंने मुंबई की कप्तानी भी की है। भारत की एकदिवसीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सात जनवरी को वड़ोदरा पहुंच चुके है हैं। 15 सालों से अधिक के समय के बाद वड़ोदरा में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। नए बने कोटांबी स्टेडियम ने महिला वनडे और डब्ल्यूपीएल मैचों की मेजबानी की हैं। भारत की एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

# बीसीबी अधिकारी ने तमीम को कहा भारतीय एजेंट



● नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई, इसके स्क्रीनशॉट तक से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं

**ढाका, वार्ता।** पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल पर भारतीय एजेंट होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष एम नजमुल इस्लाम विवादों में घिर गए हैं। नजमुल ने यह टिप्पणी तब की जब तमीम ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि आने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर आखिरी फैसला लेने से पहले बीसीबी को क्रिकेट को सबसे ऊपर रखते हुए प्राथमिकता देनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बीबीसी के भारत न जाने के फैसले के बाद आई, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था, जब बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से आने वाले आईपीएल से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से बाहर करने को कहा था। नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई है। इसके स्क्रीनशॉट तब से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इस बार बांग्लादेश के लोगों ने अपनी आंखों से एक और पक्के भारतीय एजेंट का उदय देखा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने बीसीबी अध्यक्ष को पत्र लिखकर डायरेक्टर के सार्वजनिक माफी मांगने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल के बारे में की गई टिप्पणी बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) के ध्यान में आई है। हम इससे हैरान, स्तब्ध और गुस्से में हैं। सीडब्ल्यूएबी ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश के इतिहास के सबसे सफल ओपनर, जिन्होंने 16 साल तक देश का प्रतिनिधित्व किया, उनके बारे में बोर्ड के एक अधिकारी द्वारा ऐसी टिप्पणी पूरी तरह से निदनीय है। न केवल इसलिए कि यह तमीम जैसे खिलाड़ी से संबंधित है, बल्कि देश के किसी भी क्रिकेटर के बारे में ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं और पूरे क्रिकेट समुदाय का अपमान है। हम इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हैं। जब कोई जिम्मेदार बोर्ड डायरेक्टर सार्वजनिक मंच पर ऐसी टिप्पणी करता है, तो इससे बोर्ड अधिकारियों के कोड ऑफ कंडक्ट पर भी गंभीर सवाल उठते

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान के कप्तान होंगे महबूब

**काबुल, वार्ता।** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है और उन्हें एक ऐसी टीम की कमान सौंपी गई है जो स्पिन-बॉलिग टैलेंट से भरी हुई है। गेंदबाजी आक्रमण में सबसे खास नाम वाहिदुल्लाह जादरान का है। 18 साल के इस ऑफस्पिनर की काबिलियत इस बात से पता चलती है कि वह पिछले वर्ष आईएलटी-20 टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स के लिए सीनियर लेवल क्रिकेट खेल चुके हैं।

### सबालेंका व मुचोवा सेमीफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल के रीमैच में मैडिसन कीज को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 7 और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। इससे 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में सबा. लेंका का रिकॉर्ड 36 जीत और दो हार हो गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दो और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक खिताब शामिल है। मैच के बाद कोर्ट पर उन्होंने कहा कि यह जगह बहुत खास है। मैं हमेशा यहां बहुत अच्छा खेलती हूं और सेमीफाइनल में वापस आकर उत्साहित हूं। शनिवार के सेमीफाइनल में सबालेंका का मैच मुचोवा से होगा, जिन्होंने दिन में पहले पांचवें नंबर की रयबाकिना को हराया था। मुचोवा की दो घंटे चार मिनट में 6-2, 2-6, 6-4 की जीत ने रयबाकिना की 13 मैचों की जीत की लय को खत्म कर दिया।

# वावरिका को ऑस्ट्रेलिया ओपन वाइल्ड कार्ड मिला

● मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टैन वावरिका को सीजन के पहले बड़े टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया है।

सिडनी से वावरिका ने कहा कि यह बहुत बढ़िया है। मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं,ष जहां शनिवार को वह यूनाइटेड कप सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ स्विट्जरलैंड का नेतृत्व करेंगे। इस शानदार मौके के लिए टेनिस ऑस्ट्रेलिया और क्रेग टिली को विशेष धन्यवाद। मेलबर्न में पिछले 20 सालों की मेरी बहुत सारी अच्छी यादें हैं। जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था, वहां वापस जाना हमेशा खास होता है। मैं इसके लिए सच में उत्सुक हूं। वावरिका का ऑस्ट्रेलियन ओपन में 43-18 का रिकॉर्ड है। 2014 में, उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था, ट्रॉफी के रास्ते में नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल को हराया था। यह 20वीं बार होगा जब वावरिका ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिगल्स में हिस्सा लेंगे। पिछले साल वह पहले राउंड में लोरेंजो सोनेगो से चार कड़े सेटों में हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 156 खिलाड़ी ने 2006 के बाद से टूर्नामेंट का सिर्फ एक एडिशन मिस किया है और कम से कम पांच बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

# पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में



**पुरुष युगल में सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर हुई बाहर**

**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं।

सिंधु एक साल से ज्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीजन के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण रिटायर हो गईं। सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाजाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में, पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गईं, और उनके टखने में मोच आ गई। पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया।

इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामाग. ुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया। सिंधु आखिरी बार दिसम्बर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था। वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ई या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंधु, जो पैर की चोट के कारण बाहर थीं और अक्टूबर के बाद किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, ने मियाजाकी पर अपनी जीत के बाद टॉप-लेवल प्रदर्शन बनाए रखने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। इस बीच सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी से 47 मिनट तक चले मुकाबले में 10-21, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक-चिराग की हार के बाद अब टूर्नामेंट में सिंधु ही एकमात्र भारतीय चुनौती रह गई है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पहले ही हार गए थे।

# डब्ल्यूपीएल से भारतीय खिलाड़ियों में 'विनिंग माइंडसेट' आया है: हरमनप्रीत कौर

**कौर ने कहा: भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है**

**हमने वनडे विश्व का जीता, लेकिन अभी बहुत सी चीजें बाकी: मंधाना**



**मुंबई, वार्ता।** भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी-20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहु. चने का एक अहम रास्ता है। दोनों ने डब्ल्यूपीएल 2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है। मंधाना ने कहा कि अगर हम टी-20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा।

हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीजें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं। मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्फ एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है। वनडे विश्व कप जीते हुए डेढ़ महीना ही हुआ है और डब्ल्यूपीएल उसी लय को आगे बढ़ाएगा। डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे। वहीं हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि भारतीय टीम में आ रही युवा खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ियों के लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इसका श्रेय डब्ल्यूपीएल को जाता है, जिसने जीतने वाली सोच दी है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ एक विश्व कप से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे पास इस साल और अगले दो-तीन साल में बहुत क्रिकेट है। हर बार जब हम मैदान पर जाते हैं, तो हम सबसे बेहतरीन माइंडसेट के साथ जाना चाहते हैं और वही माइंडसेट हमारे लिए सबसे जरूरी है। अच्छी बात यह है कि सिर्फ हम ही नहीं, बल्कि बाकी खिलाड़ी भी यही सोचते और बोलते हैं कि हम हमेशा चैंपियन बनना चाहते हैं। इससे दिखता है कि डब्ल्यूपीएल ने हम पर कितना बड़ा असर डाला है। हरमनप्रीत ने यह भी समझाया कि यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दबाव में खेलने के लिए कैसे तैयार करता है। अब खिलाड़ी अपने कंफर्ट जोन में नहीं हैं। वे बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ खेल रहे हैं, तो वे उनसे बहुत कुछ सीख रहे हैं।

# डु प्लेसिस-विस चमके, मैच रद्द

● डुप्लेसिस व जेम्स विस ने आक्रामक शरुआत करते हुए 73 रनों की साझेदारी की ले खराब मौसम के चलते मैच रद्द हो गया

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** वांडरर्स मैदान पर गुरुवार शाम पार्ल रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला खराब मौसम के कारण रद्द हो जाने के बाद जॉबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) ने एसए20 तालिका में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दोनों टीमों को दो-दो अंक मिले, जिससे सुपर किंगस के 17 अंक हो गए, जबकि रॉयल्स 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने रहे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने साफ आसमान के बीच टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बाद में कहा कि वह भी पहले बल्लेबाजी ही चुनते और उन्होंने शुरुआत में इसका भरपूर फायदा उठाया। डु प्लेसिस और नए ओपनिग साथी जेम्स विस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 7.3 ओवर में 73 रनों की साझेदारी की। इससे पहले एमआई केप टाउन के खिलाफ 32 रनों की तेज शुरुआत कर चुकी इस जोड़ी ने इस बार उसे और आगे बढ़ाया। पूरी तरह से गेंद को बीचों-बीच न लगाने के बावजूद डु प्लेसिस ने 24 गेंदों में 39 रन (6 चौके, 1 छक्का) ठोक दिए और रॉयल्स के किशोर तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना को उनके बुलरिग डेब्यू पर कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने मोकोएना के पहले ओवर में दो चौके लगाए, जबकि अगले ओवर में तीन चौकों और एक छक्के के साथ रफ्तार और बढ़ा दी। उधर, विस ने भी बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फॉर्टुइन को एक छक्का और एक चौका जड़कर दबाव में रखा। पावरप्ले के अंत तक सुपर किंगस बिना विकेट खोए 64 रन बना चुके थे। हालांकि, सातवें ओवर में रॉयल्स ने अपने 'गोल्डन आर्म' सिकंदर रजा को गेंद सौंपी और जिम्बाब्वे के टी-20 कप्तान ने पहली ही गेंद पर असर दिखाया। उन्होंने शानदार ऑफ-स्पिनर से डु प्लेसिस को क्लीन बोल्ड किया। गेंद हवा में ड्रिफ्ट करती हुई अंदर आई, पिच पर पकड़ बनाकर घूमी और सीधे स्टंप्स से टकराई। इसके बावजूद जेएसके की रफ्तार थमी नहीं। मैथ्यू डी विलियर्स और विस ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 56 रन जोड़े। विस ने 33 गेंदों में अपना पहला एसए20 अर्धशतक पूरा करने के बाद एंकर की भूमिका निभाई, जबकि डी विलियर्स ने 22 गेंदों में तेज 30 रन बनाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया। इस समय सुपर किंगस 200 के आसपास के स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रजा (2/26) ने फिर से हस्तक्षेप किया और डी विलियर्स को लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर कैच कराकर प्रतियोगिता में सिर्फ तीन मैचों में अपना नौवां विकेट हासिल किया।

# सभी छह फ्रेंचाइचियों ने कोचों को नियुक्त किया

**लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने पांचवें सीजन से पहले सभी छह फ्रेचाइजियों के लिए कोि. चग बेंच की पुष्टि कर दी है। लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है, क्योंकि पीडब्ल्यूएल 2026 में अपनी वापसी की तैयारी कर रही है। रिकॉर्ड तोड़ खिलाड़ी नीलामी के बाद फ्रेचाइजियों द्वारा अपने तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करना, पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में संरचित तैयारी, प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन और एथलीट विकास पर पीडब्ल्यूएल के फोकस को दर्शाता है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत, पीडब्ल्यूएल 2026 का आयोजन 15 जनवरी से 2 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक टाई में पांच पुरुष और चार महिला भार वर्गों में कुल नौ मुकाबले होंगे। सात साल के अंतराल के बाद लीग की वापसी के साथ, सभी फ्रेच. इजियों में कोचिग नेतृत्व की गुणवत्ता और गहराई यह दर्शाती है कि मैट पर विश्वस्तरीय प्रतिभा को मैट के बाहर उतनी ही सक्षम मार्गदर्शन के साथ जोड़ा जा रहा है।

**दिल्ली दंगल वॉरियर्स: जगमिदर सिंह बने कोच**-दिल्ली दंगल वॉरियर्स की कमान चीफ कोच के रूप में जगमिदर सिंह संभालेंगे, जो भारतीय कुश्ती के सबसे सम्मानित नामों में से एक हैं। दो बार के ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता जगमिदर ने कई पीढ़ियों के शीर्ष पहलवानों को गढ़ा है, जिसमें 2010 में सुशील कुमार को भारत का पहला पुरुष फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण दिलाने में उनकी अहम भूमिका शामिल है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में विक्रम शर्मा जुड़ेंगे, जो एक सफल अंतर्राष्ट्रीय ग्रीको-रोमन कोच और वर्ल्ड पुलिस गेम्स चैंपियन रह चुके हैं। यह जोड़ी नीलामी में स्टार खिलाड़ियों से सजी दिल्ली टीम को ओलंपिक स्तर की समझ और तकनीकी संतुलन प्रदान करेगी।

**महाराष्ट्र केसरी के कोच बने अनिल कुमार मान** -महाराष्ट्र केसरी ने चीफ कोच के रूप में अनिल कुमार मान की नियुक्ति की है। वह कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता रह चुके हैं और एक मेंटर के रूप में उन्होंने टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदकधारियों को तैयार किया है। सहायक कोच भारती बघेल हैं, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू प्रमाणित महिला कोच और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान हैं, जिन्हें जूनियर विश्व और एशियाई चैंपियनशिप का अनुभव है। यह जोड़ी चैंपियनशिप अनुभव और आधुनिक, खिलाड़ी-केंद्रित प्रशिक्षण प्रणाली का संतुलन दर्शाती है।

**हरियाणा थंडर्स: वीरेंद्र दहिया को कोच पद की जिम्मेदारी**-हरियाणा थंडर्स ने अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी चीफ कोच वीरेंद्र दहिया को सौंपी है, जो भारत की राष्ट्रीय महिला कुश्ती टीम के कोच हैं और महिला कुश्ती में देश के हालिया वर्चस्व के प्रमुख शिल्पकार माने जाते हैं। ओलंपिक, विश्व, एशियाई और कॉमनवेल्थ स्तर पर दशकों के अनुभव के साथ उनका नेतृत्व हरियाणा की महिला कुश्ती परंपरा के अनुरूप है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में एसबी प्रसाद होंगे, जो भारतीय वायुसेना के अधिकारी और अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय कोच हैं, विशेष रूप से अंडर-23 और सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

**पंजाब रॉयल्स: ग्रीको-रोमन में महारत**-पंजाब रॉयल्स की अगुवाई चीफ कोच हरगोबिद सिंह संधू करेंगे, जो साई में भारत के ग्रीको-रोमन के मुख्य राष्ट्रीय कोच और ओलंपियन हैं। उनके प्रशिक्षित पहलवानों ने कॉमनवेल्थ, एशियाई और विश्व स्तर पर पदक जीते हैं। उनके साथ सहायक कोच सोनू खत्री होंगे, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू लेवल 1 और 2 प्रमाणित राष्ट्रीय कोच हैं और रेलवे से जुड़े हुए हैं। उनका अनुभव आयु-वर्ग से लेकर सीनियर अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक फैला हुआ है, जिससे पंजाब की रणनी. तिक मजबूती बढ़ेगी।

**टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स: अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और अनुशासन**-टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के चीफ कोच चंद्र विजय सिंह होंगे। दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब जीत चुके सिंह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच हैं और उन्होंने ओलंपिक, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में उन्होंने अंडर-23 विश्व स्वर्ण पदक विज. ेताओं का मार्गदर्शन किया है।

**यूपी डोमिनेटर्स: विनोद कुमार मुख्य कोच**-यूपी डोमिनेटर्स के चीफ कोच विनोद कुमार होंगे, जो 1988 सोल ओलंपियन, पूर्व मुख्य राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनका करियर कई ओलंपिक चक्रों, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स की सफलताओं तक फैला है। उन्होंने दिसम्बर में आईपीएल नीलामी के लिए भी अपना नाम दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे

● एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा मार्नस लाबुशेन और स्मिथ समेत कई खिलाड़ी वापसी करेंगे

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुज. रेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159-5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

# आईआईटी रुड़की के पैरा एथलीट ने संघर्ष को ताकत में बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संभावनाओं को चुनौती देते हुए, बाधाओं को तोड़ते हुए और पीढ़ियों को प्रेरित करते हुए, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) से अभियांत्रिकी भौतिकी में हाल ही में बी.टेक. स्नातक हुए सौरव कुमार की यात्रा साहस, धैर्य और आशा की कहानी है। बचपन से ही निचले अंग की दिव्यांगता के साथ जीवन जीते हुए, सौरव ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है, यह सिद्ध करते हुए कि दिव्यांगता को शरीर नहीं, बल्कि मन परिभाषित करता है। पैरा खेलों के साथ सौरव का जुड़ाव वर्ष 2024 में शुरू हुआ, जब उनके द्वारा आयोजित एक परिसर कार्यक्रम के माध्यम से पैरा ओलंपियन मोहम्मद शम्स आलम और प्रमोद भगत सहित राष्ट्रीय नायक आईआईटी रुड़की आए। उनकी कहानियों से प्रेरित होकर, और इसी दौरान कैंसर के कारण अपनी माँ को खोने के दुःख से जूझते हुए, सौरव ने तैराकी सीखने का संकल्प लियाख्रएक ऐसा खेल जिसे उन्होंने पहले कभी आजमाया नहीं था। प्रशिक्षकों और प्रशासन की प्रारंभिक झिझक के बावजूद, सौरव का दृढ़ संकल्प विजयी रहा। प्रतिस्पर्धी तैराकी में प्रवेश के केवल तीन




महीनों के भीतर, उन्होंने राज्य स्तर पर दो रजत पदक जीते और वर्ष 2024 की राष्ट्रीय पैरा तैराकी चौम्पियनशिप में शीर्ष दस में स्थान प्राप्त किया। अपनी प्रगति को जारी रखते हुए, 21 और 22 सितंबर 2025 को उन्होंने राज्य और जिलाख्रदोनों प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जहाँ उन्होंने राज्य स्तर पर दो स्वर्ण पदक और जिला स्तर पर दो स्वर्ण पदक जीते। इसके बाद 15 नवंबर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में उन्होंने 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 17 प्रतिभागियों के बीच 2 मिनट 43 सेकंड के समय के साथ चौथा स्थान प्राप्त कर अपनी राष्ट्रीय स्थिति को और मजबूत किया। वर्तमान में, वह एक ही सत्र में 5 किलोमीटर तक तैर सकते हैं और आगामी एशियाई खेलों तथा खेलो इंडिया में भारत और संस्थान का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें 12 मार्च 2026 को इटली में आयोजित होने वाली विश्व पैरा तैराकी चौम्पियनशिप श्रृंखला के लिए भी चयनित किया गया है, जिसके लिए आईआईटी रुड़की द्वारा पूर्ण प्रायोजन और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्विमिंग पूल से परे भी, सौरव वर्ष 2025 में संस्थान के स्नूकर चौम्पियन हैं, आईआईटी रुड़की के टाइड्स केंद्र में संवधित गहन-प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप आईरिस इको-टेक के सह-संस्थापक हैं, तथा कृत्रिम पैर प्रौद्योगिकी पर कार्य करने वाले एक नवोन्मेषक भी हैं। उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें व्यावसायिक विकास एवं नवाचार पुरस्कार 2025 और हरि कृष्ण मित्तल नेतृत्व पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। अपनी यात्रा पर बात करते हुए, आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने कहा, "सौरव की कहानी केवल पदकों या उपलब्धियों की नहीं है, बल्कि साहस, दृढ़ संकल्प और चुनौतियों से ऊपर उठने की इच्छाशक्ति की कहानी है। आईआईटी रुड़की में, हमें उनकी यात्रा का समर्थन करने पर गर्व है और हम एक ऐसा समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ प्रत्येक विद्यार्थीख्र क्षमता की परवाह किए बिनाख्र फल-फूल सके और अपने सपनों का पीछा कर सके।अपनी स्वयं की यात्रा पर विचार करते हुए, सौरव कुमार ने कहा, "अपने सपनों को पूरा करने के लिए आपको परिपूर्ण शरीर की आवश्यकता नहीं है; आपको विश्वास, दृढ़ संकल्प और शुरुआत करने का साहस चाहिए। यदि मैं यह कर सकता हूँ, तो हर वह विद्यार्थी भी कर सकता है जो चुनौतियों के बावजूद सपना देखने का साहस रखता है। मेरे साथ मेरे परिवार, मेरे मार्गदर्शकों और मेरे संस्थान की शक्ति है, और मुझे आशा है कि मेरी यात्रा दूसरों को कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगी। सौरव की कहानी आईआईटी रुड़की में समावेशन और धैर्य की भावना को उजागर करती है। परिसर में 150 से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ, संस्थान सभी के लिए समान भागीदारी और अवसर सुनिश्चित करने हेतु सहयोग तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रहा है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक समर्पित सहायता तंत्र की उनकी अपील यह स्मरण कराती है कि सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच से होती है, और सच्चा समावेशन सामूहिक उत्तरदायित्व से उत्पन्न होता है। सौरव कुमार की यात्रा आशा की एक मशाल के रूप में खड़ी है, यह सिद्ध करते हुए कि सीमाएँ उतनी ही वास्तविक होती हैं, जितनी हम उन्हें मान लेते हैं।

## डीएवी के समीप दो पक्षों में मारपीट गोली चलने की आवाज से अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डीएवी कॉलेज के समीप दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान गोली चलने जैसी आवाज सुनाई देने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गोली चलने की आवाज तो स्पष्ट रूप से सुनाई दे रही है, लेकिन गोली चलाने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे पार्क और अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी रुड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी मिली है और वायरल हो रहे वीडियो का भी गंभीरता से संज्ञान लिया गया है। साथ ही घटना स्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में दो पक्षों के बीच विवाद की बात सामने आ रही है।

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस घटना में शामिल सभी लोगों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है और जो भी व्यक्ति इस वारदात में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### झबरेड़ा नगर पंचायत की चेतावनी देने के बाद भी

## मुख्य बाजार में दुकानदारों का अतिक्रमण बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा झबरेडा का मुख्य बाजार हो या अमर जवान चौक बस अड्डा के पास सड़क मार्ग के दोनों और खड़े होने वाले फल ठेली व फड लगाने वाले दुकानदार नगर पंचायत द्वारा निशान देही करने के बाद भी बेखोफ होकर सड़क पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण करने से कस्बे से होकर निकलने वाला मुख्य मार्ग की चौड़ाई 80 फुट से घटकर 35 फीट ही रह गई है। कस्बा व क्षेत्र निवासी चौधरी बिरम सिंह राजपाल सिंह जयवीर सुलेमान मलिक जमशेद रोहित कुमार विक्रम सिंह आदि का कहना है कि कस्बे में स्थित अमर जवान चौक के चारों ओर इकबालपुर गुरुकुल सहारनपुर मार्ग की चौड़ाई 80 फुट है इन मार्गों पर कस्बे में बनी दुकाने अपनी हद पर बनी हुई है। दुकानों के सामने सड़क मार्ग पर सभी दुकानदारों के सामने फलों की फड व रेहडी ठेली वाले खड़े होते हैं वैसे तो यह फलों की ठेली या फड लगाने वाले दुकानदार सड़क मार्ग पर खड़े होते हैं। लेकिन जिस दुकान के सामने यह फल रेहडी वाले खड़े होते हैं इन फल दुकानदारों से अपने सामने खड़े होने की एवज में किराए के नाम पर अच्छे खासे रुपए प्रति माह वसूलते हैं ।फल रेहडी या ठेली तथा फड लगाने वाले दुकानदार बेखौफ होकर सड़क पर अतिक्रमण कर रहे हैं।



दिसंबर माह में नगर पंचायत झबरेड़ा अध्यक्ष किरण चौधरी व अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत द्वारा कस्बे के गण मान्य व्यक्तियों तथा दुकानदारों की एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सब की सहमति से अतिक्रमण कम करने के लिए मुख्य बाजार में नाली से आगे सड़क पर सवा तीन फुट तथा अमर जवान चौक मुख्य मार्ग पर नाली से साढे चार फुट आगे लाल निशान लगाने के बाद कोई भी दुकानदार लाल निशान से आगे कोई अपना सामान नहीं रखेगा तय किया गया था। तय किए गए नियम का किसी भी दुकानदार द्वारा पालन न करने पर 2000 रुपए लेकर 5000 रुपए तक का चालान काटा जाएगा ।नगर पंचायत द्वारा तय सीमा पर लाल निशान लगवा दिए गए थे। इसके बाद भी अधिकतर दुकानदार लाल निशान से काफी आगे अपनी ठेली व सामान रख रहे हैं जिससे कस्बे के मुख्य बाजार व मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत का कहना है कि एक बार दुकानदारों को नगर पंचायत कर्मचारीयो द्वारा समझाया जाएगा नहीं समझने पर दुकानदारों का चालान काटा जाएगा।

## कोल्हू पर काम करने वाला व्यक्ति गन्ने के गर्म रस में गिरा, गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा स्थित एक गन्ना कोल्हू में काम करने वाला व्यक्ति गाने के गर्म रस में गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

कस्बा झबरेड़ा के गुरुकुल मार्ग पर गन्ना कोल्हू में एक कस्बा झबरेड़ा निवासी मुरसलीन नाम का व्यक्ति रस पकाने का काम करता है शुक्रवार सुबह मुरसलीन रोजाना की तरह रस पकाने का काम कर रहा था जिस प्रकार प्रतिदिन वह रस को पका कर गुड़ बनाने का काम करता है बताया गया है कि प्रतिदिन गन्ना कोल्हू व रस पकाने वाले कढ़ाये की सफाई की जाती है मुरसलीन भी उसी तरह गन्ना रस पकाने वाले कढ़ाये की सफाई करने लगा तथा अचानक से उसका संतुलन खराब होने पर वह उबलते हुए रस के कढ़ाये में जा गिरा गर्म उबलते हुए रस के कढ़ाई में गिरने पर बचाने के लिए चिल्लाने लगा तभी गन्ना कोल्हू में काम करने वाले अन्य लोग आनंद फानन में उसके पास पहुंचे तथा उसकी गम रस के कढाए से बाहर निकाला परंतु जब तक व्यक्ति काफी जल चुका था घायल व्यक्ति को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर जले हुए व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

## परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, बगैर परमिट के एक वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में एक वाहन को पड़कर सीज कर दिया है।

परिवहन कर अधिकारी मुकेश भारती ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया आज एक वाहन को बगैर परमिट के पड़कर सीज कर दिया है और चार अन्य वाहनों के चालान भी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया 15 जनवरी इसके बाद स्कूल खुलने पर सभी स्कूली बच्चों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे को देखते हुए सभी बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि यह जो चेकिंग अभियान है इसमें नोटिफाई साइलेंसर बगैर ड्राइविंग लाइसेंस बगैर हेलमेट नाबालिक बच्चों से वहांन चलवाना बगैर पर पत्रों के वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि सभी को सरकार के द्वारा बनाए गए नियम का पालन करना चाहिए और अपने आप को सुरक्षित रखना चाहिए।

## नशा तस्करों पर बुग्गावाला पुलिस सख्त, 2.80 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** देवभूमि को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार रंग ला रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बुग्गावाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी बुग्गावाला द्वारा गठित पुलिस टीम एवं सक्रिय मुखबिर तंत्र की सूचना पर दिनांक 08 जनवरी 2026 को मुजाहिदपुर सिकरोढ़ा जाने वाले मार्ग के तिराहे से आरोपी सोनू पुत्र इकबाल, निवासी लालवाला मजबता बन्दरजूड, थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2.80 ग्राम अवैध स्मैक/हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना बुग्गावाला पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है तथा अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल गोपाल कुमार एवं कांस्टेबल विक्रम शामिल रहे। हरिद्वार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाकर देवभूमि को नशा मुक्त बनाने का संकल्प जारी रहेगा

### तड़के पनीर फैक्ट्री पर मारा छापा

## 100 किलो पनीर जब्त, त्योहार से पहले मिलावटखोरों में मची भगदड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ उत्तराखंड प्रशासन ने अब आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। विशेष अभियान के तहत शुक्रवार तड़के खंजरपुर क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने एक पनीर निर्माण इकाई पर अचानक धावा बोल दिया। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब एक क्विंटल ताजा पनीर बरामद किया गया, जिसे जांच के लिए सील कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार विशेष अभियान के तहत शुक्रवार तड़के खंजरपुर क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने एक पनीर निर्माण इकाई पर अचानक छापा मार दिया। अधिकारियों की इस सख्त कार्रवाई से पूरे इलाके के डेयरी संचालकों में खलबली मच गई है। विभाग ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि त्योहारों की आड़ में नकली पनीर, मिलावटी दूध और जहरीले खाद्य पदार्थ बेचने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग का यह अभियान न सिर्फ मिलावटखोरों के लिए चेतावनी है, बल्कि आम जनता के लिए भी एक संदेश है ख्र सस्ता और संदिग्ध खाद्य पदार्थ आपकी सेहत और जिंदगी दोनों को तबाह कर सकता है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

## पुलिस में दो फरार वारण्टी दबोचे

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस लाइन पुलिस न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटी दबोच लिये है। न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी द्वारा पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट के घर पर दबिश देकर 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। नाम पता वारंटी 1.मेहरबान पुत्र अख्तर अली निवासी ग्राम भंगेड़ी कोतवाली रूड़की 2.सौरभ पुत्र प्रदीप निवासी मनुबस हैं।

## 52 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** उतराखण्ड "ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान" के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक द्वारा अवैध देशी/ कच्ची शराब/अवैध नशा तस्करों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, तथा मुखवीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। उक्त क्रम में दिनांक- 09.01.26 को पुलिस टीम द्वारा शहीदवाला ग्रन्ट से आरोपी वाजिद पुत्र नूरमोहम्मद नि0 शहीदवाला ग्रन्ट थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को 52 पव्वे देशी शराब के साथ पकडा गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानाकारी की जा रही है। नाम पता आरोपी-वाजिद पुत्र नूरमोहम्मद नि0 शहीदवाला ग्रन्ट थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार। विवरण बरामदगी- आरोपी के कब्जे से 52 पव्वे देशी शराब(माल्टा मार्का) बरामद होना। आरोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम का विवरण:-1- अपर उ0नि0 कुन्दन सिहं 2- कानि0 हरिओम 3-का0 रविन्द्र भण्डारी।

## पिरान कलियर में दरगाह के ठेकों के टेंडर खुले, 19 में से पांच स्वीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की तहसील सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दरगाह साबिर पाक, इमाम साहब और किलकिली साहब से जुड़े विभिन्न ठेकों के टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूरी की गई। नीलाम समिति की ओर से कुल 19 ठेकों के टेंडर आमंत्रित किए गए थे लेकिन इनमें से केवल पांच ठेके ही स्वीकृत हो सके।

शेष 14 ठेकों पर या तो टेंडर नहीं आए या कोरम पूरा नहीं हो सका। सबसे महंगा ठेका दरगाह साबिर पाक में प्रसाद विक्रय करने की दुकान नंबर दो का रहा जो 1,31,85,786 रुपये में हाजी सलीम के नाम स्वीकृत हुआ। इसके अलावा दरगाह इमाम साहब में दानपात्र का ठेका 1,10,51,786 रुपये में हाजी नसीम के नाम, दरगाह इमाम साहब में प्रसाद विक्रय व प्राप्ति का ठेका 84 लाख 22 हजार 786 रुपये में हाजी सलीम के नाम, दरगाह साबिर पाक दुकान नंबर पांच का ठेका 12 लाख 51 हजार 786 रुपये में जहीर के नाम और दरगाह ईमाम साहब में जूता रखाई का ठेका 10 लाख 786 रुपये में हाजी सलीम के नाम स्वीकृत किया गया। नीलाम समिति ने सभी पांच ठेकों को स्वीकृत कर लिया गया है। तहसीलदार एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने बताया कि शेष 14 ठेकों पर ठेकेदारों ने कोई खास रुचि नहीं दिखाई। कुछ ठेकों पर कोरम पूरा नहीं होने के कारण उन्हें स्वीकृत नहीं किया गया जबकि कुछ पर टेंडर ही प्राप्त नहीं हुए। उन्होंने बताया कि जिन ठेकों पर टेंडर नहीं हो पाए हैं उन्हें दोबारा निकाला जाएगा। तब तक इन व्यवस्थाओं को प्रतिदिन के आधार पर किराये पर संचालित किया जाएगा। साथ ही कुछ स्थानों पर दरगाह कर्मचारियों की तैनाती की गई है। तहसीलदार ने यह भी बताया कि पुराने बकाया ठेकेदारों के खिलाफ आरसी जारी करने की तैयारी की जा रही है।

### भगवानपुर में बेखौफ बदमाशों के तांडव से दहशत

## नकाबपोशों ने फाइनेंसकर्मी पर चलाई गोली, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपद में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो गये हैं लक्सर में कुछ दिन पूर्व दिनदहाड़े विक्की त्यागी नामक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि नकाबपोश बदमाशों ने भगवानपुर में एक बार फिर जिले को दहला देने वाली वारदात को अंजाम देने की कोशिश की।

ताजा मामला भगवानपुर थाना क्षेत्र का है, जहां बृहस्पतिवार की शाम बेखौफ बदमाशों ने फाइनेंस कारोबारी आदि राणा को मौत के घाट उतारने के इरादे से उस वक्त गोली चला दी, जब वह अपने घर वापस लौट रहे थे। हालांकि किस्मत ने करवट ली और गोली आदि राणा को न लगकर पास ही पानी पी रहे भूरे नामक युवक की कमर में जा लगी। गोली लगते ही युवक लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा। दिनदहाड़े गोली चलने की इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाश हथियार लहराते हुए बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि बदमाशों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फैक्टरीकर्मी से 37 हजार की साईबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में एक फैक्टरीकर्मी को झांसा देकर साइबर ठग ने उसके खाते से 37 हजार ठग लिए। ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर मोबाइल पर लिंक भेजा था। खाते से रुपये निकलने का संदेश आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साउथ सिविल लाइंस निवासी पंकज सिडकुल स्थित एक फैक्टरी में कार्यरत है। बृहस्पतिवार सुबह फैक्टरी जाने की तैयारी के दौरान उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कहा कि नए साल के कारण डेबिट कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन न होने पर कार्ड ब्लॉक हो जाएगा। इसपर पंकज झांसे में आ गए। ठग ने ऑनलाइन सत्यापन का प्रस्ताव दिया और आधार कार्ड की जानकारी मांगी। पीड़ित ने आधार कार्ड की डिटेल भेज दी। इसके बाद ठग ने मोबाइल पर लिंक भेजकर उसे खोलने और प्राप्त ओटीपी साझा करने के लिए कहा। ओटीपी साझा करते ही कुछ देर में खाते से 37 हजार रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज आ गया। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि रकम किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। पीड़ित ने सिविल लाइंस कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्री-एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील रूड़की अंतर्गत प्री-एसआईआर निर्वाचन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति और उत्कृष्ट योगदान के लिए बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की एवं तहसीलदार रूड़की द्वारा कुल दस बीएलओ को उनके अनुकरणीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची का सत्यापन, अद्यतन एवं जनसंपर्क जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्यों को बीएलओ ने पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न किया है, जो निर्वाचन प्रक्रिया की गुणवत्ता को सुदृढ़ करता है। सम्मानित किए गए बीएलओ में पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती संगीता, श्रीमती पिंकी एवं श्रीमती नसरीन बानो; झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती राजनेश कुमारी एवं श्रीमती अनीता देवी; रूड़की विधानसभा क्षेत्र से श्री नाजिम अली, श्रीमती पुष्पा एवं श्रीमती सविता देवी तथा मंगलौर विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती गीता देवी एवं श्रीमती प्रवीण शामिल रहीं। बैठक के दौरान प्रीख्र एसआईआर गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों को अवगत कराया गया कि रूड़की विधानसभा क्षेत्र में



57.40 प्रतिशत, पिरान कलियर में 67.69 प्रतिशत, झबरेड़ा में 74.69 प्रतिशत तथा मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में 72.61 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार रूड़की ने अपने संबोधन में कहा कि बीएलओ निर्वाचन तंत्र की आधारशिला होते हैं। उनके समर्पण और मेहनत से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हो रही है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनविश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने सभी बीएलओ को बधाई देते हुए शेष कार्य को भी निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का आह्वान किया।


# सम्पादकीय

शनिवार, 10 जनवरी 2026

## भारत की चिंता

शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने भारत के सामने इस समय जो चुनौतियां हैं, उन पर खुलकर जवाब दिए। साथ ही बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर विशेषकर हिन्दुओं पर हमले हो रहे हैं, उस पर खुलकर बात की और बांग्लादेश को नसीहत दी कि वह इस तरह के कृत्यों पर जितना जल्दी हो सके, रोक लगाए। उसके साथ उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड को लेकर भी अपनी बात को रखा। जाहिर है यह वार्ता इस वक्त हो रही है, जब पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को असहज करने वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। गुरुवार को तो उन्होंने सीधे ही चीन, भारत, ब्राजील जैसे देशों को 500 प्रतिशत तक टैरिफ शुल्क भुगतने की सीधी चेतावनी ही नहीं दी, बल्कि इसको लेकर वह एक विधेयक भी ले आए, जो अगले हफ्ते वहां की सीनेट में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। चीन पर भी जायसवाल ने बात की और बताया कि शक्सगाम घाटी में भारत-चीनी गतिविधियों पर पूरी नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शक्सगाम भारतीय क्षेत्र है और इसकी जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के सामने लगातार विरोध जताया है। अमेरिका की तरफ से भारत को लेकर जिस तरह के समाचार आ रहे हैं निश्चित रूप से वह चिंता पैदा करने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जब से राष्ट्रपति पद संभाला है, तभी से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है और भारत पर अमे. रिकी टैरिफ का दबाव डाला जा रहा है। अमेरिका के साथ पर्दे के पीछे जो ट्रेड वार्ताएं अब तक हुई हैं वे कोई रिजल्ट नहीं दे पाई हैं। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड ल्यूटनिक ने कहा है कि व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि पीएम मोदी ने ट्रम्प से बात नहीं की। ल्यूटनिक के अनुसार डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। उन्होंने दावा कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए मोदी को ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी, जिसके लिए पीएम मोदी सहज दिखाई नहीं दिए और यह कॉल नहीं की गई। जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति से डील थी और वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सबकुछ करते हैं, सबकुछ पहले से तय था। ल्यूटनिक ने यह भी दावा कि जिन शर्तों पर भारत-अमे. रिका के बीच व्यापार समझौता तय माना गया था वह अब लागू नहीं है और अमेरिका अब पीछे हट चुका है। ऐसा कहकर शायद वह यह कहना चाह रहे हैं कि अमेरिका अब इस पर कोई बात नहीं करेगा। ल्यूटनिक की बातों से यह भी लगता है कि यह समझौता एकतरफा था यानि भारत उन शर्तों को नहीं मान सकता, जो अमेरिका चाहता है। जाहिर है यह विवाद और अधिक गहरा सकता है।


## कानून सबके लिए बराबर कब होगा



भाजपा सरकार के शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार का प्रतीक बन गई है, भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है, उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस अति महत्वपूर्ण व्यक्ति को बचा रहा है, यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा, उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। **राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# पारिस्थितिकी की रक्षा के लिए स्थानीय समुदायों की भूमिका अहम

**चैंपियन ऑफ के नाम से मशहूर माधव गाडगिल का इस दुनिया से चले जाना पर्यावरण और बायोडाइवर्सिटी को भारी हानि है।**





एम. इमरान

माधव गाडगिल भारत के उन अग्रणी पर्यावरण वैज्ञानिकों में माने जाते हैं जिन्होंने पारिस्थितिकी को केवल एक अकादमिक विषय न मानकर उसे समाज, लोकतंत्र और जनभागीदारी से गहराई से जोड़ा। उनका पूरा जीवन कार्य इस विचार के इर्द-गिर्द घूमता है कि प्रकृति की रक्षा तभी संभव है जब स्थानीय समुदायों को निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ सम्मान दिया जाए। माधव गाडगिल का योगदान केवल शोध पत्रों या रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने भारत में पर्यावरणीय सोच की दिशा को बदलने का प्रयास किया।

माधव गाडगिल का जन्म 1942 में हुआ और उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में उच्च शिक्षा प्राप्त की। विदेश में अध्ययन और शोध के अवसर होने के बावजूद उन्होंने भारत लौटकर यहां की जैव विविधता और पर्यावरणीय समस्याओं पर काम करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पारिस्थितिकी की समझ पश्चिमी मॉडल से अलग होनी चाहिए, क्योंकि यहां की सामाजिक संरचना, आजीविका के साधन और प्रकृति पर निर्भरता की परंपराएं भिन्न हैं। इसी सोच ने उनके काम को विशिष्ट बनाया। गाडगिल ने भारतीय पारिस्थितिकी की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पारिस्थितिकी केवल जंगलों और वन्य जीवों का अध्ययन नहीं है, बल्कि यह मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंधों की भी गहरी पड़ताल करता है। उन्होंने ग्रामीण समाजों, आदिवासी समुदायों और मछुआरों जैसे समूहों के जीवन का अध्ययन किया और दिखाया कि कैसे उनकी परंपराएं सदियों से संसाधनों के संरक्षण में सहायक रही हैं। उनके अनुसार पारंपरिक ज्ञान किसी भी आधुनिक नीति निर्माण में उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए। माधव गाडगिल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान पश्चिमी घाटों के संरक्षण से जुड़ा माना जाता है। पश्चिमी घाट भारत के जैव विविधता हॉटस्पॉट्स में से एक हैं और यहां हजारों प्रजातियां पाई जाती हैं। इस क्षेत्र पर बढ़ते विकास, खनन, बांध निर्माण और वनों की कटाई से गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल का गठन किया और माधव गाडगिल को इसका अध्यक्ष बनाया गया। इस समिति की रिपोर्ट, जिसे आमतौर पर गाडगिल रिपोर्ट कहा जाता है, भारतीय पर्यावरण इतिहास की सबसे चर्चित और विवादास्पद रिपोर्टों में से एक बन गई।

गाडगिल रिपोर्ट का मूल विचार यह था कि पश्चिमी घाटों को उनकी पारिस्थितिक संवे. दनशीलता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाए और विकास गतिविधियों को उसी के अनुरूप नियंत्रित किया जाए। उन्होंने पूरे पश्चिमी घाट क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवे. दनशील क्षेत्र घोषित करने की सिफारिश की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इसका अर्थ विकास को पूरी तरह रोकना नहीं है, बल्कि उसे स्थानीय परिस्थितियों और प्रकृति की क्षमता के अनुसार ढालना है। रिपोर्ट में खनन, बड़े बांधों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर कड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस रिपोर्ट की सबसे अनोखी बात यह थी कि इसमें स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, जैसे ग्राम सभाओं और पंचायतों, को निर्णय लेने में प्रमुख भूमिका देने पर जोर दिया गया। गाडगिल का मानना था कि ऊपर से थोपे गए नियम अक्सर जमीन पर सफल नहीं होते, जबकि स्थानीय लोग अपनी जरूरतों और पर्यावरण के बीच संतुलन बेहतर ढंग से समझते हैं। यह विचार भारतीय लो. कतंत्र में पर्यावरणीय शासन को अधिक सहभागी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। हालांकि गाडगिल रिपोर्ट को तीव्र विरोध का भी सामना करना पड़ा।

कुछ राज्य सरकारों और उद्योग समूहों ने इसे विकास विरोधी करार दिया। उनका तर्क था कि इतनी कड़ी सिफारिशें आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बाधित करेंगी। लेकिन गाडगिल ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विकास को रोकना नहीं, बल्कि उसे टिकाऊ बनाना है। वे कहते थे कि अल्पकालिक लाभ के लिए यदि हम प्रकृति को नष्ट कर देंगे, तो दीर्घकाल में इसका खामियाजा समाज को ही भुगतना पड़ेगा। माधव गाडगिल ने पर्यावरणीय नीतियों में पारदर्शिता और जनसंवाद की आवश्यकता पर भी लगातार जोर दिया। उनका मानना था कि वैज्ञानिकों को प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज के साथ संवाद करना चाहिए। उन्होंने कई बार कहा कि यदि पर्यावरणीय निर्णयों को आम लोगों की भाषा में नहीं समझाया जाएगा, तो वे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। इसी कारण वे लेखन, व्याख्यान और सार्वजनिक चर्चाओं के माध्यम से लगातार सक्रिय रहे। उनका एक महत्वपूर्ण योगदान भारत में जैव विविधता कानूनों के निर्माण और क्रियान्वयन से भी जुड़ा है। वे राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण से जुड़े रहे और जैव विविधता अधिनियम के पीछे की सोच को आकार देने में उनकी भूमिका रही। इस कानून का उद्देश्य न केवल जैव विविधता का संरक्षण करना था, बल्कि स्थानीय समुदायों के अधिकारों को मान्यता देना और जैव संसाधनों से होने वाले लाभों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना भी था।

यह दृष्टिकोण गाडगिल की उस सोच को दर्शाता है जिसमें संरक्षण और सामाजिक न्याय एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। माधव गाडगिल ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु से लंबे समय तक जुड़े रहे और वहां पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान को एक मजबूत अकादमिक आधार प्रदान किया। उनके कई शिष्य आज देश-विदेश में पर्यावरणीय शोध और नीति निर्माण में सक्रिय हैं। उन्होंने हमेशा छात्रों को केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहने, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों को भी समझने के लिए प्रेरित किया। उनकी लेखनी भी उतनी ही प्रभावशाली रही जितना उनका वैज्ञानिक कार्य। उन्होंने अंग्रेजी और मराठी सहित विभिन्न भाषाओं में लिखा और जटिल वैज्ञानिक विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण ( कीमोअट्रैक्शन ) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**

यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।



हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# बांग्लादेशी खिलाड़ी के बहाने अभिनेता शाहरुख के विरोध का स्तर व औचित्य



निर्मल रानी

भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिए जिस सबसे ज्वलंत मुद्दे को बहस के लिए जरूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के खरीदने पर शाहरुख का विरोध और इस पर चर्चा करना। गौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था साथ ही वे बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध गुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्एक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी एल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर खरीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज गेंदबाज था मुस्तफिजुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रूपए की बोली लगाकर खरीदा था। यह IPL इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोल. काता नाइट राइडर्स अथवा KKR के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही ज्ञज्ञत टीम के सह-मालिक हैं परन्तु बी सी सी आई की मर्जी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किए जाने के बावजूद तथा शाहरुख के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी KKR का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर किस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख खान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताजा खबरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख खान के विरोध में इस्तेमाल किए गए शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व कुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है। शाहरुख को किसी ने गद्दार कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में ज्ञज्ञत बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख खान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिए हुए हैं। किसी श्स्वयंभू राष्ट्रवादी श्को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नजर आया तो वह शाहरुख खान ? वह शाहरुख खान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फिल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फिल्म फेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, जी सिने अवॉर्ड्स, प्प्थ। अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में फ्रांस सरकार द्वारा ऑड्रे दे आर्ट्स एट दे लेट्र्स अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊंचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख खान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फिल्म फेस्टिवल (स्विट्जरलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है। शाहरुख खान ने 2013 में मीर फाउन्डेशन के नाम से एक गैर -लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिए खामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं।

उनकी ये सेवाएं महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हजारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा COVID-19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख खान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं। वे मेक-ए-विश फाउंडेशन संस्था के माध्यम से बच्चों की इच्छाएं भी पूरी करते हैं। जहां तक शाहरुख खान को गद्दार या देशद्रोही कहने का प्रश्न है तो ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले जहरीले लोगों को अपने पारिवारिक संस्कारों की तुलना भी शाहरुख खान के पारिवारिक संस्कारों से जरूर करनी चाहिए। गौरतलब है कि आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को अपनी बेटी के समान समझते थे। यहां तक कि शाहरुख के पिता मीर ताज मोहम्मद खघन से लतीफ फातिमा की शादी भी शाह नवाज खघन के बंगले में ही हुई थी।

यह साबित करता है कि कर्नल शाहनवाज खान का शाहरुख के परिवार से गहरा आत्मीय रिश्ता था। इसीलिए यह भी कहा जाता है कि शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाह नवाज खान ने गोद लिया था या वे उनके लिए पितातुल्य थे। ऐसे संस्कारों में परवरिश पाने वाले शाहरुख खान को गद्दार व देशद्रोही जैसी उपाधियां देने वालों को अपने पारिवारिक संस्कारों व देश के प्रति शाहरुख की कुर्बानियों व सेवाओं की तुलना जरूर करनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इटली की लुक्रेशिया माघ मेले में कर रही है भजन कीर्तन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर माघ मेला के दौरान इटली से आई 22 साल की लुक्रेशिया दिन-भर भजन-कीर्तन करती हैं। भारतीय संस्कृति में रमी लुक्रेशिया का कहना है कि महाकुंभ ने उनकी जिंदगी ही बदल दी है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था।

सनातन की शक्ति को समझकर उन्होंने इसे अपनाने का फैसला किया। विदेशी होकर भी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहरा जुड़ाव और सबका ध्यान खींच रहा है। लुक्रेशिया सनातन धर्म अपना चुकी हैं। अपने गुरु मनमौजी राम पुरी से दीक्षा भी ले चुकी हैं। लुक्रेशिया महाकुंभ के दौरान भी प्रयागराज आई थीं। संगम लोअर मार्ग स्थित नेमिषारण्य आश्रम में रह रहीं लुक्रेशिया 'जय सियाराम', 'जय सीताराम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ मंत्रोच्चार सीख रही हैं। भारतीय संस्कृति की तरफ उनका झुकाव, साधना और श्रद्धा के मेले में हर तरफ चर्चा हो रही है। मेले में साधु-संतों के साथ लुक्रेशिया भी साधना में लीन हैं। आश्रम में हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करती हैं। भक्ति गीतों व मंत्रों का अभ्यास करती हैं। विदेशी पहनावे के बावजूद उनके विचार और भाव पूरी तरह भारतीय सनातन संस्कृति में रचे-बसे दिखाई देते हैं। लुक्रेशिया ने कहा कि सनातन धर्म ने मुझे अंदरूनी शांति दी है। जीवन को समझने की नई दिशा दी है। मैं तीसरी बार भारत आई हूं। 2024 में मैंने राजस्थान की यात्रा की थी। जहां भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से मेरा गहरा जुड़ाव हो गया। इसके बाद साल 2025 में मैं महाकुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंचीं। विशाल जनसमूह और भव्य आयोजन को देखकर मैं अभिभूत हो गई। अब मैं माघ मेले के दौरान वह अपने गुरु के पास आई हूं। अब मैं दीक्षा लेकर सनातन परंपरा को करीब से समझ रही हूं। लुक्रेशिया ने कहा कि यह साल मेरे जीवन में एक नई और सकारात्मक शुरुआत लेकर आया है।

## इक्वाडोर में हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए

**क्विटो।** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में मोकोली द्वीप पर एक निजी रिहायशी परिसर के अंदर बुधवार देर रात हुए हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए। गृह मंत्री जॉन रीमबर्ग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदूकधारी कई सुरक्षा घेरों को तोड़कर मोकोली गोल्फ क्लब के स्पोर्ट्स कोर्ट में जबरन घुस गए। कई गाड़ियों में आए हमलावरों ने पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और उनके पास पिस्तौल और राइफलें थीं। रीमबर्ग ने इक्वाविसा टेलीविजन को बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित कॉम्प्लेक्स में मेहमान थे। तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या और डकैती जैसे अपराध शामिल थे।

### भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का दावा

# वैश्विक अनिश्चितताओं से पार पा लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का मानना है कि तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी घरेलू मांग के दम पर आने वाले समय में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गौरोवे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत दुनिया के कई अन्य देशों जितनी खुली अर्थव्यवस्था नहीं है।

यह बाहरी कारकों के प्रति उतना संवेदनशील नहीं है। यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत इस समय 'लाभ की स्थिति' में है। उल्लेखनीय है कि सरकार के पहले अग्रिम अनुमान के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की गुरुवार को जारी 'विश्व आर्थिक स्थिति एवं परिदृश्य' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, अगले दो साल भारत के

**■ यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा**

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत में पारिवारिक खर्च ऊंचा बना हुआ है, सार्वजनिक निवेश मजबूत है और ब्याज दर कम है। ये सभी कारक विकास को गति दे रहे हैं। हालांकि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर ऊंचे आयात शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का दबाव भी है। घरेलू चुनौतियों के बारे में गौरोवे ने कहा कि दुनिया के कई अन्य देशों की तरह भारत भी सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर की समस्या से जूझ रहा है। देश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने पर खर्च हो जाता है। इसके अलावा बेरोजगारी भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि ऋण के बोझ का असर हर देश पर अलग-अलग होता है, और भारत पर दूसरे दक्षिण एशिया देशों के मुकाबले दबाव कम है। कई देशों को इसके कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद मांगनी पड़ी है। भारत सरकार का ऋण बनाम जीडीपी अनुपात पिछले वित्त वर्ष में 57 प्रतिशत से ऊपर था। सरकार ने इसे चालू वित्त वर्ष में 56.1 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी की तुलना में ऋण घटकर 48.9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद यह बढ़कर 61.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए बताया था कि कुल व्यय का 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार ऋणों के ब्याज की अदायगी पर खर्च करेगी। गौरोवे ने कहा कि बदलती वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों में अब दुनिया के कई देश अपने इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्रों में विविधता ला रहे हैं जिसका फायदा भारत को मिल रहा है।

# ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत

## तेहरान में अशांति और हिंसा के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने देश के लोगों को संबोधित किया

**तेहरान।** तेहरान में अशांति के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने ट्रम्प को अमेरिका की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी है। खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी देश को बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई ने साफ कहा है कि देश विदेशियों के भाड़े के सैनिकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम नेता का यह ईरानी सरकारी टीवी की ओर से विरोध प्रदर्शनों पर एक रिपोर्ट में हिंसा भड़काने के लिए इजरायल और अमेरिका के 'आतंकी एजेंटों' को दोषी ठहराए जाने के बाद आया है।



**■ दूसरे देश को खुश करने के लिए किए जा रहे प्रदर्शन**

ईरान के सरकारी मीडिया ने रात भर देशभर में फैले प्रदर्शनों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल के 'आतंकी एजेंटों' ने आगजनी की और हिंसा भड़काई। अपनी दैनिक सुबह की ब्रीफिंग में सरकारी टीवी ने कहा कि निजी कारों, बाइक, मेट्रो जैसे सार्वजनिक स्थानों, दमकल गाड़ियों और बसों में आग लगाई गई है। ईरान में बीते दो हफ्तों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। बढ़ती महंगाई और गिरती मुद्रा को लेकर जनता का आक्रोश फैल गया, जिसके बाद ईरान सरकार के खिलाफ लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में खामेनेई ने विदेशी समर्थित तत्वों पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि सभी को यह जान लेना चाहिए कि इस्लामी गणतंत्र हजारों सम्मानित लोगों के खून के दम पर सत्ता में आया है और यह उपद्रवियों के सामने पीछे नहीं हटेगा। राजधानी में जारी अशांति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें देश चलाना आता होता तो वे अपना देश ठीक से चलाते क्योंकि अमेरिका के भीतर ही कई समस्याएं हैं। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के हाथ 1000 से अधिक ईरानियों के खून से रंगे हुए हैं। उनके इस बयान को जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है। खामेनेई ने अपने समर्थकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए युवाओं से कहा कि अपनी तैयारी और एकता बनाए रखें क्योंकि एक एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन पर विजय प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईरान में आर्थिक नीतियों को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ईरान में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच कुछ प्रदर्शनकारी देश में शाह वंश की वापसी की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी निर्वासित युवराज रजा पहलवी के आह्वान का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। अशांत ईरान में प्रदर्शनकारियों ने 'पहलावी वापस आएंगे' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्वासित युवराज रजा पहलवी अगले सप्ताह मार-ए-लागो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि अभी तक इस मुलाकात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ट्रम्प और पहलवी की मुलाकात यरुशलम प्रेयर ब्रेकफास्ट में होगी। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि स्वीडन प्रदर्शनकारियों की आवाज सुनता है और उनकी 'स्वतंत्रता के लिए साहसी लड़ाई' का समर्थन करता है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि ईरानी जनता एक बार फिर दमन के खिलाफ उठ खड़ी हुई है। हम उनकी आवाज सुनते हैं और स्वतंत्रता के लिए उनके साहसी संघर्ष का समर्थन करते हैं। स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य की स्पष्ट मांगों को हिंसा और दमन से लंबे समय तक चुप नहीं कराया जा सकता। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने भी ईरान के प्रदर्शनकारियों की प्रशंसा की। बेल्जियम पीएम ने कहा कि कई वर्षों के दमन और आर्थिक कठिनाइयों के बाद साहसी ईरानी स्वतंत्रता के लिए खड़े हो रहे हैं। वे हमारे पूर्ण समर्थन के पात्र हैं। हिंसा के माध्यम से उन्हें चुप कराना अस्वीकार्य है। राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्से में एक हिंसक घटना सामने आई। एक सरकारी इमारत में आग लगा दी गई।

### ट्रम्प का दावा: ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है। हालांकि, शहर पर कब्जे को लेकर ट्रम्प के दावे की पुष्टि नहीं हो पाई है। किसी भी भरोसेमंद रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ है कि सुरक्षा बल पूरी तरह शहर छोड़ चुके हैं या मशहद पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में चला गया है। ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए।

**■ ईरान के 100 शहरों में 13 दिनों से महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन जारी, अब तक 45 की मौत**

## कीव पर रूसी हमलों में चार लोगों की मौत 25 अन्य घायल

**कीव।** यूक्रेन पर पूरी रात रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल से हमला किया जिसमें राजधानी कीव में कम से कम चार लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। कीव के अभियोजक कार्यालय ने कहा कि मृतकों में से तीन एक आवासीय परिसर के निवासी थे और चौथा 58 वर्षीय आपातकालीन चिकित्सा कर्मी था जिसकी सहायता प्रदान करने के दौरान मौत हो गई। कार्यालय ने यह भी कहा कि घायलों में चिकित्सा कर्मी, बचावकर्मी और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस हमले से कीव के सात जिले प्रभावित हुए, जिसमें दूतावास भवन, एक किडरगार्टन और अन्य सुविधाओं सहित 19 अपार्टमेंटों को नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने हमले में 242 ड्रोन और 36 मिसाइलें दागीं, जिनमें रूसी रॉकेट प्रक्षेपण परिसर, कपुस्टिन यार परीक्षण स्थल से दागी गई एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का उपयोग किया गया, जो परमाणु पेलोड ले जाने में भी सक्षम है और इसका लक्ष्य यूक्रेन में महत्वपूर्ण सुविधाएं थीं।

# ट्रम्प बोले: मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल्स का राज चल रहा

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबाम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबाम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन हस्तक्षेप नहीं। उन्होंने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया। ट्रम्प ने अक्टूबर 2025 में कहा था कि वो ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा अमेरिकी न्यूज चौनल एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट में किया गया था। रिपोर्ट में दो मौजूदा और दो रिटायर्ड अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस मिशन में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) भी शामिल हो सकती है। इन अधिकारियों के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स को निशाना बनाने के लिए इस आपरेशन की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संभावित मिशन से जुड़ी शुरुआती ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। प्लान के मुताबिक, मेक्सिको की जमीन पर भी आपरेशन हो सकता है।

**■ जमीनी हमले कर इन्हें खत्म करेंगे, मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं: अमेरिका कहीं का मालिक नहीं**

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कड़ाके की ठंड जारी

## तापमान में तेजी से गिरावट, द्रास का तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इन दिनों शीत लहर के साथ कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में है। पूरे क्षेत्र में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है।



मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात रिकॉर्ड की गई, जबकि द्रास न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस के साथ लद्दाख में सबसे ठंडा स्थान रहा। कड़ाके की ठंड के कारण श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील के किनारे बर्फ की चादरें जम गई है। विभाग के अनुसार कश्मीर घाटी, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 5.1 से नीचे है। अनंतनाग जलि के पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 9.2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया था। दक्षिण कश्मीर में, पुलवामा और शोपियां में क्रमशः शून्य से नीचे 7.5 और 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह जम्मू में तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में 3.5, बनिहाल में शून्य से नीचे 0.9, बटोटे में 1.0, भद्रवाह में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री, कठुआ में 6.0, और पुंछ में 1.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा स्थान रहा। लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कारगिल में तापमान शून्य से नीचे 13.2 तक गिर गया।

# रूस का यूक्रेन पर 242 ड्रोन और 35 मिसाइलों में हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं।

हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।



**■ जेलेंस्की बोले: हमले 4 की मौत, दर्जनों घायल**

# अमेरिका दो रूसी नागरिकों को करेगा रिहा

## तीन भारतीयों समेत अन्य के भविष्य पर संशय बरकरार

**मास्को।** रूस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने जिस तेल टैंकर को अपने कब्जे में लिया था, उससे दो रूसी नागरिकों को रिहा करने के लिए अमेरिका मान गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।



**■ जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है**

हालांकि, जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। मामले में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने बुधवार को उत्तरी अटलांटिक में रूसी झंडे वाले टैंकर 'मैरिनेरा' (पूर्व नाम बेला 1) को जब्त कर लिया था। इस जहाज पर कुल मिलाकर 17 यूक्रेनी, छह जार्जियाई, तीन भारतीय और दो रूसी नागरिक सवार थे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि उनके अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला लिया है। जखारोवा ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और अमेरिकी नेतृत्व का आभार जताते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने नागरिकों की जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, रूसी बयान में भारतीयों या अन्य देशों के नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। रूसी विदेश मंत्रालय की यह बयान मास्को द्वारा वाशिंगटन से समुद्री नेविगेशन की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने और उसकी 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को सख्ती से खारिज करने के एक दिन बाद आई है। गुरुवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम वाशिंगटन से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों का पालन करने और मैरिनेरा टैंकर जैसे जहाजों के खिलाफ अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग करते हैं। दूसरी ओर, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट किया कि टैंकर को अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ा गया है।

# पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे: डेनमार्क

## कहा: हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

**कोपनहेगन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

**■ यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था**



बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है। पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि हमारा देश बिकाऊ नहीं है। 1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-आटोनामस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमेरिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें। इस समझौते की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ, जब डेनमार्क नाजी कब्जे में था और उसके वाशिंगटन दूत ने अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। उन्हें डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उस समय अमेरिकी सैनिकों ने द्वीप पर कई आधार बनाए और जर्मनों को हटाया। युद्ध के बाद अमेरिका ने कुछ बेस अपने पास रखे, लेकिन कोल्ड वार खत्म होने पर ज्यादातर बंद कर दिए। अब अमेरिका के पास सिर्फ पिटुफिक स्पेस बेस बचा है, जो मिसाइल ट्रैकिंग करता है। डेनमार्क की भी वहां हल्की मौजूदगी है, जैसे डाग स्लेज वाली स्पेशल फोर्सेस। हाल में डेनमार्क ने अपनी बेस अपग्रेड करने का वादा किया है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है।

